आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 33°C | 23°C |

इनसाइड न्यूज

**सीएम योगी का बड़ा निर्णय:** 30 वर्ष बाद बढ़ेंगे पीडब्ल्यूडी अधिकारियों...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

शनिवार 25 अक्टूबर, 2025 | पेज: 12 | मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 17, अंक: 14 | www.janexpresslive.com/epaper



भारत जल्दबाजी में या बंदूक की नोंक पर...
12

# आंध्र प्रदेश में चलती बस में आग, 20 जिंदा जले

## बाइक टकराकर बस के फ्यूल टैंक में फंसी, इससे आग लगी, 40 यात्री सवार थे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बंगलूरू

आंध्र प्रदेश के कुरनूल जिले के चिन्नातेकुर के निकट एक निजी बस में दोपहिया वाहन से टक्कर के बाद आग लग गई, जिससे इस हादसे में 20 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मरने वालों में बाइक सवार एक व्यक्ति भी शामिल है। हादसे पर पीएम मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शोक जताया है। प्रारंभिक सूचना के अनुसार, बंगलूरू से हैदराबाद जा रही बस में हादसे के दौरान करीब 41 लोग सवार थे। इसमें कहा गया है कि टक्कर के बाद मोटरसाइकिल बस के नीचे आ गयी और इसके ईंधन टैंक का ढक्कन खुल गया जिससे आग लग गई। कुरनूल के जिला कलेक्टर डॉ ए सिरी ने न्यूज एजेंसी एएनआई को बताया, यह दुर्घटना सुबह 3 से 3ः10 बजे के बीच हुई जब बस एक बाइक से टकरा गई, जिससे ईंधन रिसाव हुआ और आग लग गई। 41 यात्रियों में से 21 को सुरक्षित बचा लिया गया है। बाकी 20 में से 11 के शवों की अब तक पहचान हो पाई है। बाकी की पहचान के प्रयास जारी हैं। कुरनूल संभाग के पुलिस उप महानिरीक्षक कोया प्रवीण ने बताया, 19 यात्री, दो बच्चे और दो चालक इस दुर्घटना में बाल-बाल बच गए। पुलिस ने बताया कि शॉर्ट सर्किट के कारण बस का दरवाजा जाम हो गया और कुछ ही मिनटों में बस पूरी तरह जलकर खाक हो गई।



### बस अग्निकांड में हुई मौतों की खबर बेहद दुर्भाग्यपूर्ण: राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को आंध्र प्रदेश में एक बस में आग लगने के कारण लोगों की हुयी मौत पर शोक प्रकट किया और इस दुर्घटना को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया। राष्ट्रपति ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, आंध्र प्रदेश के कुरनूल में एक दुखद बस अग्निकांड में हुई मौतों की खबर बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। मैं शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करती हूं, और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिये प्रार्थना करती हूं।

### तेलंगाना सरकार ने हेल्पलाइन शुरू की

तेलंगाना सरकार ने शुक्रवार को हैदराबाद से बंगलूरू जा रही निजी बस के यात्रियों के परिवारों की सहायता के लिए एक हेल्पलाइन शुरू की। सरकार ने एक विज्ञप्ति में कहा कि मदद के लिए उसके अधिकारियों एम श्रीरामचंद्र (मोबाइल 9912919545) और ई चिट्टीबाबू (मोबाइल 9440854433) से संपर्क किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के निर्देश के बाद यह हेल्पलाइन शुरू की गई। उन्होंने सरकार के मुख्य सचिव के रामकृष्ण राव और पुलिस महानिदेशक शिवधर रेड्डी से बात की। मुख्यमंत्री ने आईएएस अधिकारी एस हरीश और पड़ोसी राज्य तेलंगाना के कुरनूल जिले के गडवाल जिले के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को दुर्घटनास्थल पर पहुँचने और राहत कार्यों का समन्वय करने का निर्देश दिया।

### सीएम चंद्रबाबू नायडू ने शोक प्रकट किया

इससे पहले मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने हादसे के बाद शोक जताते हुए कहा, कुरनूल जिले के चिन्ना टेकुर गांव के पास हुई भीषण बस आग दुर्घटना के बारे में जानकर मुझे गहरा सदमा पहुंचा है। मेरी हार्दिक संवेदनाएं उन परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। सरकारी अधिकारी घायलों और प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान करेंगे।

### घायलों को कुरनूल जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया

हादसे के बाद गहरी नींद में सो रहे यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। जबकि कई लोगों के आग में फंसने की भी खबर सामने आई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को कुरनूल जनरल अस्पताल ले जाया गया। पूरी बस पूरी तरह जल गई। बताया जा रहा है कि ज्यादातर यात्री हैदराबाद शहर के थे। हादसे के तुरंत बाद ड्राइवर फरार हो गए।

### घायलों को दी जाएगी बेहतर चिकित्सा देखभाल

प्रभाकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में बताया कि सरकार घायलों को बेहतर चिकित्सा देखभाल देने के लिए भी कदम उठाएगी। हैदराबाद से बंगलूरू जा रही एक प्राइवेट बस में शुक्रवार को आंध्र प्रदेश के कुरनूल जिले में एक दोपहिया वाहन से टकराने के बाद आग लग गई, जिससे 20 लोगों की मौत हो गई। हादसे में मारे गए लोगों के शव इतनी बुरी तरह से जल गए हैं कि उनकी पहचान करना भी मुश्किल है।

### 10 दिन पहले राजस्थान में जिंदा जल गए थे 22 यात्री

ऐसा ही एक हादसा राजस्थान के जैसलमेर में जैसलमेर-जोधपुर हाईवे पर 14 अक्टूबर की दोपहर 3.30 बजे हुआ था, जब चलती एसी स्लीपर बस में आग लग गई थी। इस हादसे में भी 22 यात्रियों की जिंदा जलने से मौत हो गई थी। आग लगने से बस का गेट लॉक हो गया था, ऐसे में लोगों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला। लोग कांच तोड़कर कूदे और जान बचा लेने की गुहार लगाते रहे। आर्मी ने जेसीबी लगाकर बस का गेट तोड़ा और लोगों का रेस्क्यू किया था। जैसलमेर रूट पर जो बस हादसे का शिकार हुई, उसके अंदर फाइबर की बॉडी और परदे लगे थे। ऐसे में आग जल्दी-जल्दी बढ़ती रही। बस की खिड़कियां कांच की थी। जैसे ही बस की वायरिंग ने आग पकड़ी, इसका दरवाजा लॉक हो गया। अचानक फैली आग से लोगों को बचने का मौका नहीं मिला।

### पीएम मोदी ने हताहतों के प्रति संवेदनाएं प्रकट कीं, आर्थिक मदद का एलान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कुरनूल सड़क हादसे पर दुख जताया है। प्रधानमंत्री कार्यालय के आधिकारिक एक्स हैंडल पर जारी संदेश के मुताबिक पीएम मोदी ने कहा, आंध्र प्रदेश के कुरनूल जिले में हुई दुर्घटना में जान-माल की हानि से अत्यंत दुःखी हूं। इस कठिन समय में मेरी संवेदनाएं प्रभावित लोगों और उनके परिवारों के साथ हैं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।

---

### समस्तीपुर, बेगूसराय में पीएम ने जलवाई मोबाइल लाइट, पूछा, इतनी रोशनी में भी लालटेन की जरूरत है क्या

# राजद-कांग्रेस ने बिहार के भविष्य को अधर में लटकाया: पीएम मोदी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। समस्तीपुर

**बेगूसराय।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बेगूसराय और समस्तीपुर में एनडीए कैंडिडेट्स के पक्ष में चुनावी सभाएं कीं। इस दौरान उन्होंने दोनों ही जगह सभा में मौजूद लोगों से मोबाइल की फ्लैश लाइट जलवाई। उन्होंने पूछा इतनी रोशनी में भी क्या आपको लालटेन की जरूरत है। पीएम ने कहा, कांग्रेस के शासन में मोबाइल बहुत महंगा था। विदेश से मंगवाना पड़ता था। उस वक्त मोबाइल फोन बनाने वाली सिर्फ 2 फैक्ट्री थी, अब 200 से ज्यादा फैक्ट्रियां हैं। एनडीए सरकार में डेटा भी सस्ता है। इस वजह से नौजवानों को कंटेंट क्रिएशन का नया मार्केट मिला है। आज बिहार में ये मोबाइल, ये प्रकाश हर कोई देख रहा है। बेगूसराय में प्रधानमंत्री ने मंच पर ही छठ व्रतियों को सूप बांटे। पीएम ने शारदा सिन्हा को याद किया। प्रधानमंत्री के मंच पर लाइट का इंतजाम नहीं था। मंच पर अंधेरा देख केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने माइक लेकर कहा कि, लाइट वाले स्टेज पर जल्दी लाइट दो।



### समस्तीपुर में पीएम ने 17 बार जंगलराज का जिक्र किया

इससे पहले उन्होंने समस्तीपुर के कर्पूरी ग्राम से अपने चुनाव प्रचार की शुरुआत की। दूधपूरा में एनडीए के प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। अपने 45 मिनट के भाषण में पीएम ने 17 बार जंगलराज का जिक्र किया। पीएम ने मंच से लोगों से अपने मोबाइल की लाइट जलाने को कहा, लोगों ने अपने मोबाइल की फ्लैश लाइट चालू की। इसके बाद उन्होंने पूछा इतनी रोशनी में भी आपको लालटेन की जरूरत है क्या। प्रधानमंत्री ने कहा, दोस्तों पूरा देश देख रहा है, लोगों को लालटेन की जरूरत नहीं है। पीएम ने कहा, %ये हमारी सरकार है जिसने हर घर में इंटरनेट पहुंचाया और इसे इतना सस्ता कर दिया है। दूसरे देशों में एक जीबी डेटा सौ-डेढ़ सौ रुपए में आता है. लेकिन इस चाय वाले ने एक जीबी डेटा को एक कप चाय से ज्यादा महंगा नहीं होने दिया। सस्ते इंटरनेट का फायदा सबसे ज्यादा नौजवानों ने उठाया है। वो वीडियो बनाकर कमाई कर रहे हैं।

### नई रफ्तार से चलेगा बिहार, फिर आएगी एनडीए सरकार

पीएम ने मंच से नारा दिया- नई रफ्तार से चलेगा बिहार, फिर आएगी एनडीए सरकार। प्रधानमंत्री ने कहा, पूरा बिहार कह रहा है फिर एक बार एनडीए सरकार, फिर एक बार सुशासन सरकार। जंगलराज वालों को दूर रखेगा बिहार। पीएम ने कहा, आपका उत्साह देखकर मैं कह सकता हूं नीतीश बाबू के नेतृत्व में एनडीए जीत के सारे पुराने रिकॉर्ड तोड़ सकता है। इस बार बिहार अबतक का सबसे बड़ा जनादेश देगा।

### आरजेडी-कांग्रेस ने बिहार से बदला लिया

प्रधानमंत्री ने कहा, 2005 में अक्टूबर का महीना ही था जब बिहार ने जंगलराज से मुक्ति पाई थी। नीतीश जी के नेतृत्व में एनडीए का सुशासन शुरू हुआ था। लेकिन उस समय केंद्र में कांग्रेस-राजद की सरकार थी। बिहार की परेशानी बढ़ाने में उन्होंने कोई कभी नहीं छोड़ी थी। राजद वाले आपसे बदला ले रहे थे कि आपने नीतीश कुमार की सरकार क्यों बनाई। राजद वाले कांग्रेस को धमकाते थे कि अगर आपने नीतीश जी की बात मानी, कोई प्रोजेक्ट दिया तो हम गठबंधन तोड़ देंगे।

### महालठबंधन में अटक, लटक, झटक, पटक दल

प्रधानमंत्री ने कहा, जब से चुनाव की घोषणा हुई है, हम सब देख रहे हैं। एक तरफ एनडीए है, जहां चिराग जी, कुशवाहा जी, नीतीश जी जैसे समझदार नेता हैं। वहीं दूसरी तरफ लाठियां भांज रहा महालठबंधन है। इस महालठबंधन में अटक,लटक, झटक, पटक दल है। राजद बीते 2 दशक में कोई चुनाव नहीं जीती, लेकिन अपनी अंहकार में अटकी है। इसी अंधकार में जेएमएम को झटक दिया। कांग्रेस 35 साल से बिहार में राजद की पिछलग्गू बनी हुई है, राजद ने इस बार उसको भी पटक दिया। वीआईपी को फटका दिया। लेफ्ट के जो दल हैं, उनको भी लटका दिया। साथियों जब स्वार्थ हावी होता है, लूटखसोट ही हावी होता है। पीएम ने जंगलराज की याद दिलाते हुए कहा, हत्या, रंगदारी, लूट, धमकी का वो दौर जिसने बिहार के फैक्ट्री पर ताले लगवा दिया। ये ताले सिर्फ फैक्ट्री पर नहीं आपके भविष्य पर भी लगे। बेगूसराय-बरौनी को एक दशक पीछे कर दिया। जिस राजद ने बिहार को पलायन का सबसे बड़ा दंश दिया, उसके नेता आज बड़ी-बड़ी बातें करते हैं।

---

### पीएम मोदी ने 51 हजार युवाओं को बांटें नियुक्ति पत्र, कहा, युवा वर्ग का सशक्तिकरण उनकी प्राथमिकता

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में आयोजित 17वें रोजगार मेले में 51 हजार से ज्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटें। प्रधानमंत्री मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कार्यक्रम से जुड़े। इस दौरान अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि देश के युवा वर्ग का सशक्तिकरण उनकी सरकार की प्राथमिकता है। 17वें रोजगार मेले में एक रिकॉर्डेड संदेश में उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे युवा देश है और यहां के युवाओं की ताकत हमारी सबसे बड़ी पूंजी में से एक है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन की सरकार की प्राथमिकता युवा वर्ग है। जीएसटी सुधार से अवसर बढ़ रहे हैं और इससे रोजगार के नए मौके पैदा हो रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा, विश्वास और भरोसे के साथ हम हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं। हमारी विदेश नीति भी भारत के युवाओं के हितों को ध्यान में रखकर बनाई जा रही है। हमारे कूटनीतिक और वैश्विक समझौते युवाओं की ट्रेनिंग और रोजगार पैदा करने पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने कई यूरोपीय देशों के साथ निवेश साझेदारी की है, जिससे हजारों नए रोजगार के मौके पैदा हुए हैं। उन्होंने कहा, हमने निवेश को बढ़ावा देने और स्टार्ट-अप्स सपोर्ट करने के लिए ब्राजील, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया और कनाडा जैसे देशों के साथ कई समझौते भी किए हैं। ये सहयोग निर्यात को मजबूत करेंगे और भारत के युवाओं के लिए विकास और अवसरों के नए रास्ते खोलेंगे।

---

### उत्तराखंड में बीजेपी का मिशन 2027: विधायकों का सर्वे

# नए चेहरों को टिकट की तैयारी शुरू

जन एक्सप्रेस। देहरादून

उत्तराखंड में भाजपा ने मिशन-2027 विधानसभा चुनाव के लिए प्रथम चरण का सर्वे शुरू कर दिया है, जिसके तहत मौजूदा विधायकों के कामकाज और जनता के रिस्पांस को आंका जा रहा है, ताकि कुछ सीटों पर नए चेहरों को मौका दिया जा सके। उत्तराखंड में भाजपा ने अपने मिशन-2027 पर काम शुरू कर दिया। भाजपा ने उत्तराखंड में वर्ष 2027 के संभावित कैंडिडेट तय करने के लिए प्रथम चरण का सर्वे शुरू कर दिया। प्रत्येक विधानसभा में स्थानीय विधायकों के कामकाज के प्रति जनता के रिस्पांस को आंका जाएगा। सूत्रों के अनुसार प्राथमिक सर्वेक्षण के बाद दो सर्वे और होंगे, जो वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के प्रत्याशियों का नाम तय करने का आधार बनेंगे। माना जा रहा है कि खास रणनीति के तहत कुछ सीटों पर मौजूदा विधायकों के टिकट काटते हुए नए चेहरों को भी लाया जा सकता है। भाजपा के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि पार्टी का प्रत्याशी चयन का एक ठोस पैमाना है। जनभावनाओं पर खरा उतर पाने वालों को ही पार्टी चेहरा बनाती है। सर्वे से इसका निर्णय लेने में आसानी रहती है। मालूम हो कि, उत्तराखंड में विस चुनाव वर्ष 2027 में फरवरी मार्च में प्रस्तावित है। अगले साल पूरी तरह से चुनावी वर्ष हो जाएगा। सूत्रों के अनुसार हाल में यह बात भी सामने आई है कि कुछ वरिष्ठ नेता अपनी मौजूदा सीट को बदलने के इच्छुक भी है। वर्तमान सीट पर उम्मीद के अनुसार रिजल्ट न मिलने की आशंका व दूसरे सुरक्षित ठिकाने भी तलाश रहे हैं। इस वजह से भी पार्टी नेतृत्व के सामने में मुश्किल है। ऐसे में सर्वेक्षण के नतीजे भी टिकट देने और टिकट काटने में सहायक साबित होंगे।



### धामी समेत सभी नेताओं की जनता के बीच सक्रियता बढ़ी

मिशन 2027 के तहत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने जनता के बीच ज्यादा से ज्यादा समय बिताना शुरू कर दिया है। सोशल मीडिया पर भी करीब-करीब सभी नेताओं की गतिविधियां बढ़ गई हैं। भाजपा का प्रदेश का मुख्य चेहरा होने की वजह से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सक्रियता भी काफी बढ़ी है। हालांकि धामी बाकी नेताओं के मुकाबले फील्ड में सर्वाधिक सक्रिय रहते हैं, लेकिन अब उनके नए टूर सड़क मार्ग से ज्यादा हो रहे हैं। अभी 16 और 17 अक्तूबर को चंपावत, टनकपुर, खटीमा में धामी ने सड़क मार्ग से पूरा दौरा किया और लोगों के बीच ज्यादा से ज्यादा जाते रहे। अब उनका ग्राम रात्रि विश्राम का सिलसिला भी जल्द ही शुरू होने जा रहा है। दूसरी तरफ, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट भी अपनी नई टीम के साथ सक्रिय हैं।

### कांग्रेस का अब तक संगठन तक नहीं

जहां भाजपा ने अपनी चुनावी तैयारियां शुरू कर दी हैं। वहीं कांग्रेस अभी संगठन के गठन में उलझी है। पर्यवेक्षक इसकी रिपोर्ट हाईकमान को सौंप चुके हैं। लेकिन अब तक अंतिम राय नहीं बन पाई है। कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना कहना है कि पार्टी के 27 संगठनात्मक जिलों का पुनर्गठन जल्द हो जाएगा। इसके बाद 31 दिसंबर तक राज्य के सभी 70 विस क्षेत्रों में शत प्रतिशत बूथ कमेटियां तैयार कर ली जाएंगी।

### मंत्रिमंडल विस्तार की कवायद भी जारी

इस सबके बीच प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार की की कवायद भी जारी है। हालांकि यह दीवाली तक प्रस्तावित था, लेकिन अब बिहार चुनाव की वजह से इसमें कुछ समय और लग सकता है। हालांकि विस्तार की प्रक्रिया विचाराधीन है। इस पर काफी कुछ काम किया जा चुका है। हाईकमान की अनुमति के बाद इसे आकार दे दिया जाएगा।

---


# सुईथाकला ब्लॉक में करोड़ों का निविदा घोटाला: पहले से बने कामों की दोबारा टेंडरिंग, जांच रिपोर्ट दबाई गई?

- योगी सरकार की शुचिता पर सवाल ब्लॉक प्रमुख पर पक्षपात, भ्रष्टाचार और फर्जी भुगतान की तैयारी के आरोप

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जौनपुर

जौनपुर जिले के सुईथाकला ब्लॉक में विकास कार्यों की आड़ में बड़े निविदा घोटाले का मामला गहराता जा रहा है। आरोप है कि ब्लॉक प्रमुख विद्या देवी ने पद का दुरुपयोग करते हुए पहले से पूरे हो चुके कामों की फिर से निविदा निकाल दी, ताकि फर्जी भुगतान का रास्ता बनाया जा सके। मामला अब विधानसभा और मुख्यमंत्री कार्यालय तक पहुंच गया है।







### बड़ा खुलासा: पहले से बने कामों पर दोबारा टेंडर

करीब आधा दर्जन से ज्यादा क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने सभापति पंचायतीराज, लखनऊ को लिखित शिकायत दी है। इसके साथ उन्होंने हलफनामा भी सौंपा है। शिकायत में कहा गया है कि प्रमुख ने ÷नियमों को ताक पर रखकर÷ उन परियोजनाओं के लिए भी निविदाएं जारी कर दीं, जिनका निर्माण पहले ही पूरा हो चुका था। सदस्यों का कहना है ÷यह कोई गलती नहीं, बल्कि सरकारी धन की बंदरबांट की साजिश है। योजनाओं की फाइलें दुरुस्त की जा रही हैं ताकि भुगतान करवाया जा सके।

### नौ बिंदुओं में खुला भ्रष्टाचार का पिटारा

शिकायतकर्ताओं में कविता वर्मा सहित कई सदस्यों ने अपने हलफनामे में नौ बिंदुओं पर गड़बड़ियों की सूची दी है। आरोप है कि शासन की प्राथमिक योजनाओं को ठंडे बस्ते में डालकर राजनीतिक लाभ वाले कार्यों को प्राथमिकता दी गई। पूरा ब्लॉक एकतरफा चलाया जा रहा है। पारदर्शिता खत्म हो गई है, और जनप्रतिनिधियों को नजरअंदाज किया जा रहा है, शिकायतकर्ताओं ने लिखा है।



जौनपुर के सुईथाकला में पुराने कार्यों की नई निविदा से मचा बवाल!

बीडीसी सदस्यों ने प्रमुख पर लगाए गंभीर आरोप | डीएम को सौंपा ज्ञापन, जांच व कार्रवाई का मिला आश्वासन

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

### जिला प्रशासन अलर्ट, कार्रवाई पर सस्पेंस

सूत्र बताते हैं कि जिला प्रशासन ने पूरे प्रकरण पर नजर रखी हुई है। अगर आरोप सही पाए गए, तो प्रमुख पर सख्त कार्रवाई तय मानी जा रही है। लेकिन अब तक कोई ठोस कदम न उठाए जाने से ग्रामीणों में नाराजगी है। एक स्थानीय ने कहा हर बार जांच होती है, पर कार्रवाई कभी नहीं। यह भी वैसा ही मामला लगता है।

### लखनऊ तक पहुंची गूंज, सरकार की पारदर्शिता पर सवाल

सुईथाकला ब्लॉक का यह मामला अब लखनऊ के गलियारों तक पहुंच गया है। शिकायतकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि अगर जिला स्तर पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे सीधे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से न्याय की गुहार लगाएंगे। अब सबकी निगाहें इस बात पर हैं कि क्या सरकार प्रदेश स्तरीय जांच समिति गठित करेगी या फिर यह मामला भी अन्य पंचायत घोटालों की तरह फाइलों में दफन हो जाएगा।

### अपने गांव में ही केंद्रित 'विकास'

सबसे गंभीर आरोप यह है कि प्रमुख ने अपने गांव और नजदीकी क्षेत्रों में ही विकास योजनाओं को केंद्रित कर दिया। इससे बाकी ग्रामसभाओं के काम ठप हो गए। ग्रामीणों का कहना है सड़क, नाली और मरम्मत कार्य सिर्फ कुछ गांवों में हुए हैं, बाकी सब फाइलों पर पूरे दिखा दिए गए। असली विकास तो कागजों में है, जमीन पर नहीं।

### जांच टीम बनी, पर रिपोर्ट गायब

गंभीर आरोपों के बाद खंड विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह ने तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की थी। टीम को एक सप्ताह में रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन दो हफ्ते से ज्यादा बीतने के बावजूद रिपोर्ट न तो सार्वजनिक हुई, न आगे भेजी गई। सूत्रों के मुताबिक, रिपोर्ट तैयार हो चुकी है, लेकिन उसे ऊपर से दबाया गया। इस देरी ने पंचायत सदस्यों में अविश्वास और आक्रोश दोनों बढ़ा दिए हैं।

### जांच निष्पक्ष होगी: बीडीओ

बीडीओ जितेंद्र कुमार सिंह का कहना है कि जांच टीम ने 10 से 15 स्थलों का निरीक्षण किया है, कुछ जगहों की जांच बाकी है। हम किसी दबाव में नहीं हैं। रिपोर्ट पूरी तरह तथ्यों पर आधारित होगी और जल्द ही तैयार कर दी जाएगी। हालांकि, स्थानीय लोग सवाल उठा रहे हैं अगर जांच निष्पक्ष है तो रिपोर्ट छिपाई क्यों जा रही है?

# खाद की किल्लत के चलते किसान परेशान, एसडीएम मारा छापा

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



राजापुर तहसील क्षेत्र में किसानों को रबी सीजन की बुवाई के लिए खाद प्राप्ति में होने वाली समस्याओं के दृष्टिगत शुक्रवार को उप जिलाधिकारी फूलचंद यादव ने डीसीएफ राजापुर का औचक निरीक्षण कर खाद वितरण व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही सम्बन्धितों को पारदर्शितापूर्वक खाद वितरण करने के निर्देश दिए।

खाद वितरण केन्द्र के निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी ने सम्बन्धितों को टोकन व्यवस्था को सख्ती से लागू करने व पारदर्शितापूर्वक और नियमानुसार खाद वितरण के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि खाद वितरण में किसी भी प्रकार की कालाबाजारी या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीसीएफ संचालक रोहित सिंह सरकार ने बताया कि केन्द्र में केवल 400 बोरी खाद उपलब्ध है, जिसे प्रशासनिक निगरानी और पुलिस बल की मौजूदगी में वितरित किया जा रहा है। किसान शिवनंदन यादव, मनोज द्विवेदी और राजा यादव ने बताया कि लघु और सीमांत किसानों को सिर्फ एक या दो बोरी खाद ही मिल रही है। जिसके लिए किसान घंटों लाइन में खड़े रहने को मजबूर है। इस पर उपजिलाधिकारी फूलचंद यादव ने कहा कि किसानों की समस्या प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। निर्देश दिए कि सभी समितियों में बिना टोकन के किसी भी व्यक्ति को खाद न दें। कहा कि वितरण व्यवस्था पूरी तरह से पारदर्शी रखी जाए। अवैध बिक्री या जमाखोरी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने किसानों की सुरक्षा के लिए यातायात नियंत्रित करने तथा अतिरिक्त खाद की आपूर्ति के लिए शासन को रिपोर्ट भेजने के भी निर्देश दिए। उन्होंने किसानों से अपील की कि अफवाहों पर ध्यान न दें, सभी किसान को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाएगी।

# थाना मटौंध पुलिस ने गोली मारकर व्यक्ति की हत्या करने वाले 03 अभियुक्तों को 24 घण्टे के भीतर किया गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा बरामद

जन एक्सप्रेस। बांदा



पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने, वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा अवैध शस्त्रों का संग्रहण, निर्माण व बिक्री करने वाले अभियुक्तों पर की जा रही कार्यवाही के क्रम में दिनांक 23अक्टूबर की रात्रि को थाना मटौंध पुलिस द्वारा मामूली विवाद में व्यक्ति की गोली मारकर हत्या करने वाले 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस बरामद किया गया है। गौरतलब हो कि दिनांक 22अक्टूबर को थाना मटौंध क्षेत्र के ग्राम त्रिवेणी में मामूली विवाद में व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस सम्बन्ध में मृतक के पुत्र की तहरीर पर थाना मटौंध पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीमों को गठन किया गया था । दिनांक 23अक्टूबर को सूचना के 24 घण्टे के भीतर पुलिस द्वारा बाईपास से त्रिवेणी जाने वाले मार्ग से मुख्य आरोपी मनीष व अन्य दो सहयोगी प्रदीप तथा गंगा को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस, दो अदद मोबाइल सहित 400 रूपए नगद बरामद किए गए ।

बरामदगी-01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर (घटना में प्रयुक्त ),01 अदद् जिन्दा कारतूस,02 अदद मोबाइल,400 रुपए नगद

गिरफ्तार अभियुक्त-मनीष पुत्र प्रदीप निवासी ग्राम त्रिवेणी थाना मटौंध,गंगा पुत्र कमलेश निवासी ग्राम त्रिवेणी थाना मटौंध,प्रदीप पुत्र राम मनोहर निवासी ग्राम त्रिवेणी थाना मटौंध।

गिरफ्तार करने वाली टीम-थानाध्यक्ष मटौन्ध संदीप कुमार,उ0नि0 दारा सिंह,कां0 खेमराज,कां0 अजय,कां0 प्रमोद कुमार आदि मौजूद रहे।

# थाना तिन्दवारी पुलिस ने पीएसी के सिपाही पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

### आरोपी व उसके पारिवारिकध्पड़ोसी 03 अभियुक्तों को 24 घण्टे के अंदर किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। बांदा



पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना तिन्दवारी पुलिस द्वारा पीएसी के सिपाही पर जानलेवा हमला करने वाले उसके पारिवारिकध्पड़ोसी 03 अभियुक्तों को सूचना के 24 घण्टे के भीतर गिरफ्तार कर लिया गया है । गौरतलब हो कि थाना तिन्दवारी क्षेत्र के ग्राम परसौड़ा के रहने वाले शिवशरन पुत्र भवन ने दिनांक 23अक्टूबर को थाना तिन्दवारी पर सूचना दी कि उनके पुत्र सुनील जो प्रयागराज में पीएसी में सिपाही के पद पर तैनात है, को उनके ही पारिवारिक व पड़ोसी लोगों नें धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर गम्भीर रुप से चोट पहुंचा दिया है। जिसके सम्बन्ध में थाना तिन्दवारी पर अभियोग पंजीकृत करते हुए सूचना के 24 घंटे के भीतर घटना को अंजाम देने वाले 03 अभियुक्तों को ग्राम गोखरही से गिरफ्तार किया गया ।

गिरफ्तार अभियुक्त-दिव्यांश उर्फ छुटकू पुत्र देवराज निवासी परसौड़ा थाना तिन्दवारी,आशीष पुत्र देवराज निवासी निवासी परसौड़ा थाना तिन्दवारी,बलबीर उर्फ बबलू पुत्र श्रीपाल निवासी निवासी परसौड़ा थाना तिन्दवारी।

गिरफ्तारी करने वाली टीम-महिला उप निरीक्षक रोशनी सेंगर चौकी प्रभारी कुरसेजा,उ0नि0 उत्कर्ष सिंह,म0कां0 ज्योति शुक्ला,का0 आशीन कुमार,कां0 रुपेन्द्र आदि मौजूद रहे।

# रक्तवीरों ने चार जरूरतमंदों को रक्तदान कर बचाई जान



जन एक्सप्रेस। बांदा

सेवर्स ऑफ लाइफ संस्था(ए ब्लड डोनेशन नेटवर्क )जो 8 वर्षों से निरंतर रक्त की कमी से जूझ रहे मरीजों,रक्त के जरूरतमंदों के लिए कार्य करती है के द्वारा प्रतिदिन जरूरतमंदों को रक्तवीरों के रक्त उपलब्ध करा कर उनकी जान बचाने का कार्य कर रही है।इसी क्रम में चार जरूरतमंदों को रक्तवीरों ने क्रमशः अमित साहू, हिमांशु गुप्ता,मिथुन पुरुषवानी, रईस अंसारी ने रक्तदान कर जीवनदान देने का कार्य किया है। संस्था के अध्यक्ष सलमान खान,सलाहकारध्मीडिया प्रभारी सुनील सक्सेना ने रक्त वीरों को हृदय से बधाई दी है और इस नेक काम के लिए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है वह निरंतर इस प्रकार की मानव सेवा के कार्यों में योगदान कर सफलता की ओर अग्रसर रहें ऐसी हम सभी कामना करते हैं। हमारी संस्था सभी लोगों से अपील करती है कि जरूरतमंदों को रक्तदान कर उनको जीवन दान देने का कार्य करें ताकि खून की कमी से किसी की जान ना जा सके ऐसा प्रयास करने का संकल्प ले। रक्तदान के समय में आसिफ अंसारी मुख्य सदस्य,आदित्य मिश्रा रोहित साहू, पंकज जैसवाल,नौशाद,प्रमोद यादव आदि उपस्थित रहे।

# थाना कमासिन पुलिस ने अवैध तमंचा से पिता को धमकाने वाले पुत्र को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। बांदा



पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध शस्त्रों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना कमासिन पुलिस द्वारा अवैध तमंचा लेकर पिता को धमकाने वाले पुत्र को पिता की शिकायत पर अवैध तमंचा के साथ गिरफ्तार किया गया। गौरतलब हो कि थाना कमासिन क्षेत्र के बेनामऊ के रहने वाले सदाशिव ने थाना कमासिन पर सूचना दी कि उसका उसका पुत्र गया प्रसाद उसे अवैध तमंचा लेकर डराता है । सूचना पर पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना कमासिन पुलिस द्वारा अभियुक्त को ग्राम मुसीवा से गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी में उसके कब्जे से 01 अवैध तमंचा व 01 जिन्दा कारतूस बरामद हुआ ।

बरामद-01 अवैध तमंचा 315 बोर,01 जिन्दा कारतूस 315 बोर

गिरफ्तार अभियुक्त-गया प्रसाद पुत्र सदाशिव निवासी बेनामऊ थाना कमासिन।

गिरफ्तारी करने वाली टीम-उ0नि0 दीपक कुमार सैनी,उ0नि0 श्री अनुराग सिंह,कां0 गोरख प्रसाद,कां0 मुकेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# आज से शुरु होगी श्रीमद्भागवत कथा

**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय के कसहाई रोड बल्दाऊ गंज मे 25 अक्टूबर शनिवार से श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हो रहा है। श्रीवास्तव परिवार द्वारा आयोजित इस सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में कथावाचक अनुराग शास्त्री श्रोताओं को भागवत कथा सुनाएंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ शनिवार सुबह 11 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। कथा व्यवस्थापक अखिलेश श्रीवास्तव उमेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि शनिवार शाम को भक्ति, ज्ञान और वैराग्य के निरूपण के साथ आत्मदेव, गोकर्ण और धुंधकारी की कथा होगी। 26 अक्टूबर को शिव-पार्वती विवाह, 27 अक्टूबर को ध्रुव, भरत, प्रह्लाद चरित्र और वामन अवतार की पवित्र झांकी प्रस्तुत होगी। 28 को सूर्यवंश व चंद्रवंश का निरूपण, श्रीराम जन्मोत्सव एवं चंद्रवंश का वर्णन होगा। 29 को बाल लीला, गोकुल लीला, वृंदावन लीला और गोवर्धन पूजा का आयोजन किया जाएगा। 30 को श्रीकृष्ण की मथुरा गमन, कंस वध, गोपी उत्सव संवाद एवं कृष्ण रुक्मिणी विवाह महोत्सव की कथा होगी। 31 को सुदामा चरित्र, विवाह प्रसंग और श्रीमदभागवत कथा का सारांश व अंतिम श्लोक का वाचन किया जाएगा। 1 नवंबर को हवन एवं समापन 2 नवंबर महाप्रसाद वितरण के साथ होगा। इस पवित्र अवसर पर कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, कंचन लता श्रीवास्तव, आदित्य कुमार श्रीवास्तव, अरुण कुमार श्रीवास्तव, ललित श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, सरोज श्रीवास्तव, पूनम श्रीवास्तव, पियूष, अंकित, ऋषि, मनु ,हिमांशु, शुभ, साहिल, सोम, मान्या, आदित्य, दिव्यांश, मिस्ठी, निधि, अद्वैत, आरुष, अनिका, आद्यया परिवार ने समस्त ग्रामवासियों व श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि वे उचित समय निकालकर कथा श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त करें।

# सरदार बल्लभ भाई पटेल जयंती पर रहेगी, कार्यक्रमों की धूम

जन एक्सप्रेस। हमीरपुर




कलेक्ट्रेट के डॉ एपीजे अब्दुल कलाम मीटिंग हाल में राज्य मंत्री जलशक्ति विभाग के साथ ही जिले के प्रभारी मंत्री रामकेश निषाद की अध्यक्षता में सरदार बल्लभाई पटेल की 150वीं जयन्ती पर आयोजित होने वाली पदयात्रा और कार्यक्रम की तैय्यारियों को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सरदार बल्लभभाई पटेल की जयन्ती 31 अक्टूबर 2025 के मौके पर पदयात्रा का आयोजन किया जायेगा। इसके साथ ही सफाई अभियान, स्वदेशी मेले, नशा मुक्ति अभियान, सरदार पटेल की विरासत पर सेमिनार और वाद विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इन कार्यक्रमों को माई भारत पोर्टल पर अपलोड कराये जाने के निर्देश जिम्मेदारों को दिये गये। पदयात्रा में खासतौर से राष्ट्रीय नेता, युवा प्रतिनिधि और स्वयंसेवक के साथ ही मंगल दल के सदस्यों के साथ ही स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों को शामिल किया जाय। प्रभारी मंत्री ने कहा कि सरदार बल्लभभाई पटेल की 150वीं जयन्ती मनाये जाने के बारे में शासन की तरफ से विस्तृत दिशा निर्देश दिए गये हैं। बैठक में विधायिका राठ मनीषा अनुरागी, पुलिस कप्तान डॉ दीक्षा शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी अरूण कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ गीतम सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त, राजस्व विजय शंकर तिवारी, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सुरेश कुमार, अपर जिलाधिकारी जस्टिस रिजवाना शाहिद, प्रभागीय वनाधिकारी अनिल श्रीवास्तव, उपजिलाधिकारी पैगाम हैदर सहित अधिकारी,कर्मचारी मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने कृषि केन्द्र का लिया जायजा

जन एक्सप्रेस। हमीरपुर



जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने किया कुरारा के कृषि प्रौद्योगिकी केन्द्र का लिया जायजा। जायजे के दौरान केन्द्र में संचालित कृषि योजनाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, तकनीकी सहायता और किसानों को दी जा रही सहूलियतों को परखा गया। बैठक में कृषि विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों और क्षेत्रीय किसानों से बातचीत करते हुए केन्द्र के काम करने के तरीकों की जानकारी हासिल की, साथ ही किसानों की इनकम बढाने के लिये नई टैक्नीक और स्कीम के ज्यादा प्रचार-प्रसार पर बल दिया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज, खाद और तकनीकी सलाह वक्त से उपलब्ध कराई जाये, साथ ही ट्रेनिंग प्रोग्रामों को बेहतर तरीके से आयोजित किया जाय। इस मौके पर पुलिस कप्तान दिक्षा शर्मा ने कानून व्यवस्था और सुरक्षा की नजर से जरुरी दिशा-निर्देश दिये गये, साथ ही अधिकारियों को सहयोगात्मक कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। जायजे के दौरान अधिकारियों ने किसानों की परेशानियों को गौर से सुना साथ ही उनके फौरन डिस्पोजल का वादा किया।

# खेलकूद से बच्चों का होता है शारीरिक व मानसिक विकास: डीएम

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

चित्रकूट इण्टर कॉलिज में 27वें जनपदीय बालक-बालिका खेलकूद समारोह का उद्घाटन जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा ध्वज फहराकर किया गया। इसके पूर्व उन्होंने मार्चपास्ट की सलामी ली। इस दौरान गत वर्ष के चैम्पियन खिलाड़ियों ने मशाल लेकर फील्ड का एक चक्कर लगाया।

समारोह में जिलाधिकारी ने कहा कि बालक-बालिकाओं के लिये खेलकूद बहुत महत्वपूर्ण है। खेलकूद से शारीरिक व मानसिक विकास होता है। सरकार खेलकूद को बढावा दे रहीं है। जिला स्टेडियम में खेलकूद की सुविधाये मुहैयां हैं। यहां के खिलाडी स्टेडियम में जाकर नियमित अभ्यास करके अपनी खेल प्रतिभा को विकसित कर सकते हैं। पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ने खेलों को बढावा दिया है। खेल के क्षेत्र में चित्रकूट जनपद आगे बढे, इसके लिये शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद में भी ज्यादा से ज्यादा छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया जाये। इस दौरान छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं। प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चैहान ने सभी शिक्षकों से निष्पक्ष तरीके से प्रतियोगितायें सम्पादित कराने की अपील की। उद्घाटन समारोह का संचालन राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक मइयादीन पटेल, हनुमान प्रसाद ने किया। प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन में फील्ड संचालक श्रीकेशन, अवधेश कुमार सिंह, संजय यादव, अनिल सिंह यादव, श्यामसुन्दर यादव, डॉ रमेश सिंह चंदेल, भरत सिंह तोमर, रामबचन सिंह, ऋषिकुमार शुक्ला, लालमन, आलोक शुक्ला, विनोद सिंह, जय सिंह, अंकुर सिंह, तीरथ कुशवाहा, शक्ति प्रताप सिंह तोमर, हरगोबिन्द सिंह, विजय पाण्डेय, गौरीश आदि का योगदान रहा। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे, आनन्द त्रिपाठी, जिला रैली के अध्यक्ष डीआईओएस रविशंकर, प्रधानाचार्य रूद्र नारायण पाण्डेय, राकेश प्रताप सिंह चंदेल, डॉ राजीव पाठक, गोबर्धन सिंह, शिवशंकर चैधरी, डॉ सियाराम सिंह, विजय कुमार सोनी, रजनीश मिश्रा, छोटेलाल, धर्मेन्द्र सिंह, कल्पना राजपूत, वीरसेन त्रिपाठी, राकेश सिंह, अनुपम सिंह, प्रधान कर्वीमाफी बद्री प्रसाद पटेल आदि मौजूद रहें।

## बैंक एवं वित्तीय संस्थानों में पुलिस ने चलाया जांच अभियान

**चित्रकूट।** जनपद में सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने के दृष्टिगत समस्त थानों की पुलिस टीम ने शुक्रवार को क्षेत्रान्तर्गत आने वाले बैंक व वित्तीय संस्थानों में जांच अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस टीम ने बैंक सुरक्षा रजिस्टर को चेक किया तथा ड्यूटि में तैनात पुलिसकर्मियों को सुरक्षा सम्बन्धी आवश्यक निर्देश दिए व सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने को कहा। इसके अलावा टीम ने बैंक में लगे अलार्म-सायरन, सीसीटीवी कैमरे आदि का भी निरीक्षण कर चेक किया तथा शाखा प्रबंधकों से सुरक्षा सम्बन्धी वार्ता भी की। निरीक्षण के दौरान बैंक परिसर में संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी एवं अनावश्यक रूप से बैठे व्यक्तियों को परिसर से बाहर किया गया।

## परेड की सलामी लेकर एसपी ने किया पुलिस लाइन का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

चित्रकूट- पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने शुक्रवार को पुलिस लाइन्स में साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया तथा सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने परेड में उपस्थित पुलिसकर्मियों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ, तत्पर और अनुशासन बनाए रखने के लिए विभिन्न प्रकार के शारीरिक व्यायाम कराए। साथ ही स्वास्थ्य लाभ के दृष्टिगत परेड की दौड़ भी करायी तथा प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने परेड में शामिल अधिकारियों व कर्मचारियों को अनुशासन, एकरूपता और कर्तव्यनिष्ठा के संबंध में भी बताया।

# मेधावी विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

सावित्री बाई फुले मेधा समिति द्वारा गाँव संग्रामपुर एवं बरमपुर में कार्यक्रम का आयोजन कर के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समिति के अध्यक्ष विजय सिंह ने बताया कि बालिका शिक्षा की जननी माँ सावित्री बाई फुले के नाम पर गठित इस समिति का उद्देश्य गाँव के अध्ययनरत विद्यार्थियों के कला कौशल के प्रदर्शन, सामाजिक, शैक्षणिक, रचनात्मक नेतृत्व को बढ़ावा देना, सरकारी, अर्द्ध सरकारी, गैर सरकारी संस्थाओं में अपनी सेवा दे चुके एवं वर्तमान में सेवारत अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रोत्साहित करना आदि है। जिसके लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा बोर्ड बरेली के लक्ष्मी प्रसाद ने बच्चों में छिपी प्रतिभाओं को निखारने पर जोर देने की बात की। जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती ने संविधान में निर्दिष्ट कर्तव्यों का बोध कराया। पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल ने सम्मान कार्यक्रम के माध्यम से राष्ट्र के भविष्य बच्चों को प्रोत्साहित करने पर बल दिया। परहित सेवा संस्थान के निदेशक प्रभाकर सिंह ने बच्चों को उपहार स्वरुप जूस भेंट किया। सम्मान समारोह में खुशबू देवी, नीरज, श्रृद्धा देवी, काजल, आकांक्षा देवी, प्रिंस, संतोष कुमार, प्रशांत सिंह, आशीष, आदर्श, सम्भास्कर, ईशा, माधुरी, इन्दू, आलोक कुमार, अनीता देवी, प्रांशु सिंह, सुमिला, रागिनी को सम्मानित किया गया।

# ददरी ग्राम पंचायत में किया गया मानसिक स्वास्थ्य मेले का आयोजन

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट




मऊ क्षेत्र के ददरी ग्राम पंचायत में शुक्रवार को मानसिक स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ मुख्य चिकित्साधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर एवं माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। मानसिक स्वास्थ्य मेले में विभिन्न गांवों के 370 मरीजों का उपचार किया गया।

मानसिक स्वास्थ्य मेंले में जनपद के मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ नरेन्द्र देव द्वारा विभिन्न गाँवो से आये हुये लगभग 370 विभिन्न मरीजों का उपचार किया गया। साथ ही विभिन्न प्रकार के मरीजों का उपचार एवं गर्भवती महिलाओं की जॉच, टीकाकरण तथा एनसीडी स्क्रीनिंग का कार्य किया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोंगो को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। ज्यादातर लोग इस बीमारी को नहीं जान पाते और इधर-उधर भटक कर समय और पैसा दोनो बर्बाद करते है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मऊ के अधीक्षक डॉ हारून ने ग्रामीणों को सीएचसी में दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं के विषय में जानकारी दी। इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सतोष, डॉ प्रखर निगम, डॉ आशुतोष जायसवाल, ग्राम प्रधान ज्ञान सिंह, ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक धर्मवीर सिंह, ब्लाक कम्युनिटी प्रोसेस प्रबन्धक शीलनिधि खरे आदि मौजूद रहे।

# लखनऊ एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, शनिवार, 25 अक्टूबर, 2025






### आतंक के पीड़ित और गुनहगार एक नहीं...

संयुक्त राष्ट्र की 80वीं वर्षगांठ पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को पाकिस्तान पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के पीड़ितों और गुनहगारों को एक तराजू में तोलना न केवल अन्याय है, बल्कि वैश्विक व्यवस्था के लिए खतरा भी है... पढ़ें पेज 12 पर...

# सीएम योगी का बड़ा निर्णय: 30 वर्ष बाद बढ़ेंगे पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के वित्तीय अधिकार

## वर्ष 1995 में तय सीमाएं अब पुरानी, लागत बढ़ने के अनुरूप अब हो रहा वित्तीय अधिकारों का पुनर्निर्धारण

- मुख्य अभियंता को अब 10 करोड़, अधीक्षण अभियंता को ?5 करोड़ तक कार्य स्वीकृति का अधिकार
- अधिशासी अभियंता और सहायक अभियंता के अधिकारों में भी बढ़ोतरी से निर्णय प्रक्रिया होगी त्वरित
- उत्तर प्रदेश अभियंता सेवा (लोक निर्माण विभाग) (उच्चतर) नियमावली, 1990 में होगा संशोधन



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लोक निर्माण विभाग के विभागीय अधिकारियों के वित्तीय अधिकारों में पाँच गुना तक की वृद्धि किए जाने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि बदलावों से विभागीय अधिकारियों को निर्णय लेने में अधिक स्वायत्तता प्राप्त होगी। उच्च स्तर पर अनुमोदन की आवश्यकता घटने से निविदा, अनुबंध गठन एवं कार्यारंभ की प्रक्रिया में गति आएगी। यह सुधार वित्तीय अनुशासन बनाए रखते हुए प्रशासनिक दक्षता और पारदर्शिता को बढ़ाने में सहायक होगा। शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग की बैठक में यह तथ्य सामने आया कि विभाग के अधिकारियों के वित्तीय अधिकार वर्ष 1995 में निर्धारित किए गए थे। इस बीच निर्माण कार्यों की लागत में पाँच गुना से अधिक की वृद्धि हुई है। कॉस्ट इन्फ्लेशन इंडेक्स के अनुसार वर्ष 1995 की तुलना में वर्ष 2025 तक लगभग 5.52 गुना वृद्धि दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में वित्तीय अधिकारों का पुनर्निर्धारण आवश्यक है, जिससे निर्णय प्रक्रिया में तेजी आए और परियोजनाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध रूप से किया जा सके। अपर मुख्य सचिव, लोक निर्माण विभाग ने मुख्यमंत्री को सिविल, विद्युत एवं यांत्रिक कार्यों के लिए वित्तीय अधिकारों की वर्तमान व्यवस्था की जानकारी दी। विमर्श के उपरांत निर्णय लिया गया कि सिविल कार्यों के लिए अधिकारियों के वित्तीय अधिकारों की सीमा अधिकतम पाँच गुना तक तथा विद्युत एवं यांत्रिक कार्यों के लिए कम से कम दो गुना तक बढ़ाई जाएगी। मुख्यमंत्री के निर्णय के अनुसार मुख्य अभियंता को अब ?2 करोड़ के स्थान पर ?10 करोड़ तक के कार्यों की स्वीकृति का अधिकार होगा। अधीक्षण अभियंता को ?1 करोड़ से बढ़ाकर ?5 करोड़ तक के कार्यों की स्वीकृति का अधिकार दिया जाएगा। अधिशासी अभियंता के वित्तीय अधिकार ?40 लाख से बढ़ाकर ?2 करोड़ किए जाएंगे। सहायक अभियंता को भी सीमित दायरे में टेंडर स्वीकृति एवं छोटे कार्यों की अनुमति देने के अधिकार बढ़ाए जाएंगे। बता दें कि यह पुनर्निर्धारण तीन दशकों के बाद होने जा रहा है। बैठक में उत्तर प्रदेश अभियंता सेवा (लोक निर्माण विभाग) (उच्चतर) नियमावली, 1990 में संशोधन के माध्यम से विद्युत एवं यांत्रिक संवर्ग की सेवा संरचना, पदोन्नति व्यवस्था तथा वेतनमान के पुनर्गठन से जुड़े प्रस्तावों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में बताया गया कि नियमावली में किया जा रहा यह संशोधन विभागीय अभियंताओं की सेवा संरचना को वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप बनाने के उद्देश्य से किया गया है। संशोधित नियमावली में विद्युत एवं यांत्रिक संवर्ग में पहली बार मुख्य अभियंता (स्तर-एक) का नया पद सम्मिलित किया गया है। इसके साथ मुख्य अभियंता (स्तर-दो) और अधीक्षण अभियंता के पदों की संख्या में वृद्धि की गई है। नवसृजित पदों को नियमावली में समाहित करते हुए उनके पदोन्नति स्रोत, प्रक्रिया और वेतनमान को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है, जिससे सेवा संरचना अधिक पारदर्शी और संगठित हो सके। बैठक में यह भी बताया गया कि मुख्य अभियंता (स्तर-एक) के पद पर पदोन्नति अब मुख्य अभियंता (स्तर-दो) से वरिष्ठता के आधार पर की जाएगी। इसी प्रकार मुख्य अभियंता (स्तर-दो) और अधीक्षण अभियंता के पदों पर भी पदोन्नति की प्रक्रिया को नियमावली में स्पष्ट किया गया है। सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुरूप अधिशासी अभियंता से लेकर मुख्य अभियंता (स्तर-एक) तक के पदों के वेतनमान और मैट्रिक्स पे लेवल भी निर्धारित किए गए हैं। इसके साथ चयन समिति की संरचना को अद्यतन किया गया है, ताकि पदोन्नति और नियुक्ति की कार्यवाही अधिक पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ की जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोक निर्माण विभाग राज्य की विकास परियोजनाओं के क्रियान्वयन में एक प्रमुख विभाग है, इसलिए अभियंताओं की सेवा नियमावली को समयानुकूल, व्यावहारिक और पारदर्शी बनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि योग्यता, अनुभव और वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति व्यवस्था से विभाग की कार्यकुशलता, तकनीकी गुणवत्ता और सेवा भावना को नई दिशा मिलेगी।

### वित्तीय अधिकारों का पुनर्निर्धारण आवश्यक

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में वित्तीय अधिकारों का पुनर्निर्धारण आवश्यक है, जिससे निर्णय प्रक्रिया में तेजी आए और परियोजनाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध रूप से किया जा सके। अपर मुख्य सचिव, लोक निर्माण विभाग ने मुख्यमंत्री को सिविल, विद्युत एवं यांत्रिक कार्यों के लिए वित्तीय अधिकारों की वर्तमान व्यवस्था की जानकारी दी। विमर्श के उपरांत निर्णय लिया गया कि सिविल कार्यों के लिए अधिकारियों के वित्तीय अधिकारों की सीमा अधिकतम पांच गुना तक व विद्युत एवं यांत्रिक कार्यों के लिए कम से कम दो गुना तक बढ़ाई जाएगी।

### पदोन्नति अब वरिष्ठता के आधार पर की जाएगी

बैठक में यह भी बताया गया कि मुख्य अभियंता (स्तर-एक) के पद पर पदोन्नति अब मुख्य अभियंता (स्तर-दो) से वरिष्ठता के आधार पर की जाएगी। इसी प्रकार मुख्य अभियंता (स्तर-दो) और अधीक्षण अभियंता के पदों पर भी पदोन्नति की प्रक्रिया को नियमावली में स्पष्ट किया गया है। सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुरूप अधिशासी अभियंता से लेकर मुख्य अभियंता (स्तर-एक) तक के पदों के वेतनमान और मैट्रिक्स पे लेवल भी निर्धारित किए गए हैं। इसके साथ चयन समिति की संरचना को अद्यतन किया गया है, ताकि पदोन्नति और नियुक्ति की कार्यवाही अधिक पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ की जा सके। सीएम के साथ बैठक में मुख्य सचिव एसपी गोयल, अपर मुख्य सचिव वित्त एवं आईआईडीसी दीपक कुमार, पीडब्ल्यूडी के प्रमुख सचिव अजय चौहान, विभागाध्यक्ष एके द्विवेदी और मुख्य अभियंता यूके सिंह भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोक निर्माण विभाग राज्य की विकास परियोजनाओं के क्रियान्वयन में एक प्रमुख विभाग है, इसलिए अभियंताओं की सेवा नियमावली को समयानुकूल, व्यावहारिक और पारदर्शी बनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि योग्यता, अनुभव और वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति व्यवस्था से विभाग की कार्यकुशलता, तकनीकी गुणवत्ता और सेवा भावना को नई दिशा मिलेगी।

# लखनऊ से नैमिषारण्य विशिष्ट अतिथि गृह में आयोजित प्रेसवार्ता में कैबिनेट मंत्री भाजपा के पदाधिकारी हुए शामिल

- लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के पर हर संसदीय क्षेत्र के सभी जिलों में 3 दिन तक 8-10 किमी लंबी पदयात्रा होगी: सुरेश खन्ना




**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर सरदार पटेल के सपनों के अनुरूप समाज के हर वर्ग में एकता देशभक्ति और राष्ट्र सेवा की भावना को जागृत करने के उद्देश्य से 31 अक्टूबर को सरदार 150 यूनिटी मार्च का आयोजन किया जाएगा। सभी जिला स्तर पर 31 अक्टूबर को यूनिटी पदयात्रा से आरंभ होकर विभिन्न आयोजन और पदयात्राएं 25 नवंबर तक चलेंगे। राष्ट्रीय स्तर पर 26 नवंबर से 6 दिसंबर के दौरान 152 किलोमीटर की पदयात्रा पटेल जी के जन्म स्थल करमसद से स्टेचू ऑफ़ लिबर्टी,केवडिया तक आयोजित की जाएगी। इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में एकता, देशभक्ति और कर्तव्य भावना को जागृत करना है। सरदार पटेल ने जिस तरह बिखरे हुए भारत को एक भारत बनाया, उसी भावना को यह पदयात्रा आगे बढ़ाएगी। इस अभियान के जरिए युवाओं को एक भारत और आत्मनिर्भर भारत के आदर्श अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। हर संसदीय क्षेत्र के सभी जिलों में 3 दिन तक 8-10 किमी लंबी पदयात्रा होगी। पदयात्रा से पहले स्थानीय लोगों में माहौल बनाने के लिए स्कूल, कॉलेजों में अलग-अलग प्री ईवेंट गतिविधियां, जैसे कि निबंध प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, सरदार पटेल जी के जीवन पर संगोष्ठी, नुक्कड़ नाटक का आयोजन करवाया जाएगा। इसके साथ ही युवाओं के बीच नशामुक्त भारत शपथ, संस्थानों में स्वदेशी मेलों का आयोजन, ÷गर्व से स्वदेशी÷ संकल्प भी दिलवाए जाएंगे। इस दौरान योग एवं हेल्थ शिविरों के साथ क्षेत्र में स्वच्छता अभियान का भी आयोजन होगा। पदयात्रा के दौरान सरदार पटेल की प्रतिमा/चित्र पर श्रद्धांजलि, आत्मनिर्भर भारत शपथ, सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रमाणपत्र वितरण होगा। वहीं उत्तर प्रदेश कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि वल्लभ भाई पटेल की विचारधारा और कार्यशैली के अनुरूप विभिन्न आयोजनों के माध्यम से युवाओं में राष्ट्रीय गौरव जगाना, समाज के प्रति जिम्मेदारी बढ़ाना और एकता की भावना को मजबूत करना है। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन भागीदारी से राष्ट्र निर्माण के विजन से प्रेरित है। इसमें युवा से लेकर वरिष्ठ नागरिक तक, सभी मिलकर देश के इतिहास को याद करेंगे और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभायेंगे। सभी आयोजनों में युवाओं की सहभागिता और भूमिका पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। नैमिषारण्य विशिष्ट अतिथि गृह में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रदेश उपाध्यक्ष लखनऊ प्रभारी त्र्यंबक त्रिपाठी, वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज सिंह, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, जिला अध्यक्ष विजय मौर्या, विधायक योगेश शुक्ला, अमरेश रावत, जया देवी, मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग, महामंत्री राम अवतार कनौजिया, पुष्कर शुक्ला मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# फिर बढ़ेगी बादलों की सक्रियता... गिरेगा पारा, पूर्वी यूपी में बारिश के आसार

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में अगले दो तीन दिनों में बादलों की सक्रियता बढ़ने के संकेत हैं। शुक्रवार को बंगाल की खाड़ी के पूर्वी हिस्से में कम दबाव का क्षेत्र बना है। इसके असर से अब प्रदेश में दिन के चढ़ते पारे पर लगाम लगेगी और मौसम में फिलहाल स्थिरता आएगी। वहीं पूर्वा हवाओं के मद्धिम पड़ते ही रात के पारे में क्रमश- गिरावट की शुरुआत हो चुकी है। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले तीन-चार दिनों में प्रदेश भर में रात के तापमान में लगभग 2 से 3 डिग्री की गिरावट देखने को मिलेगी। दिन व रात दोनों का तापमान सामान्य तक पहुंचेगा। आगामी 29 अक्तूबर से वाराणसी समेत प्रदेश के पूर्वी-दक्षिणी जिलों में बारिश का पूर्वानुमान जारी किया गया



है। शुक्रवार को प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में धूप खिली रही। इससे गर्माहट महसूस की गई।

### तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट आएगी

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि बंगाल की खाड़ी में उठे हलचल के असर से उत्तर प्रदेश में दिन का बढ़ता तापमान थमेगा। साथ ही आने वाले तीन-चार दिनों में रात के तापमान में लगभग 2 से 3 डिग्री की गिरावट आएगी।

# अज्ञात व्यक्ति ने छीना महिला के गले सोने का हार, महिला ने स्थानीय थाना पर की शिकायत

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन इटौंजा थाना क्षेत्र अंतर्गत अर्जुनपुर गांव के पास मंजू भारती निवासी थाना सिधौली भाई दूज के दिन अपने मायके चतुराबाग गांव अपने भाइयों के टीका करने जा रही थी, तभी सुनसान रास्ते पर एक अज्ञात व्यक्ति उससे रास्ता पूछने के बहाने बातों में उलझा कर गले में पड़ी सोने का माला खींचकर भाग गया। वहीं पीड़िता द्वारा उसे पकड़ने की कोशिश की गई, पर वह उसे पकड़ नहीं पाई और आरोपी फरार हो गया। वही पीड़िता द्वारा इटौंजा थाने में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई हैं और पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही।

# शोध में खुलासा: विकास की दौड़ में प्रदेश के बाकी हिस्सों से अब भी पीछे है पूर्वी यूपी



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश को यदि एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना है, तो पश्चिमी और पूर्वी हिस्सों के बीच विकास का संतुलन बनाना होगा। लेकिन, धरातल पर सच्चाई कुछ और है। उत्तर प्रदेश के पूर्वी हिस्से की अर्थव्यवस्था पर आई एक रिपोर्ट कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। लखनऊ विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के डॉ. नागेंद्र कुमार मौर्य और प्रो. रोली मिश्रा की ओर से किए गए शोध में सामने आया है कि पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिले आज भी विकास के निचले पायदान पर अटके हुए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, श्रावस्ती, बलरामपुर और बहराइच, राज्य के सबसे पिछड़े जिलों में शामिल हैं। शोध और इस विस्तृत अध्ययन को प्रतिष्ठित- इंडियन जर्नल ऑफ इकोनॉमिक्स एंड डेवलपमेंट में प्रकाशित किया गया है।

### यूपी के 28 जिलों में कुल 19 मापदंडों पर हुआ शोध

शोध में उत्तर प्रदेश के 28 जिलों के विकास की तस्वीर को 19 सामाजिक और आर्थिक संकेतकों के आधार पर परखा गया। इनमें आय, शिक्षा, कृषि, रोजगार, स्वास्थ्य, उद्योग और बुनियादी ढांचा शामिल रहे। शोधकर्ताओं ने जिलों की तुलना के लिए व्रोकला टैक्सोनोमिक विधि का उपयोग किया और प्रत्येक जिले को एक विकास स्कोर दिया।

### पूर्वी यूपी में बुनियादी सुविधाएं अब भी कमतर

रिपोर्ट के मुताबिक, श्रावस्ती, बलरामपुर और बहराइच आदि जिलों की सड़कें, बिजली, स्कूल और अस्पताल जैसी सुविधाएं तुलनात्मक रूप से कमतर हैं। अध्ययन में निष्कर्ष निकला है कि ये जिले राज्य की विकास सूची के काफी नीचे हैं। यही नहीं, पूर्वी यूपी के कई जिलों में औद्योगिक और बुनियादी ढांचे का स्तर बेहद कमजोर पाया गया। साथ ही कृषि और रोजगार के सूचकांक सबसे कमजोर रहे। यानी, पूर्वांचल में विकास की रफ्तार अब भी बेहद धीमी है। शोध के अगुआ डॉ. नागेंद्र कुमार मौर्य का कहना है कि पूर्वी यूपी में सुविधाएं अब भी कमतर हैं, निवेश लगभग ठहर गया है। वहीं प्रो. रोली मिश्रा का कहना है कि गांवों में सड़कें, बिजली और स्कूलों की गुणवत्ता और बेहतर करनी होगी।

### शोधकर्ताओं के सुझाव

रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि राज्य सरकार को एक जिला, एक उद्योग (ओडीओपी) जैसी योजनाओं को और बेहतर व प्रभावी ढंग से लागू करना चाहिए। हर जिले को अपनी विशिष्ट उत्पादकता-चाहे वह काष्ठकला हो, कृषि उत्पाद या हस्तशिल्प हो, इसमें विशेषज्ञता और बेहतर करनी चाहिए इससे स्थानीय रोजगार बढ़ेगा, निवेश आकर्षित होगा और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

# आगरा एक्सप्रेस-वे पर भीषण हादसा, दिल्ली से बिहार जा रही बस पलटी, 12 घायल, चालक-परिचालक फरार



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

काकोरी में एक्सप्रेस-वे पर एक प्राइवेट एसी बस (यूपी 80 जेटी 8664) शुक्रवार तड़के आगे चल रहे ट्रक से टकराकर पलट गई। हादसे में 12 यात्री घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद 11 घायल यात्रियों को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। एक गंभीर रूप से घायल यात्री को ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है। हादसा होने के बाद बस चालक और परिचालक मौके से भाग निकले। इंस्पेक्टर काकोरी सतीश चंद्र राठौर के मुताबिक बस में 50 यात्री सवार थे। बस यात्रियों को दिल्ली के आनंद विहार से मुजफ्फरनगर (बिहार) लेकर जा रही थी। शुक्रवार सुबह साढ़े चार बजे जब बस आगरा एक्सप्रेस-वे टोल प्लाजा से करीब दो किलोमीटर पहले मेहंदी नगर गांव के सामने अंडरपास के पास पहुंची तभी आगे चल रहे एक ट्रक से टकरा गई। टक्कर से बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे के बाद बस में सवार लोग मदद के लिए चीखने चिल्लाने लगे। कुछ लोग मदद के लिए पहुंचे। थोड़ी देर में काकोरी पुलिस, एसीपी काकोरी, दमकलकर्मी और ग्रामीण भी वहां पहुंच गए। बस में फंसे हुए यात्रियों को किसी तरह बाहर निकाला गया। घायलों को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी काकोरी में भर्ती कराया गया। 11 यात्रियों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई, जबकि एक व्यक्ति को गंभीर हालत में ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। एसीपी शकील अहमद ने बताया कि घटना के बाद से बस चालक और परिचालक भागे हुए हैं। पुलिस उनके बारे में पता लगा रही है। यात्रियों को दूसरी बस से रवाना किया गया। पुलिस ने बताया कि सागर को गंभीर चोट लगी है। उनका ट्रामा सेंटर में इलाज चल रहा है। ममता व आरव मां-बेटे हैं, जबकि राकेश व काजल पति-पत्नी हैं।

### चालक को आई झपकी और हो गया हादसा

काकोरी पुलिस का कहना है कि चालक व परिचालक के भाग जाने से हादसे की असली वजह पता नहीं चल सकी है। यात्रियों से बातचीत करने पर यह बात सामने कि बस चालक को अचानक से झपकी आई और वह स्टेयरिंग से नियंत्रण खो बैठा। आगे चल रहे ट्रक में मामूली टक्कर हुई थी। इसके बाद बस चालक ने स्टेयरिंग काटने का प्रयास किया तो बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे जाकर पलट गई।

# लिफ्ट देने के बहाने छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म

## कार में बैठाया, चार दिन तक बंधक बनाकर रखा

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

मड़ियांव इलाके में रहने वाली इंटर की छात्रा को 15 अक्तूबर की रात कार सवार युवकों और एक युवती ने लिफ्ट देने के बहाने जबरन गाड़ी में बैठा लिया। आरोपियों ने चाय में नशीला पदार्थ पिलाकर छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। एक आरोपी ने छात्रा को चार दिन तक बंधक बनाकर रखा। बाद में वह छात्रा को छोड़कर भाग गया। 22 अक्तूबर को छात्रा ने मड़ियांव थाने में केस दर्ज कराया। बृहस्पतिवार को पुलिस ने दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्र ने बताया कि 18 वर्षीय युवती इंटर की छात्रा है। 15 अक्तूबर को वह घरवालों से नाराज होकर स्कूल के लिए निकली थी। स्कूल गेट पर पहुंचकर वह सहेली के साथ घूमने बीबीडी की तरफ चली गई। दोपहर में घर आने के बाद वह फिर से अकेले गोमतीनगर निकल गई। रात में ऑटो से घर के लिए निकली। छात्रा का आरोप है कि खुर्रमनगर के पास ऑटो वाला रास्ता भटक गया। इस पर वह ऑटो से उतर गई। इसी बीच एक कार आकर रूकी। कार में दो युवक और एक युवती मौजूद थे। सभी ने छात्रा को उसके घर तक लिफ्ट देने की बात कही, लेकिन उसने मना कर दिया। कार सवार युवती ने छात्रा को भरोसा दिलाया और उसे जबरन गाड़ी में घसीट लिया। आरोप है कि आरोपियों ने छात्रा को चाय में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया।

### आपस में एक दूसरे का नाम ले रहे थे आरोपी

छात्रा का आरोप है कि घटना के वक्त आरोपी आपस में एक दूसरे का नाम अंशुमान, जुनैद और शिवांश ले रहे थे। सामूहिक दुष्कर्म के बाद आरोपी अंशुमान व शिवांश फ्लैट से चले गए। वहीं, जुनैद छात्रा को एक मकान में लेकर पहुंचा और कई बार उसके साथ गलत काम किया। आरोपी ने छात्रा को किसी से शिकायत न करने की धमकी भी दी। जुनैद एक मकान में चार दिन तक उसे बंधक बनाकर रखा। 18 अक्तूबर की दोपहर जुनैद कुर्सी रोड पर छात्रा को छोड़कर भाग गया। छात्रा वहां से सहेली के घर पहुंची, जहां से उसके परिजन उसे साथ ले गए।


### घरवालों ने दर्ज कराई थी गुमशुदगी

इंस्पेक्टर मड़ियांव ने बताया कि छात्रा के लापता होने के संबंध में घरवालों ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। 18 अक्तूबर को जब छात्रा वापस घर लौटी तो परिजन उसको थाने लेकर पहुंचे। डर के कारण छात्रा ने कुछ भी नहीं बताया। 19 अक्तूबर को जुनैद ने छात्रा को फोन व मेसेज कर धमकी दी। इसके बाद छात्रा ने घरवालों को आपबीती बताई। 22 अक्तूबर को छात्रा के परिजन दोबारा थाने पहुंचे। छात्रा की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर बृहस्पतिवार को आरोपी महानगर निवासी अंशुमान और सर्वोदयनगर निवासी जुनैद को गिरफ्तार कर लिया। अंशुमान एक निजी विवि में एलएलबी का छात्र है और उसके पिता राजेश वायरलेस विभाग में कार्यरत हैं। वहीं, जुनैद कारपरेंटर का काम करता है। पुलिस शिवांश और युवती के बारे में पता लगा रही है।

# कार्यकारिणी में महापौर-नगर आयुक्त के बीच अधिकारों को लेकर ठनी, बिना किसी नतीजे के बैठक स्थगित

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

पुराने फैसलों पर अमल नहीं होने के आरोपों के साथ शुक्रवार को शुरू हुई नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक महापौर और नगर आयुक्त के बीच अधिकारों को लेकर हुए टकराव के चलते बिना किसी नतीजे पर पहुंचे समाप्त हो गई। पिछले 20 साल साल में यह पहला मौका है जब कार्यकारिणी में इस तरह से महापौर और नगर निगम के अफसर दो खेमों में बंटे नजर आए। विवाद का यह हाल रहा कि नाराज महापौर दो बार बैठक छोड़कर जाने लगीं। हालांकि पार्षदों ने उनको समझाकर बैठाया। महापौर सुषमा खर्कवाल ने नगर निगम अफसरों पर आरोप लगाया कि पिछली कार्यकारिणी में जो प्रस्ताव पास किए गए थे, उन पर प्रशासन ने अमल नहीं किया। कहा कि यह अफसरों की लापरवाही और मनमानी है। उन्होंने कहा कि जब पुराने फैसलों पर अमल ही नहीं हुआ तो नई प्रस्तावों पर क्या चर्चा की जाती। इस कारण बैठक को स्थगित कर दिया



गया। अब अगली बैठक 30 अक्तूबर को तब होगी। जिसमें अधिकारी पिछली कार्यकारिणी में पास हुए प्रस्तावों अमल की रिपोर्ट लेकर आएंगे। खेमेबाजी का असर बैठक के बाद महापौर की प्रेस वार्ता में दिखा। हर बार प्रेस को जानकारी देने के समय महापौर के साथ नगर आयुक्त या अपर नगर आयुक्त मौजूद रहते थे मगर इस बार कोई अफसर नहीं रहा।

### नगर आयुक्त ने बताया यह हैं उनके अधिकार

कार्यकारिणी बैठक में महापौर ने जोनल अफसरों का तबादला और अपर नगर आयुक्तों के बीच कार्यविभाजन का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि उन्होंने जो निर्देश दिए थे उस पर अमल क्यों नहीं हुआ। जिस पर नगर आयुक्त ने कहा कि यह उनका अधिकार है कि वह किस अधिकारी से क्या काम लें और किसको कहां पर तैनात करें। नगर निगम अधिनियम की धारा 117, 1112 और 119 में उनको यह अधिकार है। उन्होंने कहा कि यदि कार्यकारिणी को नीति बनाती है जो उस वह अमल करेंगे लेकिन बिना नीति बनाए वह अधिनियम के हिसाब से ही काम करेंगे। पुरानी कार्यकारिणी में पास हुए प्रस्तावों पर अमल न होने से नाराज कार्यकारिणी सदस्य पृथ्वी गुप्ता व अन्य सदस्यों ने कहा कि यदि पास फैसलों पर अमल नहीं होना है।

### महापौर बोलीं-जोनल प्रभारी की व्यवस्था समाप्त

बैठक के बाद महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि जोनल प्रभारी की व्यवस्था को समाप्त कर दिया गया है। अब जोनल स्तर पर काम के लिए जोनल प्रभारी जिम्मेदार होंगे। अभी तक अपर नगर आयुक्त जोनल प्रभारी हैं। इस बारे में नगर आयुक्त गौरव कुमार ने कहा कि अभी ऐसा कोई आदेश नहीं किया गया है। नगर आयुक्त को रिपोर्ट करेंगे जलकल जीएम और मुख्य अभियंता महापौर सुषमा खर्कवाल ने पुराने शासनादेशों का हवाला देते हुए कहा कि जलकल विभाग के महाप्रबंधक अब अपर नगर आयुक्त की बजाए नगर आयुक्त को रिपोर्ट करेंगे। अभी नगर आयुक्त के आदेश के तहत अपर नगर आयुक्त ललित कुमार को जलकल महाप्रबंधक रिपोर्ट करते हैं। इसी तरह नगर निगम के मुख्य अभियंता सिविल भी अपर नगर आयुक्तों की बजाए नगर आयुक्त को रिपोर्ट करेंगे। अभी चार अपर नगर आयुक्तों को मुख्य अभियंता रिपोर्ट करते हैं।

# नगर विकास मंत्री ने शहरी क्षेत्र की विभिन्न परियोजनाओं का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



उत्तर प्रदेश के नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन, ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत मंत्री ए.के. शर्मा ने आज रायबरेली क्लब में जनपद रायबरेली के शहरी क्षेत्र की विभिन्न विकासपरक परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

इस अवसर पर लगभग 20 करोड़ रुपये की लागत से 100 सड़कों के निर्माण एवं मरम्मत कार्यों का शुभारंभ किया गया। साथ ही विद्युत विभाग की बिजनेस प्लान वर्ष 2024-25 के अंतर्गत 4 करोड़ 25 लाख रुपये की लागत से 7 कार्यों तथा आरडीएसएस योजना के अंतर्गत 1 करोड़ 2 लाख रुपये के 4 कार्यों का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के 10 लाभार्थियों को आवास की चाभी तथा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत 10 लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

अपने संबोधन में मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि रायबरेली का गौरवशाली इतिहास रहा है, यह सदैव राजनीति, संस्कृति और जनसेवा का केंद्र रहा है। उन्होंने कहा कि सदर विधायक अदिति सिंह के अथक प्रयासों से जनपद में तीव्र गति से विकास कार्य संपन्न हो रहे हैं, जिससे नागरिकों के जीवन को अधिक सुलभ और सहज बनाया जा रहा है।उन्होंने बताया कि नगर पालिका रायबरेली सदर क्षेत्र में वर्ष 2023-24 में 76 करोड़ रुपये तथा वर्ष 2024-25 में 73 करोड़ रुपये की परियोजनाओं के लिए धन आवंटित किया गया है।

मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करने हेतु स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना, कारीगरों एवं लघु व्यापारियों को सशक्त करना अनिवार्य है। उत्तर प्रदेश देश के विकास का ग्रोथ इंजन बनकर आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करेगा। उन्होंने आगे कहा कि विद्युत विभाग द्वारा जनपद में तेजी से कार्य किए जा रहे हैं और हमारा संकल्प है कि वर्ष 2025 तक जनपद का कोई भी गांव या मजरा विद्युतीकरण से वंचित न रहे। सदर विधायक अदिति सिंह ने इस अवसर पर कहा कि लंबे समय से शहर की कई सड़कों की स्थिति जर्जर थी। उन्होंने बताया कि मंत्री जी से इन सड़कों के पुनर्निर्माण एवं मरम्मत हेतु अनुरोध किया गया था, जिसे उन्होंने गम्भीरता से लेते हुए तुरंत स्वीकृति प्रदान कर धन आवंटित कराया। उन्होंने बताया कि कई सड़कों का कार्य पूर्ण हो चुका है, कुछ निर्माणाधीन हैं तथा कुछ में कार्य शीघ्र प्रारंभ होने वाला है। उन्होंने कहा कि सरकार जनहित के विकास कार्यों को पूरी पारदर्शिता और प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ा रही है। कार्यक्रम के उपरांत मंत्री ने खाली सहाट रामलीला स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने वंदन योजना के अंतर्गत चल रहे सुंदरीकरण कार्य की गुणवत्ता का परीक्षण किया और मंदिर में विधायक अदिति सिंह के साथ पूजा-अर्चना भी की। मंत्री ने घंटाघर तिराहे से मधुबन क्रॉसिंग रोड तक सड़क मरम्मत कार्य को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि ÷सड़क बनने से शहर के नागरिकों को जाम से राहत मिलेगी और आवागमन सुगम होगा।÷ उन्होंने विधायक अदिति सिंह के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनके अनुरोध पर ही यह कार्य स्वीकृत हुआ और शीघ्र ही पूर्ण होगा। इसके उपरांत मंत्री ने सदर विधायक अदिति सिंह के साथ नगर के व्यापारियों से मुलाकात की और 'संकल्प अभियान' के तहत घटी जीएसटी दरों के प्रचार-प्रसार कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने कहा कि घटी जीएसटी दरों का लाभ न केवल व्यापारियों को बल्कि आम जनता को भी प्राप्त होगा। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक विवेक विक्रम सिंह, पूर्व एमएलसी राकेश प्रताप सिंह, पूर्व विधायक रामलाल अकेला, जिला पंचायत सदस्य राघवेंद्र प्रताप सिंह, सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं आमजन उपस्थित रहे।

# साइबर सिक्योरिटी जागरूकता कार्यशाला में जवानों को दी गई जानकारी

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के इंडो नेपाल सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल नवीं वाहिनी मुख्यालय पर शुक्रवार को साइबर सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यशाला में जवानों को साइबर फ्रॉड से संबंधित विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। जानकारी के अनुसार 24 अक्टूबर को नौवीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, बलरामपुर के सभागार कक्ष में सहायक कमांडेंट (संचार) सौरभ पाण्डेय के द्वारा साइबर सिक्योरिटी से संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य बल कर्मियों को साइबर सुरक्षा के महत्व, ऑनलाइन धोखाधड़ी, डेटा प्रोटेक्शन, सोशल मीडिया उपयोग में सावधानी, तथा डिजिटल माध्यमों पर सुरक्षित व्यवहार के प्रति जागरूक करना था। कार्यशाला के दौरान सहायक कमांडेंट (संचार) सौरभ पाण्डेय के द्वारा विभिन्न साइबर अपराधों के उदाहरण, उनसे बचाव के उपाय तथा सुरक्षित डिजिटल आचरण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। साथ ही जवानों को यह भी बताया गया कि साइबर स्पेस में सतर्कता और अनुशासन बनाए रखना आधुनिक समय की आवश्यकता है ।वाहिनी के सभी उपस्थित जवानों ने कार्यशाला में रुचि लेकर भाग लिया और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बनने का संकल्प लिया।

# एसएसबी 9वीं वाहिनी में आयोजित 16 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



जनपद बलरामपुर में सशस्त्र सीमा नवीं वाहिनी द्वारा शुक्रवार को नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत सीमावर्ती युवाओं हेतु 16 दिवसीय ड्राइविंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया । समारोह में प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया ।

जानकारी के अनुसार 24 अक्टूबर को 09 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, बलरामपुर के कार्यक्षेत्र अंतर्गत सीमा चौकी सीरिया नाका के सीमावर्ती गांव के वाइब्रेंट विलेज नन्दमेहरा में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत संचालित 16 दिवसीय ड्राइविंग प्रशिक्षण का समापन समारोह संपन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 15 सीमावर्ती युवाओं ने भाग लेकर ड्राइविंग के सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक पहलुओं की मूलभूत जानकारी अर्जित की। प्रशिक्षण का संचालन सीमावर्ती क्षेत्रों में सामाजिक उत्थान, शिक्षा प्रसार एवं कौशल विकास के क्षेत्र में सक्रिय संस्था प्रेरणा फाउंडेशन, श्रावस्ती÷ द्वारा किया गया। समापन अवसर पर कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मनोरंजन कुमार पाण्डेय, कमांडेंट, 09 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल उपस्थित रहे। उनके साथ मंच पर नैंसी सिंगला उप कमांडेंट, बृजेश सिंह परमार ( रेंजर बरहवा), आशीष कुमार चौहान (प्रधानाध्यापक), रामकुमार पाठक मीडिया प्रभारी (दैनिक जागरण), ग्राम प्रधान रोजान बल के अधिकारी, जवान एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले प्रतिभागी युवाओं को मुख्य अतिथि द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए । उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि ÷सीमावर्ती क्षेत्रों के युवा आज अपनी प्रतिभा, परिश्रम और संकल्प के बल पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। ड्राइविंग जैसे कौशल से प्रशिक्षित होकर वे न केवल रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकेंगे, बल्कि स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर होंगे। यही सशस्त्र सीमा बल का उद्देश्य भी है कि सीमावर्ती विकास, सामाजिक सशक्तिकरण और राष्ट्रीय एकता का सुदृढ़ीकरण।÷ समापन अवसर पर सभी अतिथियों ने प्रशिक्षित युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं तथा सशस्त्र सीमा बल द्वारा संचालित नागरिक कल्याण कार्यक्रमों की सराहना की।

## रायबरेली में प्रधान की दबंगई का वीडियो वायरल, कहा- ब्राह्मण अहिव ठीक से रहो नहीं तो खोद के गाड़ देब3

रायबरेली में एक प्रधान का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें प्रधान द्वारा एक ब्राह्मण को सरेआम खोद कर गाड़ देने की धमकी दी जा रही है. यह वायरल वीडियो पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है. यह वायरल वीडियो हरचंदपुर क्षेत्र के अंतर्गत जोहवा शर्की ग्राम सभा में वर्तमान प्रधान का बताया जा रहा है. वीडियों में प्रधान की दबंगई एवं गुंडागर्दी साफदिखाई दे रही है. ग्राम प्रधान कुछ अधिकारियों के सामने एक युवक को अपनी दबंगई दिखाते व आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए नजर आ रहे हैं. इसमें जमीन को लेकर प्रधान द्वारा जातिविशेष पर टिप्पणी करते हुए कहा जा रहा है कि ब्राह्मण अहिव ठीक से रहो नहीं तो खोद के गाड़ देब. इतना ही नहीं यह भी कहता दिखाई दे रहा है कि ज्यादा करोगे तो पसियी पर उतर आइब. वायरल वीडियो के विषय में जब पड़ताल की गई तो पता चला कि यह वीडियो जोहवा शर्की ग्राम सभा के वर्तमान प्रधान का है जो जमीन पर कब्जा को लेकर बोल रहे हैं. युवक को जिंदा गाड़ देने की धमकी देने के साथ-साथ जान से मारने की भी धमकी दे रहा है।

# भाकपा (माले) ने काकोरी (लखनऊ) के एक मंदिर में दलित बुजुर्ग से मारपीट कर पेशाब चटवाने की घटना के विरुद्ध आज जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रतिवाद प्रदर्शन किया

जन एक्सप्रेस। रायबरेली




जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शनकारियों को संबोधित माले जिला कमेटी सदस्य और आइलाज जिलाध्यक्ष सुरेश शर्मा ने कहा कि भाजपा के अमृत काल में दलितों-आदिवासियों पर पेशाब करने से लेकर उनसे पेशाब चटवाने की घटनाएं हो रही हैं। पिछले साल सूबे के सोनभद्र जिले में एक आदिवासी युवक की दबंगों ने पहले पिटाई की फिर उस पर पेशाब करने का वीडियो वायरल किया था। भाजपा द्वारा ही शासित पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश में भी इस तरह की घटनाएं हुई हैं।

कॉमरेड शर्मा ने कहा कि मानवीय गरिमा और मानवता को शर्मसार करने वाले दबंगों को ऐसा करने की हिम्मत, प्रेरणा और विचार सत्तारूढ़ भाजपा और संघ से मिल रहे हैं। दबंगों को सत्ता संरक्षण और सामंती मूल्यों का संघ-भाजपा द्वारा पक्षपोषण ऐसी घटनाओं के पीछे बड़ी वजह है। इंकलाबी नौजवान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष हनोमान अम्बेडकर ने कहा कि काकोरी की घटना में दलित बुजुर्ग रामपाल (65 वर्ष) स्थानीय शीतला माता मंदिर के परिसर में बैठे थे। सांस की बीमारी से पीड़ित बुजुर्ग को बैठे-बैठे गलती से पेशाब हो गया। इसके बाद उनसे मारपीट की गई, जातिवादी गालियां दी गई, मंदिर के शुद्धिकरण के नाम पर उनसे पेशाब चटवाया गया और मंदिर धुलवाया गया।

उन्होंने कहा कि दीपावली के बाद मंगलवार को दो अलग-अलग घटनाओं में दो दलितों की हत्याओ से स्पष्ट है कि भाजपा सरकार में दलितों की जान सबसे सस्ती है। उनका उत्पीड़न तो हो ही रहा है, उनकी हत्या पर भी कोई लगाम नहीं है। सुल्तानपुर में चांदा कोतवाली क्षेत्र के ढाखापुर निवासी दलित युवक राजकुमार (28) की उनके घर में रात में घुसकर दबंगों ने मां के सामने ही गला दबाकर हत्या कर दी। कुछ दिन पहले हत्यारोपियों से मामूली विवाद हुआ था। दूसरी घटना प्रयागराज की है, जिसमें धूमनगंज निवासी रवींद्र उर्फ मुन्नू पासी (40) की भरी दोपहरी पेट्रोल पम्प पर पत्थर मारकर हत्या कर दी गई। वे रोडवेज के संविदा चालक थे।

अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा जिलाध्यक्ष कॉमरेड राम चंद्र वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के शासन में कानून के राज की जगह दबंग राज चल रहा है। दलितों के संवैधानिक अधिकारों पर हमले हो रहे हैं और उनका जीवन भी सुरक्षित नहीं रह गया है। भाजपा के लिए दलित सत्ता पाने के साधन मात्र हैं। वह उनकी सामाजिक बराबरी और उन्हें लोकतंत्र देने के खिलाफहै। तभी वह सामंती दबंगों, अपराधियों को संरक्षण देती है। श्सबका साथ, सबका विकासश् का नारा ढकोसला है। संघ-भाजपा की हिन्दू एकता के आवरण के नीचे दलित उत्पीड़न पर कोई रोक नहीं है। अपराधी बेलगाम हैं। किसान महासभा जिलाध्यक्ष फूल चंद्र मौर्या ने दलित हत्या व उत्पीड़न की उपरोक्त सभी घटनाओं में दोषियों को सख्त सजा और पीड़ित पक्ष को त्वरित न्याय दिलाने की मांग की।

बाद में राज्य पाल को संबोधित मांग पत्र नगर मैजिस्ट्रेट को सौंपा गया ।प्रतिवाद प्रदर्शन में ऐक्टू जिला सचिव राम गोपाल लोधी, माले राही ब्लॉक सचिव हरी लाल, कंधई कुमार लाल, राज बहादुर ,मो नईम सहित अन्य प्रमुख लोग भी शामिल रहे।

## होरखा गांव को मिलेगा पक्का रास्ता

जन एक्सप्रेस। अमेठी

गौरीगंज के बहोरखा गांव को शीतला पांडेय मार्ग से जोड़ने वाला 500 मीटर कच्चा रास्ता अब डामरीकृत होगा। लोक निर्माण विभाग ने गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेज दिया है। करीब 39 लाख रुपये से पक्के संपर्क मार्ग का निर्माण किया जाएगा। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार इस गांव में 152 परिवार निवास करते हैं। लगभग एक हजार से अधिक ग्रामीण इस मार्ग के निर्माण से सीधे लाभान्वित होंगे। बरसात के दिनों में कच्चा रास्ता दलदल में बदल जाने से स्कूल, अस्पताल और बाजार तक पहुंचने में दिक्कत हो रही है। पक्की सड़क बन जाने के बाद यह समस्या समाप्त हो जाएगी और आवागमन सुगम होगा।

# वृहद स्वच्छ अभियान के तहत 4816 स्थलों पर साफ सफाई व फॉगिंग का कार्य कराया गया: डीपीआरओ

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत जनपद के समस्त 980 ग्राम पंचायतों में 05 से 31 अक्टूबर, 2025 तक वृहद स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें रोस्टर लगाकर सफाई कर्मचारियों के माध्यम से झाडी कटाई, नाली सफाई, एन्टीलार्वा एवं दवा का छिडकाव फॉगिंग आदि का कार्य कराया जा रहा है।

जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्य शील सिंह ने बताया है कि दीपावली एवं आगामी छठ पूजा पर्व को देखते हुए वृहद स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत 20 दिवस में जनपद के 684 ग्राम पंचायतों में 1591 सफाई कर्मचारियों द्वारा कुल 4816 स्थलों पर झाडी कटाई, नाली सफाई, एंटी लार्वा एवं दवा का छिड़काव, फॉगिंग तथा छठ पूजा स्थल की साफ-सफाई आदि का कार्य किया गया, साथ ही साफ-सफाई के दौरान ग्राम पंचायत से निकलने वाले कूड़े को ई-रिक्शा के माध्यम से एकत्रित कर निस्तारित कराये जाने के साथ-साथ ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि साफ-सफाई हेतु रोस्टर के अनुसार लगाए गए कर्मचारियों के कार्यो का जिला सलाहकार स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा0) द्वारा रैण्डम आधार पर भी निरीक्षण किया गया तथा क्रॉस वेरीफिकेशन हेतु अन्य विकास खण्डों के सहायक विकास अधिकारी (पं0) को नामित किया गया है, जिनके द्वारा प्रतिदिन स्थलीय निरीक्षण करते हुए कराये गये कार्यो एवं नामित कर्मचारियों की उपस्थिति का अनुश्रवण किया जा रहा है। जिसमें किसी भी कर्मचारी के कार्यक्षेत्र से अनुपस्थित होने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। जिसके परिणाम स्वरूप कर्मचारियों द्वारा उपस्थित रहकर टीम भावना के साथ ग्राम पंचायत में झाड़ी कटाई, नाली सफाई, एंटी लार्वा एवं दवा का छिड़काव फॉगिंग आदि का कार्य किया जा रहा है।

## सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किया गया जिला कारागार का निरीक्षण

रायबरेली। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली अमित पाल सिंह के दिशा-निर्देशन में अनुपम शौर्य अपर जिला जजध्सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा जिला कारागार, रायबरेली का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अनुपम शौर्य अपर जिला जजध्सचिव द्वारा जिला कारागार की महिला बैरक, जेल चिकित्सालय, पाकशाला व लीगल ऐड क्लीनिक का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान सचिव द्वारा बन्दियों से उनका हालचाल जाना गया। इसके अतिरिक्त बैरक में बन्दियों टिकटों की जांच की गयी, जिसमें अधिवक्ता के नाम का उल्लेख होना आवश्यक है। बंदियों के मुकदमे में जमानत, गवाही व आरोप के संबंध में भी पूछताछ की गयी तथा बैरकों में प्रथमदृष्टया बीमार बंदियों के स्वास्थ्य के संबंध में उनको जिला कारागार के चिकित्सक द्वारा उचित उपचार देने के संदर्भ में दिशा-निर्देश जारी।

# भौतिक विज्ञान विभाग के स्मार्ट क्लास में व्याख्यान का आयोजन

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



जनपद बलरामपुर में एमएलके पीजी कालेज भौतिक विज्ञान विभाग के स्मार्ट क्लास में शुक्रवार को व्याख्यान का आयोजन किया गया । जानकारी के अनुसार 24 अक्टूबर को एमएलके पीजी कॉलेज में भौतिक विज्ञान विभाग के स्मार्ट क्लास में छात्र-छात्राओं के ज्ञानवर्धन हेतु एक ज्ञानवर्धक व्याख्यान का आयोजन किया गया । व्याख्यान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय गोरखपुर के डॉक्टर निखिल कुमार ने वर्ष 2025 में प्रदान किए गए नोबेल पुरस्कार पुरस्कार प्राप्त भौतिक वैज्ञानिकों एवं उनके कार्यों के बारे में व्याख्यान दिया । कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर पी के सिंह ने की एवं कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर आलोक शुक्ला ने किया । कार्यक्रम में भौतिक विभाग के डॉक्टर कमलेश कुमार, डॉक्टर अभिजीत, डॉक्टर प्रियांश पांडे एवं शोध छात्र योगेश शुक्ला व सौरभ सिंह भी उपस्थित रहे।

# चैयरमैन धीरू सिंह ने महंत महेन्द्र दास के साथ किया भूमि पूजन

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



जनपद बलरामपुर शहर के वीर विनय चौराहे पर स्थित ऐतिहासिक हनुमान गढ़ी मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए हाल, गेट, बाउंड्री वॉल व रेलिंग निर्माण का कार्य शीघ्र ही प्रारंभ किया जाएगा ।आदर्श नगरपालिका परिषद बलरामपुर के अध्यक्ष डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह 'धीरू' के निजी सहयोग से लगभग पच्चीस लाख रुपये की लागत से होने वाले इस विकास कार्य का शुभारंभ शुक्रवार को विधि-विधान पूर्वक भूमि पूजन के साथ किया गया। भूमि पूजन समारोह महंत महेन्द्र दास के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। अध्यक्ष डॉ.धीरू ने कहा कि हनुमान गढ़ी बलरामपुर की आस्था का प्रतीक स्थल है। मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर पालिका का दायित्व है। इस हाल व अन्य निर्माण कार्यों से मंदिर परिसर में धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों के लिए एक उपयुक्त स्थल उपलब्ध हो सकेगा?? । कार्यक्रम में संघ के विभाग कार्यवाह सौम्य अग्रवाल, समाजसेवी डॉ.कौशल्या गुप्ता, डी.पी.सिंह बैस, डॉ.अजय सिंह पिंकू, अशोक पाण्डेय, उमाशंकर त्रिपाठी बाबा, अनूप मिश्रा डब्बू, विद्या भूषण, पवन शुक्ला, अविनाश मिश्र, संजय शर्मा, अतुल तिवारी, नरेश सेहरावत तथा संजय शुक्ला सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पूजन उपरांत नारियल फोड़कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। उपस्थित जनों ने डॉ.धीरू की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस विकास कार्य से मंदिर परिसर और अधिक सुव्यवस्थित, आकर्षक एवं श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक बनेगा।

## मिशन शक्ति के तहत घरेलू हिंसा: दहेज उन्नमूलन थीम पर चौपाल का आयोजन

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार मिशन शक्ति 5.0 के तहत घरेलू हिंसाध्दहेज उन्नमूलन थीम पर ब्लॉक-हरचंदपुर के ग्राम-कठवारा में जागरूकता चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महिला कल्याण विभाग की यूनिट हब फॉर एंपावरमेंट ऑफवीमेन से शेफाली सिंह जिला मिशन कोऑर्डिनेटर जेन्डर द्वारा घरेलू हिंसा 2005, दहेज उन्नमूलन विषय पर विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि यदि महिलाओं पर घरेलू हिंसा होती है तो पीड़ित महिला 60 दिनों के भीतर तत्काल दीवानी उपचार प्राप्त कर सकती है। पीड़ित महिलाएँ इस अधिनियम के तहत किसी भी वयस्क पुरुष अपराधी के विरुद्ध मामला दर्ज करा सकती हैं, जो उसके साथ घरेलू संबंध में है यहां तक कि वे महिलाएं जो बहनें, विधवाएं, माताएं, एकल महिलाएं हैं या दुर्व्यवहार करने वाले के साथ रह रही हैं, प्रस्तावित कानून के तहत कानूनी संरक्षण की हकदार हैं। साथ ही बताया गया कि दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 की धारा 4 के अनुसार, विवाह के संबंध में दुल्हन या दूल्हे या उनके रिश्तेदारों से सीधे या परोक्ष रूप से दहेज मांगना एक दंडनीय अपराध है।

# विद्यालय में उत्साह पूर्वक मनाया गया भाई दूज का पर्व

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर





जनपद बलरामपुर के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में गुरुवार को भैय्या दूज का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । कार्यक्रम के दौरान मेहंदी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

जानकारी के अनुसार 24 अक्टूबर को शहर के अग्रेंजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज, बलरामपुर में 'भाई दूज' का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एमपी तिवारी ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यापर्ण कर द्वीप प्रज्जवलित किया। तत्पश्चात बच्चों को बताया कि दीपावली हिन्दुओं का सबसे बड़ा त्योहार है और पांच दिवसीय त्योहार के पांचवे दिन मनाया जाता है, भाई दूज का पर्व। भाई दूज को यम द्वितीय भी कहा जाता है। भाई दूज का पर्व भाई-बहन के रिश्ते पर आधारित पर्व है, जिसे बड़ी श्रद्धा और परस्पर प्रेम के साथ मनाया जाता है। रक्षाबंधन के बाद, भाईदूज ऐसा दूसरा त्योहार है, जो भाई बहन के अगाध प्रेम को समर्पित है। इस दिन विवाहिता बहनें अपने-अपने भाई को अपने घर भोजन के लिए आमंत्रित करती है, और गोबर से भाई दूज परिवार का निर्माण कर, उसका पूजन अर्चन कर भाई को प्रेम पूर्वक भोजन कराती है। बहन अपने भाई को तिलक लगाकर, उपहार देकर उसकी लम्बी उम्र की कामना करती है। साथ में भाई दूज की बारे में बताया कि सूर्यदेव की पत्नी छाया से यमराज तथा यमुना का जन्म हुआ। यमुना अपने भाई यमराज से स्नेहवश निवेदन करती थी कि वे उसके घर आकर भोजन करें। लेकिन यमराज व्यस्त रहने के कारण यमुना की बात को टाल जाते थे। कार्तिक शुक्ल द्वितीया को यमुना अपने द्वार पर अचानक यमराज को खड़ा देखकर हर्ष-विभोर हो गई। प्रसन्नचित हो भाई का स्वागत-सत्कार किया तथा भोजन करवाया। इससे प्रसन्न होकर यमराज ने बहन से वर मांगने को कहा। तब बहन ने भाई से कहा कि आप प्रतिवर्ष इस दिन मेरे यहां भोजन करने आया करेंगे तथ इस जो बहन अपने भाई को टीका करके भोजन खिलाए उसे आपका भय न रहे। यमराज 'तथास्तु' कहकर यमपुरी चले गए। ऐसी मान्यता है कि जो भाई आज के दिन यमुना में स्नान करके पूरी श्रद्धा से बहनों के आतिथ्य को स्वीकार करते हैं उन्हे तथा उनकी बहन को यम का भय नही रहता है । विद्यालय में मेंहदी प्रतियोगिता व कला का आयोजन किया गया। मेंहदी प्रतियोगिता में कुदसिया, मान्या, काजल, आस्था, श्वेता, अर्पिता, आशमा आदि ने प्रतिभाग किया जिसमें आस्था ने प्रथम, अर्पिता ने द्वितीय व मान्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कला के अन्तर्गत वेदांसी, वर्षान, मेधावी, मरियम, दक्षेस, सिफा, प्रथमेश, दिव्यांस, मानवी, अभिराज, हर्ष, मानविक, अनमोल, शिवांस, सूर्यांस, चित्रांश, यशवी एवं आकर्ष आदि ने दीपावली के भाई दूज के पर्व पर अपनी-अपनी कला का प्रदर्शन किया। अन्त में प्रबन्ध निदेशक ने समस्त प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया । इस अवसर पर विद्यालय, प्रधानाचार्य सैयद इकलाख हुसैन, उप प्रधानाचार्या शिखा पाण्डेय, उर्वशी शुक्ला, नीलम श्रीवास्तव, पूनम चैहान, किरन मिश्रा, लता श्रीवास्तव, गरिमा मिश्रा, नाजिया, मोहनी जायसवाल, आयुशी सिंह, शालिनी शुक्ला, अभिषेक जायसवाल तथा समस्त अध्यापक अध्यापिकायें आदि उपस्थित रहे।



# डायरेक्टर एटली ने विज्ञापन की दुनिया में किया डेब्यू

जब बात हो स्केल, इमोशन और स्टाइल को एक साथ जोड़ने की, तो डायरेक्टर एटली का नाम सबसे पहले आता है। वे जिस प्रोजेक्ट को हाथ लगाते हैं, उसे सिनेमैटिक मैजिक में बदल देते हैं और इसका सबूत है हाल ही में चिंग्स के लिए किया गया उनका नया विज्ञापन।गौरतलब है कि 'जवान', 'मर्सल' और 'थेरी' जैसी मेगा हिट फिल्मों के लिए जाने जाने वाले एटली ने अब विज्ञापन की दुनिया में कदम रखा है, और यहां भी उन्होंने वही ग्रैंड सिनेमाई करिश्मे का प्रदर्शन किया है और उसे लार्जर दैन लाइफ बना दिया है। 8 मिनट का यह चिंग्स विज्ञापन पारंपरिक 30-सेकंड वाले फॉर्मेट को न सिर्फ पूरी तरह तोड़ता है, बल्कि दर्शकों को एक मिनी ब्लॉकबस्टर का अनुभव भी देता है, जिसमें हाई-ऑक्टेन एक्शन, ड्रामा, इमोशन और विजुअल ब्रिलियंस का तड़का लगा है। यह सिर्फ एक विज्ञापन नहीं, बल्कि आठ शानदार मिनटों में पेश किया गया मास एंटरटेनमेंट का डबल डोज़ है। अपनी कोलैबोरेशन पर बात करते हुए डायरेक्टर एटली कहते हैं, मेरे लिए हमेशा प्यार सीक्रेट इंग्रिडिएंट रहा है और चिंग्स कुछ ऐसा बनाना चाहता था, जिसे इंडिया सिर्फ देखे नहीं, बल्कि प्यार करे तो मैने बिना दो बार सोचे हां कह दिया। हालांकि इसे रणवीर की मैडनेस, बॉबी सर के मैजिक और श्रीलीला की फ्रेशनैस ने और खास बना दिया और हमने इसे बहुत दिल से पकाया। अब इसे ऑडियंस को टेस्ट करना है।
रणवीर सिंह, बॉबी देओल और श्रीलीला की दमदार मौजूदगी के साथ यह फिल्म सिनेमैटिक फ्लेयर का मास्टरक्लास है। हर फ्रेम में स्केल और स्पेक्टेकल नजर आता है, जैसे स्लो-मोशन हीरो एंट्रीज़, ड्रामैटिक लाइटिंग, एनर्जी से भरी कोरियोग्राफी और एटली की फिल्मों की तरह गूंजता बैकग्राउंड स्कोर। एटली सिर्फ डायरेक्ट नहीं करते, वे एलीवेट करते हैं। यही वजह है कि उनके निर्देशन में रणवीर सिंह अपनी पिछली विज्ञापन फिल्मों की अपेक्षा कहीं अधिक दमदार नजर आ रहे हैं।
एटली ने उनकी करिश्माई पर्सनैलिटी, इंटेंसिटी और चार्म को ऐसे कैप्चर किया है कि स्क्रीन पर आग लग जाती है और यह परफॉर्मेंस, स्टाइल और स्टोरीटेलिंग का एक परफेक्ट मिश्रण बन जाता है। हर शॉट ऊर्जा, इमोशन और ग्रैंड विजुअल्स से भरा है, जो एटली की क्राफ्ट का ट्रेडमार्क है। चाहे सिनेमा हो या विज्ञापन, उनकी स्टोरीटेलिंग हमेशा भव्य, इमर्सिव और यादगार रहती है।

# शादी की शूटिंग में रीटेक हुआ, मेरी दो बार एंट्री हुई



दर्शकों की दुलारी बालिका वधू यानी ऐक्ट्रेस अविका गौर अब असल जीवन में भी वधू बन गई हैं। हाल ही में अविका ने बॉयफ्रेंड मिलिंद चांदवानी के साथ सात फेरे लिए। खास बात यह रही कि अविका और मिलिंद ने यह शादी अपने टीवी शो पति, पत्नी और पंगा के सेट पर की, जिसका साक्षी सारी दुनिया बनी। शादी के बाद अविका की यह खास बातचीत

**आप अब तक पूरे देश की बालिका वधू थीं, अब सच में मिलिंद की वधू बन चुकी हैं, क्या अलग महसूस हो रहा है?**

सच कहूं तो शादी को लेकर हाइप बहुत होता है। मुझे भी लगा था कि कुछ बहुत अलग होगा, पर ऐसा नहीं है। मुझे इतना कुछ बहुत ज्यादा अलग नहीं लग रहा, बस मैच्योरिटी ज्यादा लग रही है। लग रहा है कि अचानक से बड़ी हो गई हूं। इसके अलावा, बदलाव यही है कि अब हम दोनों ज़िंदगी को एक साथ देखेंगे। हमारे परिवार एक हो गए हैं। ऐसी कई बातें मन में आती हैं, जो अच्छी, पॉजिटिव बातें हैं।

**आपने टीवी शो पति, पत्नी और पंगा के सेट पर शादी करने का फैसला क्यों किया? इस पर मिलिंद और आपके घरवालों की क्या प्रतिक्रिया थी?**

मैं बचपन से टीवी सेट पर रही हूं। मेरी ऑडियंस ने मुझे सालों से इतना प्यार दिया है, तो मुझे लगा कि उनके पास यही एक मौका है, मेरी जिंदगी के सबसे खास पल का हिस्सा बनने का। फिर भी, मैं अकेली यह फैसला नहीं ले सकती थी, पर जब मैंने मिलिंद और हमारे परिवार वालों से इस बारे में बात की तो सब बहुत ज्यादा उत्साहित थे, क्योंकि हम इतिहास बना रहे हैं। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ कि किसी चैनल के साथ किसी का बचपन से ऐसा कनेक्शन



रहा हो, तो सभी ये यह बात समझी और सब बहुत खुश थे।

**आपने कुछ शर्तें भी रखी थीं कि शादी में यह चीज़ें आपकी पसंद की होंगी?**

बिल्कुल, बहुत सारी चीज़ें हैं। जैसे, हमारी शादी पूरी गुजराती रस्मों-रिवाज के साथ हुई है, जैसा हम चाहते थे। मैं चाहती थी कि लहंगा मेरी पसंद का हो, तो छोटी-छोटी चीजों से लेकर बड़ी चीज़ों तक वैसा ही हुआ, जैसा हम चाहते थे। हमने बहुत सोच समझकर प्लानिंग की थी। हम निश्चित तौर पर चाहते थे कि हमारे क्लोज फैमिली मेंबर्स भी हों तो वे भी थे। ओवरऑल मेकर्स ने ये पॉसिबल किया कि ये सिर्फ एक शो न हो, बल्कि हमारे लिए हमारी ज़िंदगी का सबसे यादगार दिन भी हो, तो सब कुछ हमारी उम्मीदों से बढ़कर रहा।

**यह सब कुछ शो के तौर पर शूट हो रहा था, तो रीटेक भी हुए होंगे। कोई फनी या अटपटा रीटेक हुआ?**

बिल्कुल, एक रीटेक तो मुझे याद है कि मेरी एंट्री दो बार हुई थी। ये मुझे फनी इसलिए लगती है, क्योंकि मुझे उम्मीद थी कि एक बार तो मिलिंद रोएगा, मगर वो बेचारा दोनों बार रोया। मुझे बहुत अच्छा भी लगा कि उसने मेरे लिए इतना इमोशन दिखाया।

## मिलिंद में ऐसी क्या खूबियां थीं, जिससे लगा कि वही आपके जीवनसाथी हैं?

वह बहुत समझदार, धैर्यवान और मैच्योर है। ये तीनों ही खूबियां मुझमें नहीं है (हंसती हैं)। वह बहुत ही सुलझा हुआ है। कोई भी मुद्दा हो, वह बहुत आसानी से उसे खत्म कर देता है तो हमारे झगड़े नहीं होते। मैं यह चीज मिस भी करती हूं लेकिन यह उसकी सुपर पावर है कि वह हर चीज को आसान बना देता है। वह हर चीज में मुझे कंप्लीट करता है। मुझे मोटिवेट करता है। अगर मेरा मन करता है कि कोई जोक मारे, मेरा मूड ठीक हो जाए, तो ऐसी बचकानी चीजों में भी मेरा साथ देता है। हम एक-दूसरे के साथ एक काफी अच्छा बैलेंस कर पाते हैं। हमें साथ में करीब छह-साढ़े छह साल हो गए हैं और हर दिन लगता है कि यह लड़का ये भी करता है। वह हमेशा मुझे इंप्रेस करने की कोशिश करता है, जो मुझे बहुत अच्छा लगता है।

# थामा का दीपावली पर रिलीज होना मेरे लिए बहुत स्पेशल है



बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना की फिल्म थामा रिलीज हो चुकी है। इसमें वह रश्मिका मंदाना के साथ पहली बार बड़े पर्दे पर साथ दिखाई दे रहे हैं। आयुष्मान ने बताया कि थामा उनके करियर की सबसे महत्वपूर्ण फिल्म है।अभिनेता ने एक किस्सा साझा करते हुए कहा कि हर साल वह अपने परिवार के साथ किसी सुपरस्टार की फिल्म देखने सिनेमाघरों में जाते थे, मगर इस बार उन्होंने अपनी फिल्म के साथ उस खुशी का अनुभव किया। इस फिल्म ने पहले दिन करीब 25 करोड़ रुपए की कमाई की। थामा के बारे में बात करते हुए आयुष्मान खुराना ने कहा, मैं एक एंटरटेनर हूं, इसलिए दीपावली की इस बड़ी छुट्टी के दौरान लोगों को थामा और मेरे अभिनय को पसंद करते और पसंद करते देखकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने कहा, जब निर्माता दिनेश विजान ने मुझे बताया कि थामा दीपावली पर रिलीज हो रही है, तो मैं बहुत खुश हुआ क्योंकि इस पल का मैं बेसब्री से इंतजार कर रहा था कि मेरी भी कोई फिल्म बड़े स्टार्स की तरह दीपावली पर रिलीज हो। आयुष्मान खुराना ने आगे कहा, एक ऐसा त्योहार जिस पर बड़े-बड़े सुपरस्टार अपनी फिल्में रिलीज करते आए हैं, थामा मेरे करियर की सबसे बेहतरीन फिल्म है और मैं खुशकिस्मत हूं कि इसे दीपावली पर रिलीज करने का मौका मिला। हर साल मैं अपने परिवार के साथ किसी सुपरस्टार की फिल्म देखने सिनेमाघरों में जाता था। इस बार मैं अपने परिवार के साथ अपनी फिल्म देखने सिनेमाघरों में गया। यह अविश्वसनीय लगता है। आयुष्मान खुराना ने निर्माता दिनेश विजान का शुक्रिया अदा करते हुए कहा, मैं दिनेश विजान का शुक्रिया अदा करता हूं कि उन्होंने मुझ पर एक ऐसे किरदार को निभाने का भरोसा दिखाया, जिसके बारे में लोगों को ज्यादा जानकारी नहीं है। एक बेताल के रूप में मेरे किरदार को दर्शकों द्वारा देखा जाना और सराहा जाना, मेरे लिए वाकई एक अद्भुत अहसास है।



# नफ़रत में संदीपा धर और दर्शन रावल की केमिस्ट्री ने जीता दिल

संदीपा धर एक बार फिर दर्शकों को मोहित करने लौटी हैं अपने नए म्यूज़िक वीडियो 'नफ़रत' के साथ, जिसमें उनके साथ नज़र आ रहे हैं सोलफुल सिंगर दर्शन रावल। अपनी अभिव्यक्तिपूर्ण अदाकारी और ग्रेसफुल डांसिंग के लिए जानी जाने वाली संदीपा एक बार फिर साबित करती हैं कि वह आज के समय की सबसे बहुमुखी परफॉर्मर्स में से एक हैं।पहले ही फ्रेम से संदीपा एक अलौकिक आकर्षण बिखेरती हैं — उनकी खूबसूरती प्यार, दर्द और नाज़ुक भावनाओं के हर पहलू को सहजता से दर्शाती है। उनकी अभिव्यक्तिपूर्ण आंखें और नैचुरल स्क्रीन प्रेज़ेंस हर गीत को जीवन से भर देती हैं, जो दर्शन रावल की मधुर आवाज़ के साथ एक खूबसूरत दृश्य कविता का रूप ले लेती है। गीत के बारे में बात करते हुए संदीपा धर ने कहा- 'नफ़रत' उन गानों में से एक है जो आपको प्यार के हर रंग को महसूस करने का मौका देता है। दर्शन के साथ काम करना शानदार अनुभव था; उनके संगीत में इतनी सहज भावनाएँ होती हैं कि उसमें खुद को पूरी तरह डुबो देना आसान हो जाता है। डांस हमेशा से मेरे जीवन का अहम हिस्सा रहा है — यह उन भावनाओं को व्यक्त करने का माध्यम है जिन्हें शब्दों में कहना मुश्किल होता है। इस गाने में एक डांस सीक्वेंस था जिसमें मुझे अपनी सीमाओं से आगे बढ़ना पड़ा, और मुझे खुशी है कि मेरा परफॉर्मेंस कहानी को और ऊंचाई देता है, 'नफ़रत' में संदीपा की एक्टिंग के साथ-साथ उनकी डांसिंग स्किल्स भी बखूबी झलकती हैं। हर मूवमेंट और जेस्चर में उनकी नफ़ासत और जुनून दिखाई देता है, जो कहानी में लय और गहराई दोनों जोड़ता है। गाने के विज़ुअल्स — मूडी, काव्यात्मक और सिनेमैटिक — उनके प्रदर्शन को और भी प्रभावशाली बना देते हैं, जिससे संदीपा वीडियो का धड़कता हुआ दिल बन जाती हैं। अब जब 'नफ़रत' रिलीज़ हो चुका है, दर्शक संदीपा धर और दर्शन रावल की खूबसूरत केमिस्ट्री को महसूस कर सकते हैं — जो एक साथ गहराई, जुनून और कोमलता से भरी है। खूबसूरती, भावना और कला का यह मेल 'नफ़रत' को सिर्फ एक म्यूज़िक वीडियो नहीं बल्कि एक अनुभव बना देता है, जो दिल में बस जाता है और यह साबित करता है कि संदीपा धर आज की सबसे मनमोहक परफॉर्मर्स में से एक हैं।






# कृष 4 में विलेन का रोल करने पर रजत बेदी ने तोड़ी चुप्पी

**साल 2003 में 'कोई मिल गया' में ऋतिक रोशन के सामने मेन विलन के किरदार में एक्टर रजत बेदी नजर आए थे। अब खबरें हैं कि रजत वर्षों बाद 'कृष 4' में एक बार फिर वापसी करने वाले हैं और इस बार भी वो फिल्म के मुख्य खलनायक के रूप में नजर आ सकते हैं। इस बात को लेकर जब अभिनेता से पूछा गया तो उन्होंने क्या कुछ कहा, चलिए आपको बताते हैं।**

## अभिनेता ने कृष 4 पर क्या कहा?

हाल ही में स्क्रीन के साथ एक इंटरव्यू में जब रजत से उनके अगले प्रोजेक्ट के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने जो जवाब दिया, उसे सुनकर फैंस के मन में एक उम्मीद जरूर जाग गई है। अभिनेता ने मुस्कुराते हुए कहा कि वह खुद भी उम्मीद कर रहे हैं कि 'कृष 4' का हिस्सा बनें और अगर ऐसा हुआ, तो यह उनके करियर के लिए किसी बड़े पुनर्जन्म से कम नहीं होगा। रजत ने बताया कि उनके दिल में ऋतिक रोशन और राकेश रोशन के लिए बेहद सम्मान है और वह फिर से उनके साथ काम करने का मौका पाने के लिए दुआ कर रहे हैं।

## रजत ने ऋतिक की जमकर तारीफ की

उन्होंने ऋतिक रोशन की तारीफ करते हुए कहा कि आज ऋतिक सिर्फ एक स्टार नहीं, बल्कि एक आइकॉनिक इंसान हैं। रजत के शब्दों में, वो एक ऐसे एक्टर हैं जिनसे किसी की तुलना नहीं की जा सकती- परफॉर्मेंस, लुक्स और डांस, हर चीज में वो बेस्ट हैं। रजत के इस बयान के बाद ही लोगों ने यह मान लिया कि कहीं न कहीं, वह इस फिल्म से जुड़ चुके हैं।

## रजत ने ना हां कहा और ना मना किया

कृष 4 पर बात करते हुए रजत ने कहा, मैं तो दुआ कर रहा हूं कि ऐसा हो। अगर ऐसा कुछ हुआ, तो इससे बेहतर कुछ नहीं होगा। ऑडियंस मुझे और ऋतिक को दोबारा स्क्रीन पर साथ देखना चाहती है। मैं बस दुआ कर रहा हूं कि राकेश जी और ऋतिक के साथ काम करने का मौका मिले। मेरे दिल में उन दोनों के प्रति बहुत प्यार और सम्मान है।

## लंबे समय से एक्टिंग से थे दूर

अगर वाकई ऋतिक की फिल्म में रजत बेदी की वापसी होती है, तो यह नॉस्टैल्जिया का बड़ा पल होगा। रजत बेदी लंबे समय से फिल्मों से दूर रहे थे, लेकिन आर्यन खान की वेब सीरीज 'बैड्स ऑफ बॉलीवुड' के जरिए उन्होंने हाल ही में एक मजबूत कमबैक किया है। इस सीरीज में उनका काम काफी सराहा गया और दिलचस्प बात यह है कि शो में रजत की रियल लाइफ का ही रेफरेंस देखने को मिला जहां वर्षों से उन्हें कोई इंडस्ट्री में काम नहीं देता।

# सलमान कभी मेरे बॉयफ्रेंड नहीं रहे

जर्मन-पोलिश मूल की एक्ट्रेस क्लॉडिया सिएस्ला ने बिग बॉस 3 में खूब सुर्खियां बटोरी थीं। वह क्या कूल हैं हम और देसी कट्टे जैसी फिल्मों में भी नजर आईं। बीते कुछ समय से वह एक्ट्रेस होने के साथ ही न्यूट्रीशियनिस्ट के रूप में भी प्रैक्टिस कर रही हैं। क्लॉडिया ने सलमान खान से रिश्ते पर बेबाक बातचीत की है। क्लॉडिया का नाम एक तरफ सलमान खान से जुड़ा था, तो दूसरी तरफ बिग बॉस के कंटेस्टेंट प्रवेश राणा के साथ भी उनके लिंकअप्स की ख़बरें थीं। इस पर वह हंसते हुए कहती हैं, बिग बॉस 3 में, सिर्फ मैं और प्रवेश सिंगल थे, बाकी सब शादीशुदा थे। हम अच्छे दोस्त थे, लेकिन कुछ लिमिटेड फुटेज देखकर लोगों ने बातों को बढ़ा-चढ़ा दिया। जहां तक सलमान खान से नाम जुड़ने की बात है, हम सिर्फ एक पार्टी में मिले थे। न जाने कैसे अफवाह बन गई। मैं कई साल से इस बात का खंडन कर रही हूं। सलमान अच्छे इंसान और सपोर्टिव फ्रेंड हैं, मगर वो मेरे बॉयफ्रेंड नहीं हैं। मेरे बॉयफ्रेंड हैं अर्जुन गोयल, वो मेरे सोलमेट हैं। हम चाहते हैं जिंदगी साथ बिताएं और शायद आगे किसी रियलिटी शो में साथ नजर भी आएं।



पढ़ें पेज 12 पर...



## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# बच्चों से भीख मंगवाना एक सामाजिक अपराध

**बच्चों को भीख देने के बजाय उन्हें शिक्षा, खेल और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध करवाएं। बच्चों की सुरक्षा के लिए चाइल्ड लाइन (1098) और मान्यता प्राप्त एनजीओ से संपर्क करें। समाज में बच्चों के अधिकारों और शोषण की समस्या के बारे में जागरूकता बढ़ाएं। स्कूल, माता-पिता और पड़ोसी मिलकर बच्चों के सुरक्षित वातावरण को सुनिश्चित करें। सिर्फ दया भाव या छोटे पैसों से बच्चों की मदद नहीं होगी। सही कार्रवाई, जागरूकता और कानूनी उपाय ही उन्हें बचा सकते हैं। समाज, सरकार और नागरिकों के मिलकर सही कदम उठाने से ही इस समस्या का समाधान संभव है।**

*किसी के भी जीवन की सबसे अमूल्य संपत्ति बचपन है। खेलना, पढ़ना, सीखना और सुरक्षित वातावरण में बड़े होना, हर बच्चे का अधिकार है। लेकिन बच्चों का शोषण, भीख मंगवाने के लिए उनका इस्तेमाल और उनकी मासूमियत का लाभ उठाना आज गंभीर सामाजिक समस्या बन चुका है। भीख मंगवाना व्यक्तिगत समस्या नहीं है; यह एक व्यवस्थित व्यवसाय बन चुका है। छोटे-बड़े शहरों में यह आम दृश्य है कि मासूम बच्चे हाथ में थाली, कपड़े या किसी वस्तु के साथ चलते हैं और लोग उनके मासूम चेहरों पर दया दिखा कर पैसे डाल देते हैं। यह न केवल बच्चों के बचपन को छीनता है, बल्कि उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से भी प्रभावित करता है। समाज की जागरूकता की कमी, लोगों का दया भाव और कुछ परिवारों की आर्थिक मजबूरी मिलकर इस समस्या को बढ़ावा देते हैं। यह सिर्फ गरीबी का नतीजा नहीं बल्कि बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन भी है। बचपन किसी भी मानव जीवन का सबसे महत्वपूर्ण और संवेदनशील हिस्सा होता है। यह वह समय है जब बच्चे सीखते हैं, अनुभव प्राप्त करते हैं और अपनी पहचान बनाते हैं। लेकिन जब बच्चों को भीख मंगवाने या किसी अन्य शोषण के लिए मजबूर किया जाता है, तो उनका विकास बाधित होता है। भीख मंगवाना कभी-कभी आर्थिक मजबूरी का नतीजा हो सकता है, लेकिन जब यह नियमित रूप से होता है और बच्चे को मजबूर किया जाता है, तो यह शोषण बन जाता है। मासूमियत का फायदा उठाकर बच्चों से पैसे कमाना एक नैतिक अपराध है। समाज की भूमिका यहां महत्वपूर्ण बन जाती है। लोग यह सोचकर पैसा देते हैं कि वे मदद कर रहे हैं, लेकिन वास्तव में वे बच्चों के शोषण को प्रोत्साहित कर रहे हैं। माता-पिता और परिवार की भी जिम्मेदारी बनती है कि वे अपने बच्चों को इस तरह की गतिविधियों से बचाएं। भारत में बाल श्रम और बच्चों से भीख मंगवाने को रोकने के लिए कई कानून हैं। बाल श्रम (निषेध और विनियमन) अधिनियम बच्चों को मजदूरी और शोषण से बचाने के लिए बनाया गया है। इसके अलावा, चाइल्डलाइन 1098 जैसी सेवाएँ 24×7 बच्चों की मदद के लिए उपलब्ध हैं। एनजीओ और सामाजिक संगठन भी सक्रिय रूप से बच्चों को शोषण से बचाने और उन्हें शिक्षा उपलब्ध कराने का काम कर रहे हैं। लेकिन वास्तविक चुनौती यह है कि कई बार बच्चे और उनके माता-पिता कानूनी संरचना से अनजान रहते हैं और शोषण नेटवर्क इतने संगठित होते हैं कि उन्हें पकड़ना मुश्किल होता है। सरकार और समाज को मिलकर बच्चों की सुरक्षा के लिए जागरूकता फैलानी होगी और उन्हें सही दिशा में मार्गदर्शन देना होगा। समाज का दया भाव और सहानुभूति अक्सर बच्चों के शोषण का कारण बन जाती है। अगर लोग बच्चों को भीख देने के बजाय सही तरीके से मदद करें, तो वे शोषण को बढ़ने से रोक सकते हैं। स्थानीय समुदाय, स्कूल, माता-पिता और पड़ोसी मिलकर बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं। बच्चों को सुरक्षित वातावरण, शिक्षा और खेलकूद का अवसर देना उनके विकास के लिए जरूरी है। समाज को यह समझना होगा कि केवल पैसे देना बच्चों की मदद नहीं है। सही कार्रवाई, जैसे एनजीओ, चाइल्ड लाइन और सामाजिक संस्थाओं को सूचित करना ही बच्चों को शोषण से बचा सकती है। भीख मंगवाना कई जगहों पर आर्थिक व्यवसाय बन चुका है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**किसी भी देश की आर्थिक नीतियाँ धर्म और राजनीति से अलग नहीं रह सकतीं। जब शासन एक वर्ग के प्रति पक्षपाती हो, कानून व्यवस्था चरमपंथियों के नियंत्रण में आ जाए और प्रशासनिक संस्थाएँ भ्रष्टाचार से ग्रस्त हों, तो अर्थव्यवस्था अपने आप ढहने लगती है। दरअसल, यहां हिंदू अल्पसंख्यकों पर अत्याचार केवल एक मानवाधिकार संकट नहीं है, यह उस आर्थिक प्रणाली की विफलता है जो समान अवसर और सुरक्षा देने में असफल रही है। ऐसे में आईएमएफ का संदेश साफ नजर आता है कि वित्तीय स्थिरता, सामाजिक न्याय से अलग नहीं हो सकती। इस रोक ने बांग्लादेश को एक निर्णायक मोड़ पर ला खड़ा किया है।**


# बांग्लादेश में धार्मिक उत्पीड़न के बीच आईएमएफ ढहती अर्थव्यवस्था



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**विदेशी मुद्रा संकट, महंगाई और बेरोजगारी का विकराल रूप सामने आएगा। यहां लगता है, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष का बांग्लादेश के लिए संदेश स्पष्ट है; उसे तय करना होगा कि वह किस दिशा में जाना चाहता है; एक ऐसा देश जो भ्रष्टाचार, धार्मिक कट्टरता और राजनीतिक हठ का प्रतीक बने या वह राष्ट्र जो अपनी गलतियों से सबक लेकर स्थायी विकास, सामाजिक न्याय और आर्थिक सशक्तिकरण की राह चुने।**

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का हालिया निर्णय, जिसमें उसने बांग्लादेश की नई सरकार बनने तक अगली किस्त जारी करने से इनकार किया है, इसके माध्?यम से बता दिया है कि यह अंतरराष्ट्रीय समुदाय की उस गहरी चिंता का प्रतीक है जो इस देश के शासन तंत्र की नीतिगत सड़ांध और नैतिक गिरावट को देख रही है। वस्तुत आईएमएफ ने बांग्लादेश को बड़ा झटका दिया है। संगठन ने साफ कर दिया है कि वह लोन की छठी किस्त तब तक जारी नहीं करेगा, जब तक बांग्लादेश में स्थायी, निर्वाचित और वैधानिक सरकार नहीं बन जाती। आईएमएफ ने जनवरी 2023 में बांग्लादेश के लिए 5.5 अरब डॉलर का पैकेज स्वीकृत किया था। इस राशि का उद्देश्य था; विदेशी मुद्रा भंडार को स्थिर करना, मुद्रा 'टका' की गिरावट रोकना और बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण पाना। पाँच किस्तों में से 3.6 अरब डॉलर पहले ही जारी किए जा चुके हैं लेकिन करीब 800 मिलियन डॉलर की छठी किस्त रोक दी गई है। अब आईएमएफ के इस फैसले को महज आर्थिक कदम मानना भूल होगी। यह एक प्रकार का राजनीतिक और नैतिक दबाव है, जो संकेत देता है कि अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थान बजट या बैलेंस शीट नहीं देखते बल्कि यह भी परखते हैं कि शासन में पारदर्शिता, नागरिक सुरक्षा और धार्मिक समानता का कितना पालन हो रहा है। देश के भीतर प्रशासनिक रिश्वतखोरी की स्थिति भयावह है। पासपोर्ट सेवा में 75 प्रतिशत, वाहन पंजीकरण में 72 प्रतिशत और न्यायिक सेवाओं में 34 प्रतिशत लोगों को रिश्वत देनी पड़ती है। यह स्थिति केवल आर्थिक नुकसान नहीं पहुंचाती बल्कि नागरिकों के बीच शासन के प्रति अविश्वास भी पैदा करती है। माना जा रहा है कि आईएमएफ का भरोसा टूटने का एक कारण यह भी है, क्योंकि किसी भी आर्थिक सुधार को लागू करने के लिए सबसे पहले प्रशासनिक ईमानदारी और पारदर्शिता चाहिए, जो ढाका में दुर्लभ है। नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस, जिन्हें कभी गरीबों का मसीहा कहा गया, आज उसी मंच पर आलोचना का केंद्र बने हुए हैं। साल 2024 में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद यूनुस ने सेना समर्थित अंतरिम सरकार का नेतृत्व संभाला लेकिन वह न तो आर्थिक स्थिरता दे पाए न राजनीतिक भरोसा। आईएमएफ, विश्व बैंक और विदेशी निवेशक, सभी ने स्पष्ट संकेत दिया है कि वे केवल एक लोकतांत्रिक, जनादेश-आधारित सरकार के साथ ही दीर्घकालिक सहयोग करेंगे। बांग्लादेश की आर्थिक गिरावट केवल वित्तीय अनुशासन की कमी से नहीं, बल्कि सामाजिक असमानता और धार्मिक उत्पीड़न से भी जुड़ी है। जब किसी समाज में भय का वातावरण होता है, जब नागरिकों को सुरक्षा नहीं मिलती, तो निवेशकों का भरोसा भी डगमगाने लगता है। आईएमएफ और अन्य वैश्विक संस्थान इन संकेतों को गंभीरता से लेते हैं। हिंदू समुदाय, जो बांग्लादेश की कुल आबादी का लगभग 8 प्रतिशत है, ऐतिहासिक रूप से व्यापार, शिक्षा और पेशेवर वर्गों में प्रमुख भूमिका निभाता रहा है। जब इस समुदाय को निशाना बनाया जाता है, तो स्थानीय बाजार और उत्पादन चक्र कमजोर पड़ते हैं। उद्योग-धंधों में अस्थिरता आती है और उपभोक्ता विश्वास टूटता है। यह सीधे जीडीपी और रोजगार दर को प्रभावित करता है। बांग्लादेश का सामाजिक संकट उसकी अर्थव्यवस्था जितना ही गंभीर है। देश में हिंदू अल्पसंख्यक समुदाय पर लगातार हमले हो रहे हैं। साल 2025 में बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हिंसा अपने चरम पर रही। वर्ष के पहले छह महीनों में ही 250 से अधिक हमले, 27 हत्याएँ, और 60 से ज़्यादा मंदिरों पर हमले हुए। साल 2023 में 302 घटनाएँ, जबकि साल 2024 में (दिसंबर तक) 2,200 से अधिक मामले दर्ज हुए। अगस्त 2024 से अगस्त 2025 के बीच 1,700 से अधिक दर्ज घटनाएँ, कम से कम 23 ज्ञात मौतें और 150 से अधिक मंदिरों को नुक़सान की पुष्टि अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में हुई। जिनमें सैकड़ों हिंदू परिवारों को घर छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा। मानवाधिकार संगठन ÷हिंदू बौद्ध ख्रिश्चियन यूनिटी काउंसिल÷ के अनुसार पिछले एक वर्ष में 1,045 घटनाओं में 45 लोगों की हत्या हुई, 479 घायल हुए और 102 मंदिरों या व्यवसायों को नुकसान पहुंचाया गया। यह स्थिति केवल धार्मिक असहिष्णुता नहीं, बल्कि शासन की निष्क्रियता और सामाजिक नियंत्रण की विफलता का प्रमाण है। आईएमएफ ने कई बार स्पष्ट किया है कि



**आईएमएफ, विश्व बैंक और विदेशी निवेशक, सभी ने स्पष्ट संकेत दिया है कि वे केवल एक लोकतांत्रिक, जनादेश-आधारित सरकार के साथ ही दीर्घकालिक सहयोग करेंगे। बांग्लादेश की आर्थिक गिरावट केवल वित्तीय अनुशासन की कमी से नहीं, बल्कि सामाजिक असमानता और धार्मिक उत्पीड़न से भी जुड़ी है।**

बांग्लादेश को वित्तीय सुधारों के साथ ही प्रशासनिक और सामाजिक सुधारों की आवश्यकता है। आगे आईएमएफ का प्रतिनिधिमंडल 29 अक्टूबर से देश की दो सप्ताह की समीक्षा करेगा। यह दल बांग्लादेश बैंक, वित्त मंत्रालय और आर्थिक सुधार बोर्ड से मुलाकात करेगा और तय करेगा कि सहायता की अगली किस्त जारी की जाए या नहीं। भ्रष्टाचार और अल्पसंख्यक विरोधी हिंसा, दोनों बांग्लादेश की अंतरराष्ट्रीय साख को चोट पहुंचा रहे हैं। विदेशी निवेशक अब ढाका को जोखिमपूर्ण बाजार मानने लगे हैं। वर्ष 2024 के अंत तक विदेशी प्रत्यक्ष निवेश में 18 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, जबकि निर्यात वृद्धि दर 6.2 प्रतिशत से घटकर 3.1 प्रतिशत रह गई। बांग्लादेश बैंक की रिपोर्ट बताती है कि विदेशी मुद्रा भंडार भी एक वर्ष में 39 अरब डॉलर से घटकर 22.5 अरब डॉलर पर आ गया है। बांग्लादेश की मौजूदा परिस्थिति दिखाती है कि किसी भी देश की आर्थिक नीतियाँ धर्म और राजनीति से अलग नहीं रह सकतीं। जब शासन एक वर्ग के प्रति पक्षपाती हो, कानून व्यवस्था चरमपंथियों के नियंत्रण में आ जाए और प्रशासनिक संस्थाएँ भ्रष्टाचार से ग्रस्त हों, तो अर्थव्यवस्था अपने आप ढहने लगती है। दरअसल, यहां हिंदू अल्पसंख्यकों पर अत्याचार केवल एक मानवाधिकार संकट नहीं है, यह उस आर्थिक प्रणाली की विफलता है जो समान अवसर और सुरक्षा देने में असफल रही है। ऐसे में आईएमएफ का संदेश साफ नजर आता है कि वित्तीय स्थिरता, सामाजिक न्याय से अलग नहीं हो सकती। इस रोक ने बांग्लादेश को एक निर्णायक मोड़ पर ला खड़ा किया है। अगर देश अब भी सुधारों की राह नहीं अपनाता, तो आने वाले महीनों में विदेशी मुद्रा संकट, महंगाई और बेरोजगारी का विकराल रूप सामने आएगा। यहां लगता है, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष का बांग्लादेश के लिए संदेश स्पष्ट है। एक ऐसा देश जो भ्रष्टाचार, धार्मिक कट्टरता और राजनीतिक हठ का प्रतीक बने या वह राष्ट्र जो अपनी गलतियों से सबक लेकर स्थायी विकास, सामाजिक न्याय और आर्थिक सशक्तिकरण की राह चुने।

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | चतुर्थी 27:48 तक |
| नक्षत्रः | अनुराधा 07:51 |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | शनिवार |
| योगः | शोभन, अहोरात्र |
| सूर्योदयः | 06:29 |
| सूर्यास्तः | 17:41 |
| चंद्रमाः | वृश्चिक राशि में |
| राहुकालः | 09:17-10:41 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | कार्तिक |
| शुभ मुहूर्तः | 11:42-12:27 |

## जन एक्सप्रेस

### दे दिया है चेहरा !

*दे दिया है चेहरा ।*
*है भरनी ललकार ।।*
*गठबंधन ने लगता है ।*
*ले लिया आकार ।।*
*हुए हमले तीखे ।*
*वार पलटवार ।।*
*निकल पड़ेंगे अब सारे ।*
*लेने को अधिकार ।।*
*फेक दिया है पासा ।*
*और चले अब चाल ।।*
*कम हो सकते शायद ।*
*उठते जो सवाल ।।*
*हिस्सा है रणनीति का ।*
*देर है लगाया ।।*
*समझ सके ना कोय ।*
*राजनीति की माया ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# भूख के हार्मोन्स को संतुलित करने के लिए अपनाएं सुबह के समय ये आयुर्वेदिक नियम

**आज** के समय में तेज रफ्तार भरी जिंदगी में अनियमित खानपान और तनाव के कारण हमारे शरीर के हार्मोन, खासकर भूख से जुड़े हार्मोन असंतुलित होने लगते हैं। हमारे शरीर में घ्रेलिन और लेप्टिन नाम के दो हार्मोन हैं जो भूख और पेट भरने की भावना को कंट्रोल करने में मदद करते हैं। मगर जब शरीर में इन हार्मोन्स का असंतुलन होता है, तो हमें बार-बार भूख लगने लगती है, जिसके कारण हम भूख से ज्यादा खाने लगते हैं, जो वजन बढ़ने का कारण बन सकता है। लेकिन, आयुर्वेद के अनुसार सुबह के समय आपका रूटीन जैसा होता है, आपके शरीर के कई हार्मोन्स पूरे दिन उसी तरह काम करते हैं। इसलिए, अगर आप सुबह के समय अपनी आदतों में कुछ ऐसी चीजों को शामिल करें, जो आपके शरीर को संतुलित रखने में मदद कर सके तो आपके भूख के हार्मोन को भी संतुलित रखने में मदद मिलती है।

**सही समय पर जागना:** आयुर्वेद में ब्रह्म मुहूर्त का खास महत्व होता है। यह समय सूरज निकलने से लगभग 90 मिनट पहले का माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि इस समय जागने से शरीर और मन दोनों को शुद्ध करता है। ब्रह्म मुहूर्त में जागने से शरीर के दोष संतुलित रहता है, मानसिक शांति और



अग्नि धीरे-धीरे एक्टिव होने लगती है, जिससे दिनभर पाचन क्रिया बेहतर होती है। इसलिए, अगर कोई व्यक्ति देर से उठता है तो कफ दोष बढ़ता है, जिससे आलस, भारीपन और भूख में कमी जैसी समस्याएं हो सकती है। इसलिए, भूख के हार्मोन को संतुलित करने के लिए सही समय पर जागना जरूरी है।

**जागने के तुरंत बाद पानी पीना:** आयुर्वेद में उषःपान का मतलब होता है सुबह-सुबह खाली पेट पानी पीने की परंपरा। यह शरीर से अम यानी टेक्निक निकालता है, पाचन तंत्र को एक्टिव करता है और लिवर या किडनी को साफ़ करता है। इसलिए, आप सुबह उठकर लगभग 1 से 2 गिलास गुनगुना पानी पीना चाहिए। रात भर तांबे के बर्तन में रखा गया पानी पीना फायदेमंद हो सकता है। इससे शरीर का डिटॉक्सिफिकेशन होता है और पाचन अग्नि को बढ़ाता है, जिससे भूख बढ़ती है।

**हल्का नाश्ता:** पानी पीने के लगभग आधे घंटे बाद थोड़े से ड्राई फ्रूट्स जैसे भिगोए हुए बादाम, अखरोट या अनार के दाने खाएं। ड्राई फ्रूट्स में गुरु गुण होते हैं, लेकिन ज्यादा मात्रा में लेने से अग्नि ज्यादा बढ़ सकती है। इसके अलावा, इन्हें खाने से ब्लड साफ होता है और शरीर को पोषण मिलता है। जबकि अनार में नेचुरल एंजाइम होते हैं, जो पाचन को बढ़ावा देता है। आयुर्वेद के अनुसार, सुबह के समय भारी भोजन नहीं करना चाहिए, बल्कि हल्के और एनर्जी देने वाले ड्राई फ्रूट्स और फल खाने से भूख हार्मोन कंट्रोल में रहता है, जिससे आप दिनभर ओवरईटिंग से बचते हैं।

**शारीरिक गतिविधियां करना:** सुबह के समय एक्सरसाइज करने से शरीर की अग्नि को संतुलित रखने में मदद मिलती ही। एक्सरसाइज करने से प्राण वायु एक्टिव होती है जिससे शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ती है। जब समान वायु और प्राण वायु दोनों संतुलित होते हैं तो पाचन अग्नि स्थिर रहती है। लेकिन ध्यान रहे, ज्यादा एक्सरसाइज करने से पाचन अग्नि खत्म भी हो सकती है।

## एक्सप्रेस विशेष

# आम आदमी की उड़ान के 9 साल



सियाराम पांडेय 'शांत'

**एक घंटे की यात्रा के लिए हवाई किराया 2,500 रुपये तक सीमित किया गया था। इस योजना के फलस्वरूप मुंद्रा (गुजरात) से अरुणाचल प्रदेश के तेजू तथा हिमाचल के कुल्लू से तमिलनाडु के सलेम तक उड़ान ने देशभर में 34 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को जोड़ा।**

**आसमान** में उड़ना हर किसी का सपना होता है। मनुष्य के पास उड़ने के लिए पंख भले न हों लेकिन उसके पास उम्मीदों के पंख तो हैं ही और जब हौसलों का साथ हो, मन में उल्लास हो तो संसार को जीतना आसान हो जाता है। आकाश तक विकास की ऊंची छलांग तो लगाई ही जा सकती है। दीपावली के उमंग और उल्लास भरे पुनीत अवसर पर उड़ान योजना के नौ साल पूरे हो गए। विमान सेवा को आम आदमी की पहुंच में लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 21 अक्टूबर, 2016 को यह योजना शुरू की थी। हालांकि इस योजना के तहत पहली उड़ान 27 अप्रैल 2017 को शिमला से दिल्ली के लिए शुरू हुई थी। यह योजना 10 साल के लिए शुरू की गई थी लेकिन अब इसकी अवधि दस साल और बढ़ा दी गई है। निश्चित ही इसका लाभ न केवल विमानन क्षेत्र को मिलेगा बल्कि मध्यमवर्गीय समाज भी इससे बहुत हद तक लाभान्वित हो सकेगा। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के 2025-26 के बजटीय भाषण पर गौर करें तो आगामी साल में इस योजना में 120 नए गंतव्य शामिल किए जाएंगे, जिससे 4 करोड़ अतिरिक्त यात्रियों को सस्ती हवाई सेवा का लाभ मिल सकेगा। इस निमित्त भले ही उन्होंने नागरिक उड्डयन मंत्रालय के लिए कुल परिव्यय का खुलासा नहीं किया

**यह पहला मौका था जब हेलीपैड भी उड़ान नेटवर्क का हिस्सा बने। उड़ान योजना की तीसरा चरण 2019 में शुरू हुआ जिसमें पर्यटन मंत्रालय से समन्वय स्थापित कर अनेक पर्यटन मार्ग शुरू किए गए। जल हवाई अड्डों को जोड़ने सस्ती और किफायती वायु सेवा से जोड़ने के लिए समुद्री विमान परिचालन का भी सहयोग लिया गया। पूर्वोत्तर क्षेत्र के कई मार्गों को इस योजना से जोड़ा गया।**

लेकिन बजट में 2025-26 में उड़ान योजना के लिए 540 करोड़ रुपये के आवंटन की घोषणा तो शुरू की ही थी। उड़ान योजना के तहत अब तक 625 उड़ान मार्ग चालू किए गए हैं जो पूरे भारत में 90 हवाई अड्डों को जोड़ते हैं, जिनमें 2 जल हवाई अड्डे और 15 हेलीपोर्ट भी शामिल हैं। इस योजना से उड़ान के अंतर्गत 1.49 करोड़ से अधिक यात्री किफायती क्षेत्रीय हवाई यात्रा का लाभ उठा चुके हैं। भारत के हवाई अड्डा नेटवर्क पर विचार करें तो वर्ष 2014 तक देश में 74 हवाई अड्डे थे जो बढ़कर 159 हो गए हैं। हवाई अड्डों तक पहुंच गया जो एक दशक में दोगुने से भी अधिक है। वंचित एवं दूरदराज के क्षेत्रों में वायु संपर्क बढ़ाने के लिए सरकार ने व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण (वीजीएफ) के रूप में 4,023.37 करोड़ रुपये बांटे हैं। उड़ान योजना से जाहिर तौर पर क्षेत्रीय पर्यटन को गति मिली है। स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच बढ़ी है और व्यापार को मजबूती मिली है। टियर-2 और टियर-3 शहरों में आर्थिक विकास में उछाल आई है।

आकाश को छूना देश के अधिकांश लोगों का सपना हुआ करता था लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसमें अपना एक और सपना जोड़ दिया और वह सपना था कि हवाई सेवा इतनी सस्ती होनी चाहिए कि उसमें चप्पल पहनने वाला आम नागरिक भी सफर कर सके। %उड़े देश का आम नागरिक% के स्लोगन के साथ जब यह योजना शुरू हुई तो उनके विरोधियों ने इसका उपहास भी किया लेकिन जब नीति और नीयत साफ हो तो संकल्प अपनी सिद्धि को प्राप्त करता ही है। उड़ान योजना के साथ भी कमोबेश ऐसा ही कुछ हुआ। यह कहने में शायद ही किसी को संकोच हो कि इस योजना ने तब से अब तक भारत के क्षेत्रीय वायु संपर्क परिदृश्य को बदल दिया है। अनगिनत नागरिकों के लिए आसमान खोलना किसी उपलब्धि से कम नहीं है। इसके लिए सरकार को काफी कुछ व्यय भार झेलना भी पड़ा। किफायती किराया सुनिश्चित करने के लिए एयरलाइनों को वित्तीय सहायता उपलब्ध करानी पड़ी हवाई किराये की सीमा निर्धारित करनी पड़ी। कम आकर्षक बाजारों में उड़ानें संचालित करने के लिए एयरलाइनों को आकर्षित करने की दिशा में भी सरकार को अनेक प्रयास करने पड़े। केंद्र सरकार ने प्रथम तीन सालों के लिए आरसीएस हवाई अड्डों पर खरीदे जाने वाले एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) पर उत्पाद शुल्क 2 प्रतिशत तक सीमित किया। एयरलाइन्स को अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए कोड शेयरिंग समझौते के लिए प्रोत्साहित करने में वह पीछे नहीं रही। इस क्रम में राज्य सरकारों का सहयोग भी कमतर नहीं आंका जा सकता। राज्यों ने दस वर्षों के लिए एटीएफ पर वैट को 1 प्रतिशत या उससे कम करने तथा सुरक्षा, अग्निशमन सेवाओं और उपयोगिता सेवाओं जैसी आवश्यक सेवाएं कम दरों पर उपलब्ध कराई। सहयोग की इस युति ने एक ऐसा वातावरण तैयार किया है, जहां एयरलाइन्स कंपनियां लंबे समय से उपेक्षित क्षेत्रों में भी सेवाएं प्रदान करने का साहस नहीं जुटा पाईं, वहां भी अब बदस्तूर फल-फूल रही हैं। योजना अपने प्रारंभ से विस्तार तक अनेक चरणों से गुजरी और हर चरण में उसने भारत के क्षेत्रीय हवाई संपर्क के दायरे में इजाफा ही किया है। पहली उड़ान 27 अप्रैल, 2017 को (शिमला-दिल्ली) रवाना हुई। इसमें 5 एयरलाइन संचालकों को 70 हवाई अड्डों के लिए 128 मार्ग आवंटित किये गये इनमें 36 नये हवाई अड्डे भी शामिल रहे। उड़ान का दूसरा चरण साल 2018 में शुरू हुआ।

# पीलीभीत-बीसलपुर हाईवे पर भीषण हादसा

## चार बार पलटी कार, एक की मौत, छह गंभीर रूप से घायल

**भाई दूज पर ससुराल आए युवक परिवार संग नानकमत्ता घूमने जा रहे थे, बरखेड़ा क्षेत्र में हुआ हादसा, एक की हालत और नाजुक**





जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

दीपावली भाई दूज के पवित्र त्योहार की खुशियां चंद घंटे में ही मातम में बदल गईं बताते चले की पीलीभीत-बीसलपुर हाईवे पर बृहस्पतिवार देर रात एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर चार बार पलट गई। हादसा इतना भीषण था कि कार रेलिंग तोड़ते हुए करीब सौ मीटर तक सड़क पर घिसटती चली गई। इस दर्दनाक हादसे में कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला छोटा खुदागंज निवासी प्रेम कुमार पुत्र लालता प्रसाद उम्र लगभग 27 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार में सवार छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों ने पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी, जिसके बाद घायलों को सीएचसी बरखेड़ा में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार की रफ्तार बहुत अधिक थी। गांव ज्योरहा कल्याणपुर के मोड़ पर पहुंचते ही चालक ने अचानक वाहन पर से नियंत्रण खो दिया। देखते ही देखते कार तीन-चार बार पलटकर सड़क किनारे लगे लोहे के गार्ड रेल से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के तीन टायर फट गए और गाड़ी पूरी तरह पिचककर कबाड़ बन गई। ग्रामीणों ने बताया कि टक्कर के साथ ही जोरदार धमाका हुआ और मौके पर चीख-पुकार मच गई। जानकारी के मुताबिक, मृतक प्रेम कुमार की ससुराल थाना बरखेड़ा क्षेत्र के गांव आमडार में है। वह भाई दूज के अवसर पर अपनी पत्नी प्रीति और दो वर्षीय बेटी के साथ ससुराल आया हुआ था। दिनभर परिवार ने त्योहार की खुशियां मनाईं। देर रात सभी परिजनों ने उत्तराखंड के नानकमत्ता घूमने का कार्यक्रम बनाया और रात करीब 10 बजे रवाना हुए। कुछ ही दूरी तय करने के बाद गांव ज्योरहा कल्याणपुर के पास यह भीषण हादसा हो गया। हादसे में मृतक प्रेम कुमार (27) के अलावा कार में सवार मोहस्वरूप, सुरेश कुमार, सूरज, जितेंद्र, सोमपाल और दयाशंकर सभी निवासी गांव आमडार गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इनमें मोहस्वरूप की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे राहगीरों और अन्य वाहन चालकों ने कार के दरवाजे तोड़कर अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाला। सूचना मिलते ही एंबुलेंस पहुंची और घायलों को सीएचसी बरखेड़ा भेजा गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्राधिकारी प्रगति चौहान और थानाध्यक्ष परमेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। क्षतिग्रस्त कार को क्रेन की मदद से हटाकर यातायात सुचारू कराया गया।

थाना पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण अत्यधिक रफ्तार और नियंत्रण खोना पाया गया है। कार की तकनीकी जांच कराई जा रही है ताकि किसी यांत्रिक खराबी की भी पुष्टि की जा सके। वहीं हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### संवेदनाओं की बाढ़ और सुरक्षा की सीख

यह हादसा एक बार फिर यह याद दिलाता है कि तेज रफ्तार से वाहन चलाना कितना खतरनाक हो सकता है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि गति सीमा का पालन करें, खासकर रात के समय वाहन चलाते वक्त अतिरिक्त सावधानी बरतें। भाई दूज का उल्लास मनाने के बाद सैर के लिए निकला एक खुशहाल परिवार कुछ ही मिनटों में हादसे का शिकार हो गया। प्रेम कुमार की मौत ने पूरे क्षेत्र को गमगीन कर दिया है, जबकि छह अन्य घायल अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रहे हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### हादसे से गमगीन हुआ पूरा क्षेत्र, बुझ गया इकलौता घर का चिराग



इस दर्दनाक हादसे की खबर जैसे ही आमडार और बरखेड़ा क्षेत्र में पहुंची, पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। प्रेम कुमार के घर पर मातम का माहौल है। परिजन बार-बार यही कह रहे थे कि भाई दूज की खुशियां कुछ ही घंटों में मातम में बदल गईं। ग्रामीणों ने बताया कि बरखेड़ा से ज्योरहा कल्याणपुर तक का मार्ग संकरा और अत्यधिक मोड़दार है। इस मार्ग पर पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस क्षेत्र में स्पीड ब्रेकर और चेतावनी संकेतक बोर्ड लगाए जाएं ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को टाला जा सके। बताते चलें कि मोहल्ला छोटा खुदागंज निवासी प्रेम कुमार पुत्र लालता प्रसाद अपनी चार बहनों में अकेला भाई था। लगभग चार वर्ष पहले उसका विवाह हुआ था और उसकी दो वर्षीय पुत्री भी है। उसकी असमय मौत से पूरे परिवार में कोहराम मचा है। पड़ोसी बताते हैं कि प्रेम कुमार बेहद सरल स्वभाव और मिलनसार व्यक्ति था। त्योहार के समय उसका इस तरह चले जाना रिश्तेदारों और दोस्तों को गहरा आघात दे गया है। और जिसने भी सुना उसकी मौत की कहानी का किस्सा सब दंग रह गए तरह-तरह की बातें करते लोग सुनाई दिए की जो व्यक्ति अपने काम से कम मतलब रखता था दो दिन पहले ही मुलाकात हुई और आज ऐसे जाना सबको सदमे में छोड़ गया।

# नगर पंचायत खीरी में निर्माणधीन रामलीला पार्क चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट

**टेंडर पास कार्य प्रारंभ लेकिन भूमि का कोई पता नहीं बेवा बैनामा धारकों की भूमि पर कहीं पटाई कही नींव खुदवाईं जारी बेवा न्याय के लिए जाए तो जाए कहां**

- मुझे नहीं पता था यह बेवा की भूमि है नगर पंचायत खीरी द्वारा जहां बताया गया नींव खोद दी ठेकेदार हेमू गुप्ता



जन एक्सप्रेस। सुनहरा

लखीमपुर खीरी। खीरी टाउन में बन रहे निर्माणधीन रामलीला पार्क दो साल से अधर में अटकी हुई हैं टेंडर पास शिलान्यास होने के बाद निर्माण कार्य जारी लेकिन रामलीला पार्क का क्षेत्रफल क्या है नक्शा पास है की नहीं कुछ भाग में नींव खुलकर भर भी दी गई और मिट्टी भी पटाई भी हो गई लेकिन रोड़ के तरफ़ पड़े प्लाट पर कभी मिट्टी पटाई कही नींव खुदाई के मामले सामने आ रहे हैं राजस्व मंत्री को दिए गए शिकायती पत्र में मोहल्ला शिव कालोनी चौकी संकटा देवी कोतवाली सदर व तहसील लखीमपुर परगना व जिला खीरी की रहने वाली पीडता परवीन बेगम ने बताया कि पति ने नौ वर्ष पूर्व खीरी में चौकी के सामने गाटा संख्या 14 के जुज भाग आवासीय एक प्लाट नंबर 16 के जुज़ भाग में लिया था जिसकी गाटा संख्या 14 है। मोहल्ला जोशी टोला खीरी चौकी के सामने महादेव प्रसाद त्रिपुरारी लाल भारती, शंकर लाल पुत्रगण रामसुख निवासीगण मोहल्ला महराजनगर तहसील लखीमपुर परगना व जिला लखीमपुर चौकी रोडवेज कोतवाली सदर लखीमपुर-खीरी से खरीदा था जिसकी लम्बाई 80 फुट व चौड़ाई 15 फुट है उक्त प्लाट पीड़िता के पति ने दो भागों में बैनामा कराया था जिसका आगे का हिस्सा रोड की तरफ 15 बाई 30 पीड़िता बेवा के पति स्व शाहिद अली के नाम 24.अक्टूबर.2016 को बैनामा हुआ था जिसकी बही संख्या एक जिल्द संख्या 10 872 पृष्ठ संख्या 213 से 254 क्रमांक 15346 रजिस्ट्री कृत किया गया था तथा पीछे का आन 15 बाई 50 पीड़िता परवीन बेगम के नाम 09.01.2017 को बही संख्या 1 जिल्द संख्या 10952 पृष्ठ संख्या 27 से 62 पर क्रमांक 207 रजिस्ट्री कृत किया गया था। जिसका दाखिल खारिज नगर पंचायत खीरी में है। पीड़िता बेवा के पति की प्लाट खरीदने के कुछ वर्षों बाद से स्वास्थ्य ठीक नहीं रहता था जिसकी बीमारी को लेकर पीड़िता भाग-दौड़ में लगी रहती थी जिस कारण अपने उक्त प्लाट की चौहद्दी नहीं करा पाई जो भी पैसा था पति की बीमारी में लगता रहा आर्थिक तंगी से जूझ रही पीड़िता के आय का स्रोत पति ही था जिसकी दिनांक लंबी बीमारी के चलते 23.मई.2025 को मृत्यु हो गई

उक्त प्लाट के पीछे बन रहे सरकारी पार्क के उक्त ठेकेदार ने नींव खोदवाकर पीड़िता को प्रताड़ित किया है जबकि न तो उक्त ठेकेदारऔर न तो सरकारी बन रहे पार्क का उक्त भूमि से न कोई वास्ता न कोई सरोकार है इससे पूर्व भी पीड़िता की भूमि पर मिट्टी डाली गई थी जिसकी शिकायत पीड़िता ने दिनांक 9-जून 2025 को लेखपाल से लेकर प्रधानमंत्री तक से की जिसकी आनलाइन शिकायत भी पीड़िता ने की जिसकी संदर्भ संख्या 12153250125065 है जिसमें लगाई गई आख्या में नायाब तहसीलदार ने कहा है की गाटा संख्या 14 का अधिकतर भाग खाली पड़ा हुआ है। पुनः दिनांक 21-अक्टूबर-2025 को पीड़िता प्लाट देखने गयी तो वहां पर नींव खुदी पाई जानकारी करने पर पता चला उक्त ठेकेदार ने नींव खुदवाईं है जब ठेकेदार से जानकारी चाही तो उन्होंने बताया हम लोगों को जमीन के बारे में कोई भी जानकारी नहीं है जहां पर नगर पालिका के अधिकारी बताएंगे वहीं पर ही पार्क बनाया जाएगा उन लोगों ने बताया कि यह जमीन नगर पालिका की है तो वहां पर न्यू खुदवा दी गई मौके पर जाकर नगर पंचायत अध्यक्ष ने बताया यह जमीन रामलीला पार्क की है जबकि सच्चाई यह है उक्त प्लांट न राम लीला पार्क और से और न उक्त ठेकेदार व नगर पंचायत खीरी से उक्त प्लाट गाटा संख्या 14 का न कोई वास्ता न कोई सरोकार है तो पीड़िता को क्यों परेशान किया जा रहा पति की मौत के बाद दो जून की रोटी के लिए तरस रही पीड़िता के पास उक्त प्लाट की चौहद्दी के लिए रूपए नही है जो अपनी जवान पुत्री की शादी तय होने पर भी बेचकर शादी करेंगी। लेकिन नगर पंचायत खीरी अध्यक्ष एवं ईओ की भ्रष्ट कार्यशैली का खामियाजा पीड़िता को भुगतान पड़ रहा है। क्योंकि ठेकेदार द्वारा भी रामलीला पार्क की भूमि की जानकारी करने के नाम पर भ्रमित किया जा रहा है वैसे भी नगर पंचायत खीरी सदैव विवादों में रहतीं हैं जिसका कारण नगर पंचायत खीरी में व्याप्त भ्रष्टाचार है। अगर नगर पंचायत खीरी की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए तो नगर पंचायत अध्यक्ष व ईओ की संलिप्तता सामने आएगी पीड़िता का कहना है अगर उसके प्लाट से छेड़छाड़ की गई तो वो आत्महत्या कर लेगी जिसके जिम्मेदार नगर पंचायत अध्यक्ष ईओ, व राम लीला ठेकेदार की होगी देखते हैं मामला उच्च स्तरीय अधिकारियों के पास पहुंचा है पीड़िता को न्याय मिल पाता है यह न्याय के लिए बेवा दर-दर भटकने को मजबूर हैं।

# जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान की समीक्षा

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



गांधी सभागार में शुक्रवार को जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति, संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद के सभी स्वास्थ्य एवं सहयोगी विभागों की प्रगति की समीक्षा की गई और आगामी कार्ययोजना पर दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान स्वास्थ्य इकाइयों के प्रमाणीकरण, मातृ मृत्यु दर, जननी सुरक्षा योजना में डिलीवरी एवं भुगतान की स्थिति, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं सब सेंटरों पर प्रसव सुविधा, आशा कार्यकर्ताओं को भुगतान, मंत्र ऐप की प्रगति, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, जन्मजात दोष से ग्रसित बच्चों की सर्जरी, आभा आईडी रिपोर्ट, परिवार नियोजन कार्यक्रम तथा प्रति सप्ताह दी जाने वाली आयरन व फोलिक एसिड सप्लीमेंट की समीक्षा की गई।

साथ ही जन्म-मृत्यु पंजीकरण, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की क्रियाशीलता, दवाओं की उपलब्धता, राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन और राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम जैसे बिंदुओं पर भी विस्तृत चर्चा की गई। संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के तहत जिलाधिकारी ने जनपद में व्यापक सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम के लिए हर स्तर पर सतर्कता जरूरी है। बैठक में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत विभागवार लक्ष्य के सापेक्ष साप्ताहिक उपलब्धियों पर भी चर्चा की गई। टीकाकरण कार्यक्रम की समीक्षा में मीजल्स- रूबेला, नियमित टीकाकरण, हेपेटाइटिस बर्थ डोज की प्रगति पर भी जानकारी ली गई। पंचायतीराज विभाग द्वारा झाड़ियों की छटाई, जल निकासी कार्य, शहरी क्षेत्रों में फॉगिंग और एंटी लार्वा छिड़काव जैसे कार्यों की जानकारी दी गई। वहीं कृषि, पशुपालन, शिक्षा, स्वच्छ भारत मिशन व स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित दस्तक अभियान की गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा हुई। यूनीसेफ के प्रतिनिधि द्वारा हाईपरटेंशन, डायबिटीज, आवश्यक दवाओं व उपकरणों की उपलब्धता, वैक्सीनेशन एवं कोल्ड चेन पॉइंट की स्थिति से संबंधित विवरण प्रस्तुत किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के तहत घर-घर जाकर लोगों को जागरूक किया जाए और साफ-सफाई को लेकर विशेष अभियान चलाया जाए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# पेराई सत्र समय पर शुरू होना व बिना रुकावट जारी रहना

**प्रशासन और मिल दोनों की साझा जिम्मेदारी- खुशीराम भार्गव**



जन एक्सप्रेस। मुकेश कुमार

पीलीभीत। आगामी गन्ना पेराई सत्र को लेकर तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव ने किसान सहकारी चीनी मिल, पूरनपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने मिल परिसर में चल रहे अनुरक्षण एवं मरम्मत कार्यों की बारीकी से समीक्षा की और तैयारियों की स्थिति का प्रत्यक्ष रूप से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान प्रधान प्रबंधक, मुख्य अभियंता तथा मिल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। प्रधान प्रबंधक ने गन्ना अधिकारी को विस्तार से अवगत कराया कि मिल की मशीनरी के विभिन्न हिस्सों में मरम्मत, ग्रीसिंग, बेल्ट बदलने और सुरक्षा उपकरणों के परीक्षण का कार्य तेजी से चल रहा है। तकनीकी टीम यह सुनिश्चित करने में जुटी है कि आगामी पेराई सत्र के लिए मिल पूरी तरह कार्यशील स्थिति में आ जाए।

गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव ने निरीक्षण के बाद मिल प्रबंधन की तैयारियों पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पेराई सत्र प्रारंभ होने से पहले सभी सुरक्षा, तकनीकी एवं स्वच्छता व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाएं, ताकि किसानों को गन्ना तौल या आपूर्ति के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि शासन स्तर से गन्ना पेराई सत्र को लेकर निरंतर निगरानी और समीक्षा की जा रही है। समय पर पेराई प्रारंभ होना न केवल किसानों की आय से जुड़ा है, बल्कि इससे जनपद की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलती है। गन्ना अधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य समय पर दिलाने की है। इसके लिए सभी संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने मिल अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों की सुविधा हेतु तौल केंद्रों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, पंखे, पीने के पानी और गन्ना गाड़ियों की आवाजाही के लिए सुगम व्यवस्था समय रहते सुनिश्चित की जाए।

अंत में गन्ना अधिकारी ने कहा गन्ना किसान हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। उनका हित और सुविधा ही हमारी प्राथमिकता है। पेराई सत्र समय पर शुरू होना और बिना रुकावट जारी रहना, प्रशासन और मिल दोनों की साझा जिम्मेदारी है।

पूरनपुर की चीनी मिल का यह निरीक्षण दर्शाता है कि इस वर्ष शासन व प्रशासन पेराई सत्र को लेकर बेहद गंभीर है। यदि मिलें समय से चालू हो जाती हैं तो न केवल किसानों की आय बढ़ेगी बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में भी गति आएगी। उम्मीद की जानी चाहिए कि इस बार पेराई सत्र बिना किसी तकनीकी अड़चन या विलंब के, सुचारु रूप से संपन्न होगा।

# तीन महीनों से न्याय के लिए दर-दर भटकने को मजबूर बेटी के संग पीड़िता

- एसपी खीरी से भी लगा चुकी न्याय की गुहार अब सूबे के मुखिया से बताएगी अपनी पीडा

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



थाना गोला क्षेत्र के गांव निवासी पीड़िता ने बताया की उसी के गाँव का रहने वाला इमरान कुरैसी पुत्र नजमुल्ला कुरैसी तीन वर्षो से शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करता रहा इस बीच पीड़िता की माँ को भनक लग गई तो उन्होंने पीड़िता की शादी बे-आबरू होने से बचने के लिए अन्य जगह कर दी मगर इमरान कुरैसी ने पीड़िता से बात करना नही बंद किया जिसकी भनक उसके पति को लग गई तो उसने अपनी पत्नी पीड़िता को छोड़ दिया।इमरान अपनी चाल में कामयाब हो गया और पीड़िता को विश्वास में लेकर फिर से उसकी आबरू के साथ खेलता रहा तब पीड़िता की माँ ने शादी करने का दबाब इमरान कुरैसी पर डाला जिसे वह लगातार टालता रहा। दिनांक 9 जुलाई 2025 को पीड़िता की माँ ने इमरान कुरैसी के घर जाकर शादी की बात करने लगी तब इमरान कुरैसी व उसकी माँ शमशुल निशा पत्नी नजमुल्ला,इमरान की नानी आलमून पत्नी अब्दुल रहमान, और इमरान के मामा छोटे उर्फ़ तोता पुत्र अब्दुल रहमान ने शादी करने से मना कर दिया व गाली गलौज मारपीट करके घर से बेइज्जत कर के भगा दिया। पीड़िता की माँ ने दिनांक 9 जुलाई 2025 को कोतवाली गोला में प्रार्थना पत्र दिया परन्तु पीड़िता के साथ न्याय नही किया। पीड़िता की माँ के द्वारा हताश होकर दिनांक 14 जुलाई 2025 को एसपी खीरी को भी प्रार्थना पत्र दिया गया लेकिन पीड़िता को सिर्फ निराशा ही मिली।

मजे की बात तो ये है की इमरान कुरैसी पीड़िता से अभी भी कर रहा फोन पर बात और लगातार दे रहा शादी करने का आशवासन व धमकियां अगर पुलिस करे निस्पक्ष कार्यवाही तो काल डिटेल से सारे मामले का हो जायेगा खुलासा मगर पीड़िता के गरीब व असहाय होने के चलते नही सुनी जा रही कोई बात विपक्षी काफी दबंग व पैसे वाले होने के चलते पुलिस कार्यवाही करने से कतराती रही है अब सूबे के मुखिया माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने पेश होकर पीड़िता न्याय और कार्यवाही की करेगी मांग साथ ही महिला आयोग सहित उच्चाधिकारियों को भी पत्र के माध्यम से भेजेगी शिकायत।

### बेटों ने हिस्सा न देने पर पिता को पीटा

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। मझगई थाना क्षेत्र में संपत्ति के बंटवारे को लेकर दो बेटों ने अपने पिता और छोटे भाई की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे भानपुरवा गांव में हुई। इस मारपीट में पिता और छोटे भाई दोनों को चोटें आई हैं। पीड़ित परिवार की बहू शालिनी देवी ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनके ससुर मेडई पुत्र शिवचरन लाल सुबह अपने बक्शे में धान डाल रहे थे। तभी उनके दोनों जेठ वहां पहुंचे और बक्शे में अपने हिस्से की बात कहने लगे।जब ससुर मेडई ने कहा कि 卐अभी मैं जिंदा हूं, बाद में इसका हिस्सा लगा दूंगा卐, तो दोनों जेठ ने उन्हें गालियां देना शुरू कर दिया और मारपीट करने लगे। शालिनी देवी ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो आरोपियों ने उन्हें भी पीटने की धमकी दी। इसके बाद शालिनी देवी के पति लालता प्रसाद (मेडई के छोटे बेटे) बीच-बचाव करने आए। विपक्षियों ने उन्हें लाठी-डंडों से बुरी तरह पीटा। इस दौरान आरोपी ने लालता प्रसाद के सिर पर लाठी से वार कर दिया। मारपीट में लालता प्रसाद के सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं, जबकि उनके पिता मेडई को भी शरीर पर चोटें लगी हैं। शालिनी देवी ने मझगई थाने में शिकायत दर्ज कराकर आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### हास्पिटल में प्रसूता की मौत पति की शिकायत पर अस्पताल पहुंची पुलिस

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। निजी अस्पताल में प्रसव के बाद प्रसूता की हालत बिगड़ गई। उसे पीलीभीत रेफर कर दिया गया। वहां अस्पताल में प्रसूता को मृत घोषित कर दिया गया। परिजनों ने डाक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर जांच पड़ताल की। थाना माधोटांडा के गांव पिपरिया संतोष के रहने हरपाल ने अपनी गर्भवती पत्नी देवकी देवी को गुरुवार को प्रसव पीड़ा होने पर माधोटांडा सीएचसी में भर्ती कराया। डाक्टर ने जांच के बाद प्रसव में समय बताया। आरोप है आशा ने कस्बे के ही सेवा अस्पताल में सुरक्षित प्रसव कराने का आश्वासन दिया। आशा के कहने पर परिजन गर्भवती देवकी को सेवा अस्पताल ले गए। वहां महिला साधारण प्रसव से बच्ची को जन्म दिया। कुछ देर बाद महिला को रक्तस्त्राव होने लगा। परिजनों के बताने पर डाक्टर ने उपचार कि लेकिन रक्तस्त्राव बंद नहीं हुआ। इस दौरान महिला अचेत हो गई। डाक्टर ने उसे पीलीभीत रेफर कर दिया। पीलभ्सीत के एक निजी अस्पताल में डाक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। परिजन उसका शव लेकर वापस सेवा अस्पताल पहुंचे और डाक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की। सूचना मिलते ही थाना माधोटांडा पुलिस अस्पताल पहुंच गई। जानकारी लगते ही पूरनपुर सीएचसी के प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. मनीष भी सेवा अस्पताल पहुंचे और जांच पड़ताल की। परिजनों ने बताया कि सेवा अस्पताल के डाक्टर की लापरवाही से प्रसूता की मौत इसी अस्पताल में हो गई। उसके बावजूद जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया।

### मेले में छेड़छाड़ कर रहे युवक को भीड़ ने पीटा

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। मेले में महिलाओं के साथ छेड़छाड़ करने वाले एक शोहदे की लोगों ने पिटाई लगा दी। इससे खलबली मच गई। मेले में हुई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि पुलिस मामले से अनभिज्ञता जता रही है। कस्बे में श्री रामलीला मेला चल रहा है। लीला मंचन समाप्त होने के बाद भी मिला पूरे सबाब पर है। हजारों की भीड़ रोजाना मेले में पहुंच रही है। गुरुवार को मेले में भारी भीड़ चल रही थी इस दौरान एक युवक ने भीड़ में घुसकर महिलाओं के साथ छेड़छाड़ कर दी। महिलाओं के विरोध करने पर लोगों ने छेड़छाड़ करने वाले युवक को पकड़ लिया और उसकी जमकर धुनाई लगाई। हालांकि मेले में मौजूद पुलिस कर्मियों को घटना की जानकारी नहीं लग सकी। धुनाई करने के बाद खुद लोगों ने ही युवक को पुलिस के हवाले कर दिया। मेले में हुई मारपीट के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। कोतवाल पवन कुमार पांडे ने बताया उन्हें मेले में हुई मारपीट के बारे में जानकारी नहीं है।

### घर से ले जाकर की गई मोहन की हत्या पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। युवक का शवनाले में मिलने के मामले में पुलिस ने गांव के ही तीन आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। तीनों युवक मोहन को घर दावत करने के बहाने बुलाकर ले गए थे। पुलिस ने तीनों को हिरासत में ले लिया है। थाना माधोटांडा क्षेत्र के गांव महाराजपुर के मोहन राय पुत्र दुलाल राय का शव के पास नाले में पड़ा मिला था। पुलिस ने इस मामले में गांव के ही संजय सरदार पुत्र विश्वजीत सरदार, जयदेव राय पुत्र खोकन राय और रंजीत मंडल पुत्र भद्र मंडल के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। मृतक मोहन की की मां नीलू राय की ओर से इस मामले में मुकदमा दर्ज कराया गया है। इसें बताया गया कि मोहन 22 अक्टूबर को गांव के ही अचिंत राय के बच्चे के जन्मदिन की दावत में गया था। वहां डीजेपर डांस के दौरान मोहन का संजय सरदार से विवाद हुआ। उसके बाद मोहन घर वापस चला गया। कुछ देर बाद आरोपी संजय जयदेव और रंजीत के साथ फिर मोहन के घर पहुंच गया। वह मोहन को फिर दावत करने के बहाने रात लगभग साढ़े 11 बजे घर बुलाकर ले गए। सुबह तक मोहन के वापस न लौटने पर परिजनों ने उसकी खोजबीन की। गुरुवार को उसका शव गांव के बाहर सिंचाई विभाग के नाले में पड़ा मिला।

# दहेज ने मिलने पर ससुरालियों ने विवाहिता को उत्तर मौत के घाट

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

दहेज में अंगूठी और कार न मिलने पर ससुराल में विवाहिता को मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने विवाहिता के शव का पोस्टमार्टम कराया। पिता न कारवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी।पुलिस ने पति सहित चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाना हजारा क्षेत्र के गांव चंदिया हजारा के रहने वाले उपास सरकार ने अपनी बेटी गीता वर्मा की शादी वर्ष 2020 में विजय वर्मा पुत्र रामपाल निवासी गाभिया सहराई के साथ किया था। शादी के बाद विवाहिता का पति विजय वर्मा उसका भाई गोपाल वर्मा, मुन्ना वर्मा और सपना वर्मा पत्नी गोपाल वर्मा विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। आरोप है ससुराल वालों ने कई बार गीता के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। लोगों के समझाने पर भी ससुराल के व्यवहार में बदलाव नहीं आया। वह दहेज में एक कार और सभी के लिए अलग-अलग सोने की अंगूठी की मांग करने लगे। दहेज न मिलने पर ससुराल वालों ने विवाहिता को प्रताड़ित किया। आरोप है दहेज न मिलने पर 21 अक्टूबर को ससुरालियों ने गीता की हत्या कर दी। जानकारी लगने पर उसके मायके वाले ससुराल पहुंच गए। उन्होंने सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने विवाहिता के शव का पोस्टमार्टम करा क पिता उपास सरकार की ओर से विजय वर्मा, गोपाल वर्मा, मुन्ना वर्मा और सपना वर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# 70वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, जनपद खीरी द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

शुक्रवार को 70वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, लखीमपुर खीरी द्वारा बल कार्मिकों के सर्वांगीण विकास, सामाजिक जागरूकता एवं जनसंपर्क को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से न केवल बल कार्मिकों में अनुशासन, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया, बल्कि स्थानीय नागरिकों में भी जनहित के प्रति सकारात्मक संदेश प्रसारित किया गया। स्नढ्ढह्ल ढ्ढठ्ठस्रद्बड्ड स्नह्वद्दद्गस्रश्चद्ब ऋह्वठ्ठ 6.0 के अंतर्गत बल कार्मिकों ने स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत का संदेश देते हुए दौड़, योग एवं शारीरिक अभ्यास किया। इस अवसर पर सभी कार्मिकों ने यह संकल्प लिया कि वे अपने दैनिक जीवन में स्वास्थ्य और स्वच्छता को प्राथमिकता देंगे तथा समाज में भी इसके प्रति जनजागरूकता फैलाएंगे। इसके अतिरिक्त पदोन्नति समारोह के अंतर्गत बल के पदोन्नत कार्मिकों को सम्मानपूर्वक पदोन्नति प्रदान की गई। इस अवसर पर अधिकारियों द्वारा कार्मिकों को उनके उत्कृष्ट कार्य, कर्तव्यनिष्ठा एवं अनुशासन के लिए बधाई दी गई तथा उन्हें भविष्य में भी इसी प्रकार लगनपूर्वक सेवा करते रहने के लिए प्रेरित किया गया।साथ ही साइबर क्राइम जागरूकता अभियान के तहत बल कार्मिकों को साइबर अपराधों से बचाव एवं सतर्कता के उपायों की जानकारी दी गई।

इस दौरान ऑनलाइन धोखाधड़ी,फर्जी लिंक,डेटा सुरक्षा तथा सोशल मीडिया पर सुरक्षित आचरण जैसे विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई ताकि सभी कार्मिक डिजिटल सुरक्षा के प्रति अधिक जागरूक रह सकें साथ ही अपने परिवार एवं स्थानीय नागरिको को भी इस विषय पर जागरूक करें।स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 70वीं वाहिनी एसएसबी लखीमपुर खीरी की डी समवाय बरसोला द्वारा प्राथमिक उच्च प्राथमिक विद्यालय, जसनगर में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर एवं आस-पास के क्षेत्र में साफ-सफाई अभियान चलाया गया तथा विद्यार्थियों और ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। इन सभी गतिविधियों के माध्यम से 70वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, लखीमपुर खीरी ने यह संदेश दिया

# डीएम ने किसानों की आय बढ़ाने की रणनीति पर दिया जोर

जन एक्सप्रेस। उरई





कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला औद्यानिक मिशन समिति, जनपद स्तरीय क्रियान्वयन समिति एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना समिति की संयुक्त बैठक संपन्न हुई।बैठक में विभिन्न औद्यानिक विकास योजनाओं की कार्ययोजना एवं वित्तीय लक्ष्यों का अनुमोदन किया गया। बैठक में उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा जनपद में संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। बताया गया कि विभागीय योजनाओं के अंतर्गत स्ट्राबेरी (01 हे0), ड्रैगन फूट (01 हे0), खजूर (01 हे0), करौंदा (02 हे0), बेर (10 हे0), प्याज (50 हे0), लहसुन (04 हे0), जैविक खेती (03 हे0), हल्दी (03 हे0) तथा अदरख (02 हे0) जैसी फसलों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके अलावा शाकभाजी हेतु मचान, तारबंदी, जैविक विधियाँ, लाइट ट्रैप, पावर नेप स्प्रेयर व अन्य उपकरणों के माध्यम से किसानों को आधुनिक तकनीक से जोड़ा जा रहा है। कहा कि ÷खजूर, ड्रैगन फूट, स्ट्राबेरी जैसी अपरंपरागत बागवानी फसलें बुंदेलखंड के लिए आर्थिक बदलाव का माध्यम बन सकती हैं।÷ उन्होंने निर्देश दिए कि अधिक से अधिक किसानों को औद्यानिक योजनाओं से जोड़कर उनकी आमदनी में वास्तविक वृद्धि सुनिश्चित की जाए। साथ ही प्रधानमंत्री धन्यधान योजना के तहत पोस्ट हार्वेस्ट प्रोसेसिंग एवं वैल्यू एडिशन को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। उद्यान अधिकारी ने बताया कि बुंदेलखंड एवं विंध्य क्षेत्रीय औद्यानिक विकास योजना के अंतर्गत 50 हे0 क्षेत्रफल में कार्यलक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसमें कृषकों को 3000 रुपये प्रतिमाह की दर से तीन वर्ष तक अनुदान दिया जाएगा। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई पर ड्रॉप मोर क्रॉप योजना में 3970 हे0 क्षेत्रफल के सापेक्ष 13.86 करोड़ रुपये की कार्ययोजना अनुमोदित की गई। वहीं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना के तहत 861 यूनिट स्थापना का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसमें 35 प्रतिशत या अधिकतम 10 लाख की राज्य सहायता स्वीकृत है।।डीएम ने निर्देशित किया कि योजनाओं के भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए, विशेषकर अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के कृषकों को प्राथमिकता देकर अधिकतम लाभ पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि विभागीय योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार से ही किसान नए अवसरों से जुड़ सकेंगे। इस अवसर पर निशान्त पाण्डेय (जिला विकास अधिकारी), अखिलेश तिवारी (परियोजना निदेशक), आनंद सिंह (वरिष्ठ कोषाधिकारी), गौरव यादव (जिला कृषि अधिकारी), राम अयोध्या प्रसाद (जिला पंचायत राज अधिकारी), राकेश त्रिवेदी एवं मो. मुस्तफा (समन्वयक, कृषि विज्ञान केंद्र) सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## दुस्साहस : कवरेज के दौरान अराजक तत्वों ने पत्रकार के साथ की मारपीट, मुकदमा

**जन एक्सप्रेस/प्रतापगढ़।** जनपद की पट्टी कोतवाली इलाके के एक गांव में अवैध कब्जे की शिकायत पर राजस्व विभाग की टीम मौके पर पैमाइश के लिए गयी थी जहां कवरेज के लिए गये एक पत्रकार के साथ अराजक तत्वों ने मारपीट की। मामले में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी।

मिली जानकारी के अनुसार पट्टी थाना क्षेत्र के सांगापट्टी गांव निवासी विशाल कुमार पत्रकार हैं। थाना क्षेत्र अंतर्गत पट्टी रानीगंज मार्ग पर पुरेघना गांव में बुधवार शाम लगभग चार बजे सरकारी स्कूल की जमीन पर अवैध कब्जे के मामले में राजस्व विभाग द्वारा पैमाइश व अन्य कार्रवाई के प्रकरण में समाचार संकलन हेतु मौके पर गये थे। इस दौरान उनके साथ लगभग आधा दर्जन दबंगों द्वारा मारपीट की गयी। पत्रकार ने पट्टी कोतवाली में तहरीर देते हुए ये आरोप लगाया है कि जब वह अपना मोबाइल निकालकर घटनाक्रम का वीडियो व फोटो बनाने लगे तो वहां मौजूद लगभग आधा दर्जन अराजक तत्वों ने उनका मोबाइल छीन लिया और जमीन पर पटक दिया साथ ही अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए अपमानित किया। इतना ही नहीं उसके बाद दबंगों ने लाठी डंडे से उन पर हमला भी बोल दिया। अराजक तत्वों ने बेरहमी से उन्हें मारा पीटा और घायल कर दिया। साथ ही बाइक को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। हल्ला गुहार के बाद स्थानीय लोगों के पहुंचते ही आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गये। चर्चा है कि राजस्व विभाग द्वारा की जा रही पैमाइश व अन्य कार्रवाई के दौरान अगर सम्बन्धित थाने की पुलिस वहां मौजूद होती तो शायद ये घटना टल जाती। फिलहाल पुलिस पत्रकार की तहरीर पर छः आरोपियों के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच में जुटी है।

## मारपीट में घायल बालिका की मौत के मामले में सात गिरफ्तार, एक नाबालिग भी पकड़ा गया



जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़

जिले की बाघराय पुलिस ने थाना इलाके के रुद्र का पुरवा बेधनगोपालपुर गांव में हुई हिंसक झड़प में एक किशोरी की मौत के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही एक नाबालिग बाल अपचारी को हिरासत में लिया गया है।

गौरतलब हो कि रुद्र का पुरवा बेधनगोपालपुर गांव में बीते रविवार को छेड़खानी के विवाद के बाद मामला कुछ लोगों के हस्तक्षेप के बाद शांत हो गया था। लेकिन अगले ही दिन सोमवार को देर रात आरोपी हरीलाल, अंकित, प्रदीप, बलदेव, शिवा, अरुण, धर्मेन्द्र और उनके अन्य सहयोगियों ने कट्टा, कुल्हाड़ी, सरिया और लाठी-डंडों से लैस होकर वादी के घर पर हमला कर दिया। इस हमले में वादी और उनकी 18 वर्षीय बेटी पूजा, भतीजा बाले और भाई की पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। हिंसक झड़प में गंभीर रूप से घायल 12 वर्षीय पूजा सरोज की इलाज के दौरान स्वरुप रानी अस्पताल में गुरुवार को मौत हो गई। बच्ची की मौत के बाद गांव में तनाव फैल गया है। पुलिस ने मामले में पहले से ही दर्ज मुकदमे में हत्या की धारा 103 जोड़ने के साथ ही आरोपियों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी। उसी क्रम में बाघराय पुलिस ने शुक्रवार को सात अभियुक्तों को गिरफ्तार करने के साथ ही एक नाबालिक आरोपी को भी हिरासत में लेकर न्यायालय में पेश किया जहां से उन सबको जेल भेज दिया गया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त चार लाठी, एक बांस का डण्डा, एक कुल्हाड़ी, लोहे की एक सरिया, एक अवैध तमंचे के साथ ही एक कारतूस भी बरामद किया गया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों ने पूछताछ में स्वीकार किया है कि मारपीट की घटना में बरामद लाठी-डंडे, कुल्हाड़ी और सरिया का उपयोग किया गया था।

## बैंकों में अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों से पूंछताछ कर पुलिस ने हटाया

जन एक्सप्रेस। महोबा

बैंक व अन्य वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर जनपद में पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुबे के नेतृत्व में जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया, जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी। जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे। इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया। साथ ही बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया। इसके साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी। इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी।

# भाजपा धूमधाम से मनायेगी सरदार पटेल की 150वीं जयंती, निकालेगी यूनिटी मार्च

जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़



जिले में शुक्रवार को अफीम कोठी के कांफ्रेंस हाल में भारतीय जनता पार्टी द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी जिले भर में सरदार वल्लभभाई पटेल के आदर्शों और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए 31 अक्टूबर से 6 दिसंबर तक एक विशेष अभियान चलाएगी। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सरदार पटेल की प्रेरणा से भारत को मजबूत, संगठित और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम कर रही है। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को यादगार और प्रेरणादायी बनाने के लिए जिलेभर में व्यापक अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में विशेष सम्मेलन और पदयात्राएं आयोजित की जाएंगी। इन सम्मेलनों में पार्टी के वरिष्ठ नेता, सामाजिक कार्यकर्ता और प्रबुद्ध नागरिक हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि उनका जीवन राष्ट्रभक्ति, ईमानदारी और सशक्त नेतृत्व का प्रतीक है, और भाजपा चाहती है कि युवा पीढ़ी उनके संघर्ष और समर्पण से प्रेरणा लें। इस अभियान के तहत स्कूलों, कॉलेजों और सामाजिक संस्थाओं में विचार गोष्ठियां, चित्रकला प्रतियोगिताएं और निबंध लेखन जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। साथ ही %रन फॉर यूनिटी% दौड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन होगा। और अंत में उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को निर्देशित करते हुए कहा कि वे अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ें। पार्टी का प्रयास है कि सरदार पटेल की 150वीं जयंती केवल एक स्मरण दिवस न रहे, बल्कि यह आयोजन उनके विचारों और सिद्धांतों को जीवंत रखने का माध्यम बने। प्रेसवार्ता के दौरान सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्या, जिला प्रभारी कौशलेन्द्र पटेल, जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, जिलामहामंत्री राजेश सिंह, जिला प्रवक्ता राघवेंद्र शुक्ला, सह मिडिया प्रभारी देवेश त्रिपाठी उपस्थित रहे।

## डीएम ने जिला पोषण समिति/कन्वर्जेन्स विभाग की समीक्षा बैठक

जन एक्सप्रेस। उरई

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलैक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति/कन्वर्जेन्स विभाग की समीक्षा बैठक कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निदेश दिये। डीएम ने बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के कार्यों/योजनाओं यथा-राष्ट्रीय पोषण माह में आयोजित गतिविधियों की फीडिंग, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा पोषण ट्रैकर पर फीडिंग, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, एनआरसी में बच्चों का संदर्भन, आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण व आंगनवाड़ी भर्ती प्रक्रिया के विषय पर विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने पोषण ट्रैकर पर लाभार्थियों के फेस कैप्चरिंग और ई-केवाईसी में प्रगति खराब होने पर सीडीपीओ कोंच, रामपुरा, कुठौंद व माधौगढ़ को नोटिस जारी करने हेतु निर्देशित किया गया तथा सभी सीडीपीओ 03 दिन में लगकर 90 प्रतिशत एफआरएस कराएं अन्यथा प्रभारी पद से हटा दिया जाएगा। अनुपूरक पुष्टाहार फीडिंग में परियोजना कोंच की स्थिति सबसे खराब होने पर प्रभारी सीडीपीओ कोंच का वेतन रोकने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही सभी सीडीपीओ और सुपरवाइजर को निर्देशित किया गया कि विभागीय योजनाओं का संचालन सुचारू रूप से किया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की अनियमितता न हो, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना के अधिक से अधिक लाभार्थियों का आवेदन कराया जाए। बच्चों के वजन मापन में माधौगढ़ सीडीपीओ को चेतावनी दी गई।

## सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा : तहसील प्रशासन ने करवाया अतिक्रमण मुक्त

जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़



ग्राम सभा की बेशकीमती जमीन को कब्जा करने की नीयत से दीपावली के दिन गांव के ही सरहंग लोगों ने शुरू किया निमार्ण। जिसे तहसील प्रशासन द्वारा नाप कराने के बाद सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर भारी फोर्स मौजूद रही।

बता दें कि पट्टी-रानीगंज मार्ग पर स्थित पूरेधना गांव के समीप सरकारी विद्यालय के नाम पर लगभग सात विस्वा ग्रामसभा की जमीन है। जिस पर कब्जा करने की नीयत से गांव के ही कुछ सरहंग लोगों द्वारा दीपावली के दिन निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। मामले की जानकारी जब हल्का लेखपाल हरिश्चंद्र को हुई तो उन्होंने पट्टी तहसीलदार पवन सिंह को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे तहसीलदार ने जमीन की नाप कराई और अवैध रूप से हुए अतिक्रमण को हटाने के लिए कहा गया जिसके बाद दबंग आक्रोशित हो गए। इस दौरान तहसीलदार व लोगों के बीच काफी नोंकझोंक व तीखी बहस भी हुई। तहसीलदार ने घटना की सूचना उपजिलाधिकारी पूर्णेन्दु मिश्रा को दी। मौके पर पहुँचे एसडीएम पट्टी ने टीम गठित कर पूरे जमीन की पैमाइश कराई तो कब्जा सरकारी जमीन पर ही निकला। शुक्रवार को तहसीलदार पवन सिंह राजस्वकर्मियों व पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराते हुए अवैध कब्जे को हटवा दिया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात रहा। उक्त मामले के बाबत तहसीलदार पट्टी ने बताया कि सरकारी स्कूल के नाम दर्ज जमीन पर हुए अवैध कब्जे को खाली करवा दिया गया है। अब उस जमीन पर किसी प्रकार का कोई अवैध अतिक्रमण नहीं है।

## मौत को दावत दे रहा केबिल के सहारे लटका विद्युत पोल

**महोबा।** विद्युत विभाग की लारवाही के चलते किसी भी दिन कोई बडा हादसा घटित हो सकता है। एक विद्युत पोल सिर्फ एक केबिल के सहारे लटक रहा है। जो किसी भी दिन गिर सकता है। कई बार इसकी शिकायत करने के बाद भी विभागीय अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नही दे रहे है। जिससे लोगों में विभागीय अधिकारियों के प्रति नाराजगी पनप रही है। बता दे कि लवकुशनगर रोड स्थित परशु के गोगदाम के पास एक सीमेन्ट का विद्युत पोल नीचे से टूट चुका है और मात्र एक केबिल के सहारे लटका हुआ किसी बडी दुर्घटना को दावत दे रहा है। यह पोल किसी भी दिन टूटकर गिर सकता है, जिससे कोई भी बडी दुर्घटना घटित हो सकती है। इसके बाद भी विभागीय अधिकारी है कि इस ओर कोई ध्यान नही दे रहे है। जबकि मुहालवासियों ने कई बार इसकी शिकायत प्रशासनिक अधिकारियों सहित पोर्टल पर भी की है। परन्तु विद्युत विभाग के उदासीन अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नही दे रहे है।

## पराली प्रबंधन जागरूकता अभियान : प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़



जनपद में किसानों को पराली जलाने से रोकने और उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से पराली प्रबंधन जागरूकता प्रचार वाहन को शुक्रवार को रवाना किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों के लिए इस वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रचार वाहन को मुख्य राजस्व अधिकारी अजय कुमार तिवारी, उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी सदर शिव नरायन वैश द्वारा हरी झण्डी दिखाकर कृषि भवन प्रतापगढ़ के प्रांगण से जनपद की पांचों तहसील के लिए रवाना किया गया। इस दौरान मुख्य राजस्व अधिकारी ने किसानों से अपील करते हुये कहा कि फसल अवशेष को न जलाते हुए फसल अवशेष प्रबंधन के उपाय अपनाकर खेत और पर्यावरण को नुकसान होने से बचायें। पराली को जलाने के बजाय डी कम्पोजर डालकर अवशेष सड़ाकर खेत में ही खाद बनाये। फसल अवशेष जलाना अपराध है, पर्यावरण क्षतिपूर्ति हेतु दण्ड के प्रावधान है। अगर किसी क्षेत्र में पराली जलाने की सूचना मिलती है तो ऐसे किसानों को चिह्नित कर उन पर तीन हजार से लेकर 10 हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। हार्वेस्टर संचालकों से कहा गया कि वह भी खेतों में पराली न जलवाएं नहीं तो उन पर प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। प्रचार वाहन जिले की तहसील मुख्यालयों से निकलकर विकास खण्डो में जाकर क्षेत्रो में किसानों को फसल अवशेष जलाने से होने वाले दुष्परिणाम के संबध में लाउडस्पीकर के माध्यम से और नुक्कड रैली एवं कृषि सहित्य व प्रचार लोकगीत एवं संबोधन के माध्यम से जानकारी देंगे। उक्त कार्य हेतु तहसीलवार कर्मचारियो की ड्यूटी लगाई गई है जिनके द्वारा अपने-अपने तहसील में प्रचार वाहन के साथ प्रचार-प्रसार का कार्य किया जायेगा।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार किसान की मौत

**उरई।** चुर्खी क्षेत्र के जलालपुर के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में घायल बाइक सवार किसान की उपचार के दौरान मौत हो गई।

डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पथरेहटा निवासी 30 वर्षीय अनिरुद्ध पुत्र अजय पाल गांव में किसानी कर पत्नी रोशनी व एक पुत्र एक पुत्री का भरण पोषण कर रहा था। वह गुरुवार को किसी काम से जलालपुर गया था। बताया गया कि देर शाम को वह बाइक से वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान ग्राम जलालपुर के पास ही किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। हेलमेट नहीं लगाए होने के कारण वह सड़क पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद वहां अफरातफरी मच गई और मौजूद लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद परिजनों को घटना की जानकारी दी और उसे तत्काल इलाज के लिए मेडिकल कालेज भेजा था। जहां पर उपचार के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई।

## सफाई कर्मियों के गांव में न आने के कारण जगह जगह लगे हुए हैं गंदगी के अंबार

जन एक्सप्रेस। महोबा



स्वच्छता को लेकर शासन की सक्रियता एवं लंबे चौड़े बजट के बावजूद सुगिरा गांव में कूड़े के पहाड़ लगे हुए हैं। सफाई कर्मियों के गांव में न आने के कारण जगह जगह गंदगी के अंबार लगे हुए हैं। ब्लॉक प्रमुख संदीप राजपूत ने इसको लेकर बीडीओ से शिकायत कर कड़ी नाराजगी जताई है।

स्वच्छता को लेकर केंद्र और राज्य सरकार लगातार ग्राम पंचायतों में भारी भरकम बजट जारी करते हैं। गांव में सफाई कर्मियों के अलावा डोर टू डोर कचरा उठाने के लिए ई रिक्शा की व्यवस्था की गई है। लेकिन उसके बावजूद भी ग्राम पंचायतों में सफाई व्यवस्था बदहाल बनी हुई है। बताया जाता है कि ग्राम पंचायतों में तैनात सफाई कर्मी अधिकारियों के बंगलों में ड्यूटी कर रहे हैं। जैतपुर ब्लॉक के ग्राम सुगिरा में गांव की मुख्य सड़क एवं आंगनबाड़ी केंद्र के बगल में कूड़े का पहाड़ लगा हुआ है। जिस कारण लोगों को बीमारियों और बदबू का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत सचिव रमेश गुप्ता महीनों गांव नहीं आते हैं। दो दो सफाई कर्मियों की नियुक्ति गांव में है लेकिन वह एक प्राइवेट सफाई कर्मी लगाए हुए हैं। जो आठ हजार की आबादी में 15 वार्ड के लिए नाकाफी साबित हो रहा है।

## नाले में महिला का शव पड़ा मिलने से मचा हड़कंप, जांच में जुटी थाना पुलिस

जन एक्सप्रेस। महोबा



कोतवाली चरखारी के ग्राम कनेरा में गुरुवार की शाम महिला का शव संदिग्ध अवस्था में मिलने से हड़कंप मच गया द्य घटना से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है द्य

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कनेरा निवासी गिरजारानी पत्नी स्व0 करन सिंह उम्र 53 वर्ष अपने मायके में रहकर मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण कर रही थी द्य मृतका के भाई बलराम के अनुसार मृतका गिरजारानी शाम करीब चार बजे शौंच क्रिया के लिए गाँव किनारे स्थित खेत गयी थी काफी देर तक घर वापस नहीं आने पर परिजनों एवं ग्रामीणों ने उसकी खोज आरंभ की तो गाँव के समीप स्थित कुडरिया नाला में गिरजारानी मृत अवस्था में नाले में पड़ी मिली द्य आनन फानन में परिजनो ने घटना की सूचना थाना चरखारी पुलिस को दी द्य घटना की जानकारी मिलते ही एसओ प्रवीण कुमार सिंह घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मृतका गिरजारानी बीते 20 साल से मायके में रह रही थी द्य मृतका के पास जमीन व मकान न होने पर रिश्ते के भाई के कच्चे मकान में रहती थी द्य अजीविका का कोई साधन न होने के कारण गिरजारानी गांव में मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करती थी द्य मृतका का पुत्र देवकरन दिल्ली में रहकर मजदूरी करता है जो दीपावली में अपने घर कनेरा आया था हृदय विदारक घटना से पुत्र देवकरन का रो-रोकर बुरा हाल है द्य एसओ प्रवीण कुमार सिंह का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद उचित विधिक कार्यवाही की जायेगी।

## डीएम ने निरीक्षण के दौरान लाइब्रेरी में अध्ययनरत छात्रों से पढ़ाई के संबंध में ली जानकारी

जन एक्सप्रेस। महोबा



जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने राठ रोड स्थित राजकीय जिला पुस्तकालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने साफ सफाई व्यवस्था, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, फर्नीचर, पुस्तक रखने के लिए लॉकर की व्यवस्था, सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान लाइब्रेरी में पढ़ाई कर रहे छात्रों से जिलाधिकारी ने पढ़ाई के संबंध में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि लाइब्रेरी में दो वाईफाई कनेक्शन करवायें जाए तथा कंप्यूटर लैब बनवाई जाये जिससे छात्रों को पढ़ाई करने में कोई दिक्कत का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी नें बजरिया रोड स्थित रमन छात्रावास का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने बाउंड्री वॉल पर तार फेंसिंग कराने तथा छात्रावास में सफाई अभियान चलाकर पूरे परिसर की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को दिए तथा छात्रावास की रंगाई, पुताई करने एवं खिड़कियों पर जाली और शीशे बदलने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।निरीक्षण के दौरान अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका महोबा अवधेश कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक आदि मौजूद रहे।

# कृषि भवन सभागार में डीएम ने सुनी किसानों की समस्याएं

## रबी सीजन के लिए टोकन व्यवस्था लागू, किसानों को उचित दर पर खाद उपलब्ध कराने के निर्देश

जन एक्सप्रेस। महराजगंज



विकास भवन सभागार में शुक्रवार को जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए किसानों की समस्याओं को जिलाधिकारी ने एक-एक कर सुना और मौके पर ही संबंधित विभागीय अधिकारियों को समाधान हेतु निर्देश दिए।

डीएम शर्मा ने कहा कि किसान दिवस प्रत्येक माह के तीसरे बुधवार को आयोजित किया जाता है, ताकि किसानों की वास्तविक समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध तरीके से हो सके। उन्होंने बताया कि खरीफ सीजन में खाद वितरण की अनियमितताओं पर सख्त कार्रवाई की गई है। जिले की 415 दुकानों पर छापेमारी, 09 दुकानों के लाइसेंस रद्द, 40 से अधिक दुकानों का निलंबन तथा एफआईआर दर्ज की गई है। डीएम ने कहा कि अब रबी फसल के लिए नई व्यवस्था लागू की जा रही है, जिसके तहत किसानों को रकबे के अनुसार टोकन दिया जाएगा। किसान किसी भी समिति या अधिकृत विक्रेता से उचित दर पर खाद प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने किसानों को मोटे अनाज जैसे जौ, चना, मक्का की खेती को बढ़ावा देने का सुझाव दिया और कहा कि जौ पौष्टिक और धार्मिक दोनों दृष्टि से महत्वपूर्ण अनाज है। पराली प्रबंधन पर जिलाधिकारी ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि किसान किसी भी स्थिति में पराली नहीं जलाएं। उन्होंने बताया कि अब सैटेलाइट से खेतों की निगरानी की जा रही है और पराली जलाने पर खतौनी नंबर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि हार्वेस्टर मालिकों को पराली प्रबंधन मशीन लगाना अनिवार्य है, अन्यथा उनके विरुद्ध कार्रवाई होगी। वही पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में खाद की तस्करी पर पूर्ण नियंत्रण के लिए पुलिस और एसएसबी संयुक्त रूप से कार्रवाई की जा रही हैं। उन्होंने किसानों से अपील की कि कालाबाजारी या तस्करी संबंधी सूचना सीधे उनके छ्त्र नंबर पर दें। साथ ही किसानों से पराली न जलाने और दूसरों को भी जागरूक करने का आग्रह किया। जिला कृषि अधिकारी शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि जिले में डीएपी और यूरिया की कोई कमी नहीं है। सभी सहकारी समितियों पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। जिला उद्यान अधिकारी ने भी बताया कि वर्तमान में खाद की पर्याप्त उपलब्धता है और किसी शिकायत पर त्वरित कार्यवाही की जाएगी। किसान दिवस के अवसर पर जहीर खान, सुरेन्द्र पटेल, वीरेंद्र चौरसिया, हरिशंकर यादव, राजीव दुबे सहित कई किसानों ने अपने सुझाव रखे। कार्यक्रम में डीडीओ बी.एन. कनौजिया, डीडी एजी संजीव कुमार, जिला उद्यान अधिकारी समेत भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## पुलिस मुठभेड़ में सेल्समैन लूटकांड के दो इनामी बदमाश गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। हरदोई

कोतवाली देहात पुलिस ने शराब ठेके के सेल्समैन से लूट करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पुलिस मुठभेड़ में घायल दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार दोनों बदमाशो के पैर में गोली लगी है जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।इन दोनों बदमाशो पर इनाम घोषित था। पुलिस ने लूटकांड में वांछित तीसरे साथी को भी गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार बीते 17 अक्टूबर को कोतवाली देहात क्षेत्र के मंगलीपुरवा फाटक के पास शराब ठेके पर काम करने वाले सेल्समैन राहुल कुमार से कुछ अज्ञात लोगों ने रुपयों से भरा बैग लूट लिया था। घटना के बाद एसपी अशोक कुमार मीणा ने टीम गठित कर बदमाशों की तलाश शुरू कराई और शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे।बीती गुरुवार की रात कोतवाली देहात पुलिस इटौली पुल के पास चेकिंग कर रही थी,उसी समय एक पिकअप डाला सीतापुर की ओर से आते दिखा।पुलिस द्वारा उसे रोकने का इशारा किया गया लेकिन चालक ने पिकप को नहीं रोकी।इस पर पुलिस को शक हुआ और पुलिस ने पीछा किया।रंजीतपुरवा के पास बदमाशों ने खुद को घिरा देखकर पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी।पुलिस की जवाबी कार्रवाई में मेवाराम निवासी जनकपुर और अभिषेक निवासी हरिपुरग्रन्ट दोनों बदमाश गोली लगने से घायल हो गए।पुलिस ने मौके से एक पिकअप डाला, 14 हजार रुपये नगद, दो तमंचे, कारतूस और अन्य सामान बरामद किया। साथ ही पुलिस ने तीसरे आरोपी लव कुमार को 8,500 रुपये नगद के साथ गिरफ्तार कर।सीओ हरियावां अजीत चौहान ने बताया कि दोनों इनामी बदमाश लूट में शामिल थे।

# भाजपा कार्यालय पर मनाई गई लौह पुरुष सरदार पटेल की 150वीं जयंती




जन एक्सप्रेस। महराजगंज

भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर शुक्रवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष संजय पांडे ने की। इस अवसर पर जिला प्रभारी राम जियावन मौर्या ने कहा कि सरदार पटेल के त्याग, समर्पण और दृढ़ संकल्प से ही आज भारत एक अखंड राष्ट्र के रूप में खड़ा है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे सरदार पटेल के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं।

जिला प्रभारी मौर्या ने कहा कि सरदार पटेल की जयंती केवल स्मरण का दिन नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता और सेवा भावना को दोहराने का अवसर है। प्रदेशभर में इस अवसर पर एकता दौड़, संगोष्ठी और श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित कर उनके योगदान को नमन किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष संजय पांडे ने कहा कि भारत की एकता और अखंडता के लिए सरदार पटेल का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर सच्चे अर्थों में राष्ट्र निर्माण का कार्य किया। कार्यक्रम के दौरान यह भी घोषणा की गई कि 7 नवंबर से प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 'रन फॉर यूनिटी' पदयात्रा का आयोजन एक या दो दिन के अंतराल पर किया जाएगा।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल, जिला उपाध्यक्ष अमरनाथ पटेल, जिला महामंत्री बबलू यादव, राकेश गुप्ता, अमरेंद्र मणि पांडे, नगर अध्यक्ष आकाश श्रीवास्तव, सुमित्रा भारती, डा. फरीदा इरम सहित भाजपा के तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सांसद खेल स्पर्धा के दूसरे चरण की शुरुआत आज से

## 25 अक्टूबर को पुरुष वर्ग के खेल, 26 को महिला वर्ग की होगी प्रतियोगिताएं

जन एक्सप्रेस। महराजगंज

सांसद खेलकूद प्रतियोगिता

जनपद में चल रहे सांसद ग्रामीण खेल स्पर्धा के दूसरे चरण की शुरुआत आज शुक्रवार से हो रही है। पहले दिन बालक/पुरुष वर्ग की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जबकि शनिवार 26 अक्टूबर को बालिका/महिला वर्ग की स्पर्धाएं होंगी। यह आयोजन जिले के दस खेल मैदानों पर प्रातः 9:30 बजे से प्रारंभ होगा।

ओलंपिक संघ महाराजगंज के अध्यक्ष एवं सांसद खेल स्पर्धा के समन्वयक विंध्यवासिनी सिंह ने बताया कि धानी क्षेत्र में प्रतियोगिताएं निर्मल नारायण इंटर कॉलेज दुबौलिया लेहरा के पास और ब्राइट वे स्कूल मैदान धानी पर होंगी। लक्ष्मीपुर में सरदार पटेल इंटर कॉलेज सोंधी या रामहर्ष लघु माध्यमिक विद्यालय मुड़ीली में आयोजन होगा। निचलौल विकास खंड के तुर्कहिया माधोनगर स्टेडियम या दामोदरी पोखरी मैदान निचलौल पर होंगे। पनियरा क्षेत्र में प्रतियोगिताएं पनियरा इंटर कॉलेज या रामरतन पी.जी. कॉलेज रामपुर पट्टे चौराहा मंसूरगंज में होंगी। वहीं मिठौरा में आयोजन निर्मला देवी इंटर कॉलेज मिठौरा या महंत अवैद्यनाथ मिनी स्टेडियम चौक पर सुनिश्चित किया गया है। श्री सिंह ने बताया कि जिन खिलाड़ियों ने सांसद खेल महोत्सव पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कर लिया है, या जो किसी कारणवश पंजीकरण नहीं कर सके हैं, वे सभी खिलाड़ी कल प्रातः 9:30 बजे अपने निकटतम खेल मैदान पर पहुंचकर प्रतियोगिता में सम्मिलित हो सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि खेल प्रारंभ होने के बाद विलंब से पहुंचने वाले प्रतिभागियों को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं व छात्राओं को किया जागरूक

**जन एक्सप्रेस/हरदोई।** सरकार द्वारा महिलाओं एवं किशोरियों को सुरक्षा वआत्मनिर्भरता के उद्देश्य से एसपी के निर्देशन में चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत शुक्रवार को अरवल थाना क्षेत्र के चौंसार गांव में मिशन शक्ति टीम द्वारा छात्राओं व महिलाओं को महिला सुरक्षा के तहत जागरूक किया गया। इस अभियान में अरवल थाने की मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं व छात्राओं को आपातकाल में प्रयोग किये जाने बाले हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी।मिशन शक्ति टीम में मौजूद महिला उपनिरीक्षक दीक्षा कटियार ने महिलाओं एवं किशोरियों तथा छात्राओं को अराजक तत्वों से बचाव तथा आत्मनिर्भरता व तौर तरीके बताए। महिला उपनिरीक्षक दीक्षा कटियार व महिला आरक्षी ने महिलाओं को किसी तरह आपात स्थिति में आपातकालीन नंबर 1090,1076,112 आदि नंबरों का प्रयोग कर पुलिस से सहायता लेने के लिए जानकारी दी।

# गुरुनानक देव के प्रकाश पर्व पर निकली प्रभात फेरी

## श्रद्धा और भक्ति के संगम से सजा नौतनवा, ग्यारह दिनों तक निकलेगी प्रभात फेरी; पुष्प वर्षा व प्रसाद वितरण से बढ़ा उत्साह

जन एक्सप्रेस। नौतनवा/महराजगंज



गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व की तैयारियों के तहत शुक्रवार की सुबह नौतनवा नगर भक्ति और श्रद्धा के रंग में रंग गया। नगर के मुख्य गुरुद्वारे से प्रभात फेरी का शुभारंभ हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। प्रभात फेरी में शामिल श्रद्धालुओं ने मधुर गुरुवाणी का गायन किया, जिससे पूरा नगर भक्तिमय माहौल में डूब गया। बताया गया कि यह प्रभात फेरी लगातार ग्यारह दिनों तक नगर के विभिन्न मार्गों से निकाली जाएगी।

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता जितेंद्र जायसवाल ने अपने कैंप कार्यालय के सामने पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया तथा फल वितरण किया। उनके इस सेवा भाव से श्रद्धालुओं में अपार उत्साह देखने को मिला। गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के पूर्व अध्यक्ष परमजीत उर्फ बाबी सिंह ने बताया कि प्रभात फेरी का उद्देश्य गुरु नानक देव जी के उपदेश सत्य, करुणा, सेवा और भाईचारे को समाज में फैलाना है। उन्होंने बताया कि प्रकाश पर्व के मुख्य अवसर पर नगर में भव्य नगर कीर्तन, गुरुवाणी कीर्तन दरबार और लंगर का आयोजन किया जाएगा, जिसकी तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं।

# स्नातक एमएलसी चुनाव को लेकर सपा कार्यालय पर बैठक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। हरदोई



शुक्रवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय पर स्नातक एमएलसी चुनाव की तैयारियों को लेकर सपा जिलाध्यक्ष शराफत अली की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सपा की स्नातक एमएलसी प्रत्याशी कांति सिंह, शिक्षक एमएलसी प्रत्याशी सुशील कुमार पटेल तथा सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजपाल कश्यप ने कार्यकर्ताओं व प्रभारियों को संबोधित करते हुए स्नातक एवं शिक्षक मतदाता सूची में अधिक से अधिक नाम जुड़वाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता व पूर्व जिलाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा 'जीतू पटेल' ने स्नातक के 325 भरे हुए फार्म प्रत्याशी कांति सिंह को सौंपे। वहीं जिलाध्यक्ष शराफत अली द्वारा भी लगभग 300 फार्म सौंपे गए। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी शीघ्रता से फार्म भरकर जमा करें ताकि अधिकतम स्नातक मतदाता बनाए जा सकें।बैठक में डॉ. राजपाल कश्यप ने कहा कि प्रदेश का पढ़ा-लिखा नौजवान भाजपा सरकार की नीतियों से निराश है। बेरोजगार स्नातकों ने संकल्प लिया है कि इस बार स्नातक व शिक्षक एमएलसी प्रत्याशी को विजयी बनाकर भाजपा से बेरोजगारी का बदला लिया जाएगा।स्नातक एमएलसी प्रत्याशी कांति सिंह ने बताया कि वह लगातार लखनऊ स्नातक खंड के सभी जिलों का भ्रमण कर रहीं हैं।और स्नातक युवाओं से मुलाकात कर फार्म भरवाने का अभियान चला रही हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं में अभूतपूर्व जोश दिखाई दे रहा है।शिक्षक एमएलसी प्रत्याशी सुशील कुमार पटेल ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का आभार जताते हुए कहा कि वह शिक्षकों के हितों के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की शिक्षक विरोधी नीतियों से शिक्षक वर्ग हताश है, और अब बदलाव की मनःस्थिति में है।बैठक में मौजूद पूर्व सांसद ऊषा वर्मा ने दोनों प्रत्याशियों की जीत का संकल्प दोहराया।सपा प्रवक्ता जितेंद्र वर्मा जीतू पटेल ने बताया कि उनके द्वारा अब तक करीब 800 फार्म भरे जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं में मतदाता बनने और भाजपा सरकार को सबक सिखाने का जोश स्पष्ट नजर आ रहा है।बैठक में जिला प्रभारी पंकज यादव, पूर्व प्रत्याशी बृजेश वर्मा टिल्लू, जिला उपाध्यक्ष अलंकार सिंह, डॉ. अरुण मौर्य, अजयपाल सिंह, राहुल गुप्ता, धर्मवीर यादव, फूलचंद्र वर्मा, तिलकचंद्र वर्मा, चंद्रशेखर पाल, बिहारीलाल यादव, परिवेश श्रीवास्तव कुक्कू, अनिल यादव, सीमा यादव, अल्का दीक्षित, विप्र प्रधान पटेल, विजयबाबू बाजपेई, चंदन शुक्ला, अजबू यादव, संतोष वर्मा, सईद अहमद, रजनीश यादव, अनुराग यादव, चांद मियां सहित समस्त प्रभारी मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में साले की मौत, बहनोई घायल

**जनएक्सप्रेस/हरदोई।** जनपद के मझिला थाना क्षेत्र में ग्राम चकढकिया गांव के मजरा करौंदी निवासी लगभग 25 वर्षीय प्रदीप पंजाब में मजदूरी करते थे। एक माह पहले ही वह गांव आए थे। टड़ियावां थाना क्षेत्र के ग्राम भड़ायल के मजरा रूसी पुरवा में उनकी ससुराल है। प्रदीप के पिता मुन्नालाल, बुधवार की सुबह पिहानी कोतवाली क्षेत्र के लीला पुरवा निवासी प्रदीप के बहनोई तेजपाल (35) आए थे। कुछ देर बाद प्रदीप बाइक से तेजपाल को लेकर अपनी ससुराल चले गए। देर शाम दोनों बाइक से वापस करौंदी गांव वापस जा रहे थे। बिना हेलमेट लगाए बाइक प्रदीप चला रहे थे। इस दौरान देर शाम हरदोई – सीतापुर मार्ग पर बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र के बांदा पुलिया के पास उनकी बाइक सामने से आ रही बाइक से टकरा गई जिसमें प्रदीप को गंभीर चोटें आईं। तेजपाल को मामूली चोटें आईं। प्रदीप को मेडिकल कॉलेज लाया गया। यहां उन्हें भर्ती कर लिया गया। कुछ देर बाद इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक की गर्भवती पत्नी रूबी शव देखकर बदहवास हो गई।

# एसपी कर रहे थानों का रियलिटी चेक,लापरवाह थानेदारों पर होगी कार्रवाई

## साफ सुथरी छवि वाले ही थानेदारों को मिलेगा थाने का चार्ज

जन एक्सप्रेस। हरदोई



जनपद में एसपी रहे नीरज जादौन ने अपराधी या फिर पुलिस जिसने भी अपराध या लापरवाही की, उसके ऊपर कड़ी कार्रवाई की, अपराधी सलाखों के पीछे पहुंचा तो लापरवाही पर थानेदार निलंबित हुए, एसपी नीरज जादौन ने शिथिलता बरतने वाले पुलिसकर्मियों पर नकेल कसने का काम किया था जिसके कारण पुलिस महकमे में उनके ट्रांसफर के बाद थोड़ी सी खुशी महसूस की गई थी। लेकिन यह खुशी ज्यादा दिन न टिक सकी और उन्हीं की तरह कार्य करने के लिए जाने जाने वाले एसपी अशोक मीणा को जिले के एसपी का चार्ज मिला।अभी कुछ ही दिन ही हुए है लेकिन एसपी थानों का लगातार निरीक्षण कर रहे हैं और लापरवाह थानेदारों की खबर भी ले रहे हैं। सूत्रों की माने तो एसपी अशोक मीणा शिथिलता बरतने वाले थानेदारों पर जल्द ही कार्रवाई कर सकते हैं और अच्छा प्रदर्शन करने वाले थानेदारों की पीठ थपथपा सकते हैं, एसपी अशोक मीणा का रियलिटी चेक लगातार जारी है और वह थाने में अचानक पहुंचकर निरीक्षण कर थानेदारों की कार्यप्रणाली की खबर ले रहे हैं।सूत्रों के अनुसार पुलिस महकमे में जल्द ही बड़े स्तर पर तबादलों की सूची जारी हो सकती है जिसमें थानेदारों के बड़ी संख्या में तबादले होने की सम्भावना है, लापरवाह थानेदारों पर एसपी अशोक कुमार मीणा द्वारा कार्रवाई की जा सकती है तो वहीं अच्छा प्रदर्शन वालो को थाने का चार्ज दिया जा सकता है।सीएम योगी की मंशा है कि ऐसे थानेदारों को चार्ज ना मिले जिन पर कोई आरोप हो या फिर वह अपने काम के प्रति लापरवाह हो इसलिए ही शायद एसपी अशोक मीणा थानेदारों की नब्ज टटोल रहे है।एसपी ने साफ संकेत दे दिए हैं कि लापरवाह अफसर को बक्सा नहीं जाएगा और जो भी सही थानेदारी चलाएगा केवल उसको ही चार्ज मिलेगा।

# नगर पंचायत अध्यक्ष को मिली जान से मारने की धमकी

जन एक्सप्रेस। पनियरा/महराजगंज



जनपद के पनियरा नगर पंचायत अध्यक्ष उमेश चंद्र जायसवाल ने अपने ही कार्यालय के कर्मचारी पर अभद्रता, जातिसूचक टिप्पणी और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने इस मामले में शुक्रवार को पनियरा पुलिस प्रशासन को लिखित तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

अध्यक्ष के अनुसार, 24 अक्टूबर 2025 को सुबह लगभग 10 बजे कार्यालय में पहुंचे तो दिग्विजय सिंह, जो कार्यालय सहायक के पद पर कार्यरत हैं, अनुपस्थित पाए गए। उनके नाम कार्यालय उपस्थिति रजिस्टर में होने के बावजूद वे मौजूद नहीं थे। अध्यक्ष ने उन्हें अनुपस्थित दर्ज किया। इसके बाद अध्यक्ष अपने कर्मचारियों के साथ वार्ड नंबर 10 के मंगरहिया बाजार और बसडीला स्थित छठ घाटों का निरीक्षण करने पहुंचे। इसी दौरान दिग्विजय सिंह वहाँ पहुंचे और अध्यक्ष पर भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। मौके पर मौजूद नगर पंचायत कर्मियों मनोज कुमार पांडेय, अजय कुमार सिंह, गिरिजेश कुमार, बृजेश जायसवाल, सुशील मिश्रा और अनुप ने बीच-बचाव कर अध्यक्ष की जान बचाई। अध्यक्ष ने बताया कि आरोपी दिग्विजय सिंह ने इसी दौरान निरीक्षण का वीडियो बना रहे कर्मचारी अखिलेश को भी जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर धमकाया और मारने की कोशिश की। उमेश जायसवाल ने कहा कि आरोपी पूर्व में भी कई बार अनुशासनहीन हरकतें कर चुका है। इस संबंध में पनियरा थाना प्रभारी आशीष कुमार सिंह ने कहा कि तहरीर मिल चुकी है और मामले की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## मारपीट व गाली-गलौज के मामले में दो गिरफ्तार

**जनएक्सप्रेस/हरदोई।** थाना बिलग्राम पुलिस ने एक गंभीर मामले में गाली गलौज व मारपीट करने वाले आरोपितों पर कार्रवाई करते हुए दो नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। थाना बिलग्राम द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार बीती दिनांक 22 अक्टूबर को वादी सिराज पुत्र रियाज निवासी ग्राम दीवाली ने थाना बिलग्राम में एक तहरीर (शिकायत) दी थी। तहरीर में बताया गया था कि अभियुक्त अयान पुत्र शकील खां निवासी ग्राम दीवाली थाना बिलग्राम जनपद हरदोई सहित चार अन्य लोगों ने मिलकर वादी के साथ गाली-गलौज और मारपीट की।वादी की तहरीर के आधार पर थाना बिलग्राम में मुकदमा अपराध संख्या 512/25 धारा 115(2)/ 333/352/ 351(3) बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

# राजघाट व बेरियाघाट में अस्थाई मेला चौकी स्थापित कर जल पुलिस की तैनाती की जाये: डीएम

जन एक्सप्रेस। हरदोई




तहसील बिलग्राम क्षेत्र के राजघाट एवं बेरियाघाट पर कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर 1 नवम्बर से 05 नवम्बर 2025 तक आयोजित होने वाले मेले की व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में एक बैठक डीएम अनुनय झा की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानन्द सभागार में आहूत की गयी। बैठक में डीएम ने नोडल अधिकारी अधिशासी अभियंता शारदा नहर को निर्देश दिये कि राजघाट व बेरियाघाट पर अस्थाई मेला चौकी स्थापित करें तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत जल पुलिस की तैनाती के साथ गंगा स्नान आदि के लिए सुरक्षित घाटों का निर्माण करायें तथा पीडब्लूडी मार्गो का गड्ढा मुक्त करायें। बैठक में डीएम ने एसडीएम बिलग्राम को निर्देश दिये दोनों मेलों में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनायें रखने के लिए राजस्व कर्मचारियों की चरणबद्व डियुटी लगायें तथा मेलों का सफल आयोजन कराना सुनिश्चि करें तथा मेलों में अराजक तत्वों पर निगरानी रखने हेतु सीसी टीवी कैमरें लगवायें। उन्होने अधिशासी अभियंता को दोनों मेलों विद्युत व्यवस्था सुचारू कराये तथा कर्मचारियों की डियुटी लगायें तथा डीएफओ मेलों क्षेत्रों में झाड़ियों आदि की सफाई करायें और दोनों मेलों में सफाई व्यवस्था बीडीओ द्वारा कराई जायेगी तथा पेयजल एवं मोबाइल शौचालय आदि व्यवस्थायें सम्बन्धित नगर पालिका द्वारा की जायेगी। डीएम ने अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत को निर्देश दिये कि दोनों स्थानों पर मेलों में लगने वाली दुकानों पर स्वामी एवं कामगारों के नाम बोर्ड पर स्पष्ट अंकित करायें तथा सीएमओ को निर्देश दिये कि राजघाट एवं बेरियाघाट पर श्रद्वालुओं के स्वास्थ्य को देखते हुए एम्बुलेंस के साथ महिला चिकित्सक सहित डाक्टरों की टीम लगाये ।बैठक में एसपी ने सीओ बिलग्राम को निर्देश दिये कि एआरटीओ एवं यातायात निरीक्षक से समन्वय बनाकर मेलों में आने वाले ई-रिक्सा आदि वाहनों के आने-जाने का मार्ग निर्धारित करें तथा पार्किंग की व्यवस्था करायें। उन्होने कहा कि मेलों में फायर सेफ्टी के साथ महिला सुरक्षा व खोया-पाया केन्द्र की स्थापना एवं नाविक व गोताखोरों की व्यवस्था रहेगी तथा मेलों में आतिशबाजी का आयोजन कराया जायेगा।एडीएम विरा प्रियंका सिंह, एडीएम न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, एएसपी एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# झिनकू लाल त्रिवेणी राम चौधरी इंटर कॉलेज कलवारी में हुआ भव्य पुरातन छात्र सम्मेलन





**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

झिनकू लाल त्रिवेणी राम चौधरी इंटर कॉलेज, कलवारी का परिसर गुरुवार को यादों, मुलाकातों और भावनाओं का केंद्र बना रहा। विद्यालय में इंजीनियर रामनाथ के नेतृत्व में आयोजित पुरातन छात्र सम्मेलन में उन पूर्व छात्रों ने एक बार फिर अपने गुरुकुल की भूमि पर कदम रखा, जो कभी यहीं से सपने लेकर निकले थे और आज देश-विदेश में प्रतिष्ठित पदों पर कार्यरत हैं। लंबे समय बाद साथियों से मिलकर सभी के चेहरों पर मुस्कान और आंखों में पुरानी यादों की चमक साफ झलक रही थी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि 1969 बैच के पूर्व छात्र एवं सेवानिवृत्त अतिरिक्त मुख्य सचिव चंद्रप्रकाश सिंह रहे, जिन्होंने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। प्रबंधक अमित चौधरी की अध्यक्षता और अजय कुमार चौधरी के संचालन में हुए इस आयोजन में पुरातन छात्रों ने विद्यालय विकास हेतु एक सोलर सिस्टम भेंट कर अपनी प्रतिबद्धता दर्शाई। मुख्य अतिथि चंद्रप्रकाश सिंह ने कहा कि यह विद्यालय केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि संस्कार और अनुशासन देने वाला केंद्र रहा है, जिसके कारण यहां से पढ़े छात्रों ने हर क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। वहीं विशिष्ट अतिथि प्रो. डॉ. एफ.डी. यादव (साकेत पीजी कॉलेज अयोध्या) ने कहा कि 1953 में स्थापित यह विद्यालय स्वतंत्रता के बाद से ही इस क्षेत्र में शिक्षा का मजबूत स्तंभ रहा है और यहां से निकले छात्र प्रशासन, रक्षा, विज्ञान, साहित्य और व्यापार जैसे क्षेत्रों में देश का गौरव बढ़ा रहे हैं। समारोह के प्रारंभ में छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत और देशभक्ति प्रस्तुतियों से अतिथियों का मन मोह लिया। वर्षों बाद एक-दूसरे से मिलने की खुशी में पूर्व छात्र बीते जमाने की बातों और हंसी-ठिठोली में खो गए। स्कूल जीवन की शरारतें, क्लासरूम के प्रसंग और शिक्षकों की सीखें याद कर सभी भावुक हो उठे। विद्यालय के प्रधानाचार्य अज्ञानराम चौधरी ने सभी अतिथियों को बैच लगाकर, माला पहनाकर एवं अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि पुरातन छात्र किसी भी संस्थान की मजबूती और गौरव होते हैं। उनका मार्गदर्शन वर्तमान छात्रों के लिए प्रेरणा का बड़ा स्रोत है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अशोक श्रीवास्तव, राजेश पटेल, योगेन्द्र नाथ यादव, राम अचर्ज वर्मा, सनद पटेल, प्रतिमा चौधरी, प्रेम प्रकाश चौधरी, अटल विहारी उपाध्याय, संजय सिंह, राघवेंद्र सिंह, बबलू गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, आदित्य शिव प्रसाद, प्रवेश वर्मा, शत्रुघन चौधरी, कृपाशंकर शुक्ला, लालचंद पाठक, दीनानाथ द्विवेदी, मनोज ओझा, प्रमोद चौधरी, ओंकार चौधरी, शैलेन्द्र त्रिपाठी, यशपाल यादव और धर्मेन्द्र पटेल सहित तमाम पुरातन छात्र उपस्थित रहे।

## घरेलू सामान लेकर वापस घर जा रहे बाइक सवार युवक पर हमला

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

**धर्मापुर।** जफराबाद थाना क्षेत्र के किरतापुर गांव के पास घरेलू सामान खरीदकर वापस घर जा रहे बाइक सवार युवक पर दो युवकों ने हमला करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के गद्दोपुर गांव का अर्जुन मिश्र बुधवार की दोपहर में 1 बजे धर्मापुर बाजार से घरेलू सामान लेकर वापस घर गद्दोपुर जा रहा था। आरोप है कि तभी पुरानी रंजिश को लेकर जफराबाद थाना क्षेत्र के पिंडरा गांव का अमन अपने एक साथी के साथ बाइक से आ गया। उसने अर्जुन मिश्र (23) को रोककर गाली गलौज देते हुए डंडे से पीट कर घायल कर दिया।

सभी मौके से फरार हो नये। घायल अर्जुन की सूचना पर डायल 112 पुलिस और उसके परिजन आ गये। उपचार के लिए सीएचसी चोरसंड भिजवाया गया।

प्राथमिक उपचार कर घटना के एक दिन बाद यानी 23 अक्टूबर को अपने परिजनों के साथ जफराबाद थाने पहुंचकर नामजद तहरीर दिया। घायल अर्जुन मिश्र की तहरीर पर पुलिस ने जफराबाद थाना क्षेत्र के पिंडरा गांव के अमन व गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के गद्दोपुर गांव के शिवम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# पुरानी रंजिश में युवक पर जानलेवा हमला, गंभीर रूप से घायल खेतासराय पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



जौनपुर खेतासराय थाना क्षेत्र के बारा खुर्द वार्ड में पुरानी रंजिश को लेकर बीते मंगलवार की शाम एक युवक पर गांव के ही दबंगों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोंधी ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार कराया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार, बारा खुर्द वार्ड निवासी रेहान खान पुत्र सलीम खान मंगलवार शाम करीब सात बजे अपने घर के सामने अर्टिगा कार साफ कर रहा था। तभी गांव के ही शेख फहद पुत्र स्व. शकील अहमद और गोलू पुत्र कलाम अपने तीन साथियों के साथ पहुंचे और पुरानी रंजिश को लेकर रेहान से गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने रेहान पर धारदार हथियार से हमला कर दिया।

हमले में रेहान के सिर, हाथ और पैर में गंभीर चोटें आईं। हल्ला सुनकर जब परिजन बचाने पहुंचे तो हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घायल को परिजनों ने तत्काल अस्पताल पहुंचाया।

पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि, तहरीर प्राप्त हुई है। मामला दर्ज कर लिया गया है, जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# दबंगों ने दलित का घर फूंका, एसपी से कार्यवाही की मांग

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**



बस्ती। दुबौलिया थाना क्षेत्र हरिबंशपुर बुजुर्ग निवासी दलित रमेश चन्द्र पुत्र स्वर्गीय राम मिलन ने पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर दबंगों द्वारा रिहायशी मड़हला जला दिये जाने के मामले में दोषियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराकर न्याय दिलाने की मांग किया है।

एसपी को दिये पत्र में रमेश चन्द ने कहा है कि गत 21 अक्टूबर की शाम को गांव के ही अरविन्द कुमार उर्फ राम गोपाल पुत्र जयकुमार, राम सुफल यादव पुत्र श्रीराम, मनोज कुमार प्रजापति पुत्र माता प्रसाद, अभिषेक कुमार उर्फ पिन्टू पुत्र दल सिंगार आदि ने उसका रिहायशी मड़हले में आग लगा दिया। उसमें रखा आटा, चावल, विस्तर आदि जलकर राख हो गया। उसकी पत्नी मीरा देवी ने उक्त लोगों को घर जलाते देखा। शोर मचाने पर उक्त लोग भाग गये। रमेश चन्द ने मामले की सूचना 112 पर पुलिस को दिया। मौके पर नायब दारोगा और एक सिपाही पहुंचे। पुलिस रमेश चन्द और अरविन्द कुमार उर्फ राम गोपाल को थाने पर ले गयी। थानाध्यक्ष ने तहरीर बदलने का दबाव बनाते हुये जाति सूचक गालियां देते हुये कहा कि घर जलने का नाटक करते हो, चुपचाप घर जाओ वरना फर्जी मुकदमें में फंसाकर जिन्दगी बरबाद कर दूंगा। रमेश चन्द ने एसपी को पत्र देकर मामले में दोषियों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर न्याय दिलाने की मांग किया है।

## नहीं रहे पूर्व छात्र नेता बसंत शुक्ला



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जौनपुर टीडी कॉलेज के पूर्व छात्र नेता बसंत शुक्ला (जमैथा) का शुक्रवार को भोर में निधन हो गया। वो करीब 45 वर्ष के थे। पिछले 2-3 दिनों से वह पीलिया से पीड़ित थे। गुरुवार की देर रात उनकी तबीयत बिगड़ी तो परिवार वाले वाराणसी के एक निजी अस्पताल ले गए। वहां इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। बता दें कि जमैथा गांव के लक्ष्मी शंकर शुक्ला के चार बेटों में वह सबसे छोटे थे। उनके निधन की सूचना पर बड़ी संख्या में लोग उनके आवास पर पहुंच गए और श्रद्धांजलि दी। राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने भी सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्टकर शोक जताया है।

# कानपुर के 125 मंदिरों में बेची जाती थी बिरयानी और बकरा बकरी– प्रमिला पांडे

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जौनपुर कानपुर की मेयर प्रमिला पांडे ने शुक्रवार को जौनपुर में कई मुद्दों पर खुलकर अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि उन्होंने कानपुर में 125 ऐसे मंदिरों की पहचान की, जहां किसी जगह बिरयानी बेची जाती थी तो कहीं बकरा-बकरी का मांस रखा जाता था। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ मंदिरों में देवी-देवताओं की मूर्तियां खंडित की गई थीं, कहीं भगवान की मूर्ति का पैर या गर्दन तोड़ी गई तो कहीं दुर्गा जी की मूर्ति को भी क्षति पहुंचाई गई।

मेयर प्रमिला पांडे नगर के बीआरपी इंटर कॉलेज में आयोजित तीन दिवसीय पूर्वांचल महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होने आई थी। मेयर प्रमिला पांडे ने कहा कि सनातन धर्म किसी के साथ बैर नहीं सिखाता, बल्कि सबको साथ लेकर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा, मैं किसी धर्म के विरोध में नहीं हूं। हिंदू धर्म मिलजुलकर रहने की शिक्षा देता है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'सबका साथ, सबका विकास' की नीति पर काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में जो व्यवस्था बनाई है, वह सराहनीय है। उन्होंने मुरादाबाद के मदरसे में 'वर्जिनिटी सर्टिफिकेट' मांगने के मामले और कानपुर के मंदिरों से जुड़े विवादों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ऐसी घटनाओं का देशभर में विरोध होना चाहिए। जौनपुर के विकास को लेकर उन्होंने कहा कि ÷हमारी सरकार बनने के बाद जिले ने काफी प्रगति की है। जौनपुर प्रेम की नगरी है, यहां की इमरती, मूली और शाही पुल पूरे देश में प्रसिद्ध हैं। उत्तराखंड में मदरसा शिक्षा को मुख्यधारा से जोड़ने के फैसले पर उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में इस तरह की संभावना पर निर्णय पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा लिया जा सकता है।

## कुत्ते के हमले में मजदूर गंभीर रूप से घायल, जिला अस्पताल में चल रहा इलाज

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जौनपुर जफराबाद क्षेत्र के गोपीपुर गांव में गुरुवार की शाम एक 35 वर्षीय मजदूर पर पालतू कुत्ते ने हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल मजदूर को आनन-फानन में जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार, गोपीपुर गांव निवासी अशोक राजभर पुत्र रामसहाय राजभर मजदूरी का कार्य करता है। उसने गांव के एक व्यक्ति के खेत में बंटाई पर धान की फसल बोई थी। गुरुवार की शाम जब वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ खेत में धान काटने पहुंचा, तभी एक पालतू कुत्ते ने अचानक उस पर हमला कर दिया। कुत्ते ने अशोक के सिर और गले पर काट लिया, जिससे उसे डेढ़ से दो इंच गहरे घाव हो गए। हमले से वह जमीन पर गिर पड़ा। डर के मारे उसकी पत्नी और बच्चे शोर मचाते हुए भाग गए। इस बीच कुत्ते का मालिक मौके पर पहुंचा और किसी तरह कुत्ते को काबू में किया। घायल अशोक का आरोप है कि कुत्ते के मालिक ने जानबूझकर कुत्ते को भड़काया था। बताया जा रहा है कि उक्त कुत्ता नगर पंचायत कस्बे के बदलपुर वार्ड निवासी एक व्यक्ति का है। इस संबंध में थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ल ने बताया कि परिजनों ने मौखिक सूचना दी है, लेकिन अभी तक तहरीर नहीं मिली है।

# एक्सप्रेस खबरें...

### महिलाओं व लड़कियों पर छींटाकशी करने के दौरान एंटी रोमियो टीम ने एक को दबोचा

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** शाहगंज नगर के रोड़वेज व रेलवे क्रासिंग के समीप रास्ते पर आतीं जाती महिलाओं व लड़कियों को देख कर छिटाकशी व अश्लील टिप्पणी करने के मामले में एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान भेज दिया। नगर के रोडवेज व रेलवे क्रासिंग पर शुक्रवार की दोपहर बाजार में आने जाने वाली महिलाओं व लड़कियों पर आजमगढ़ जनपद के फूलपुर थाना क्षेत्र के ससना पिंपरी गांव निवासी कमालुद्दीन पुत्र अब्दुल अजीज छींटाकशी कर रहे थे। सूचना पर एंटी रोमियो की टीम ने छींटाकशी व अश्लील टिप्पणी करने के दौरान गिरफ्तार कर आरोपित युवक के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालान भेज दिया।

### बीबीगंज बाजार गए 80 वर्षीय वृद्ध लापता

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत बीबीगंज चौकी क्षेत्र के 80 वर्षीय वृद्ध मंगलवार को लापता हो गए। वे बीबीगंज बाजार में पैसा निकालने गए थे। तीन दिन बाद शुक्रवार को उनके परिजनों ने थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार बीबीगंज के रामपुर गांव निवासी गुरुदीन मंगलवार को अपने घर से निकले थे। उन्होंने परिवार को बताया था कि वे बीबीगंज बाजार में पैसा निकालने जा रहे हैं। देर शाम तक जब वे घर नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। पुत्र राम जियावन ने बताया कि तीन-चार घंटे बीतने के बाद भी जब वो वापस नहीं आए तो परिवार ने हर संभव जगह खोजबीन की लेकिन उनका कोई सुराग नही मिला। परिजनों ने शुक्रवार को कोतवाली में गुमशुदगी की प्राथमिकी दर्ज कराई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### खेत में फसल की सुरक्षा के लिए लगे तार में उतरा करंट

**जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर। चुनार।** बड़ागांव में बृहस्पतिवार की दोपहर खेत में काम करने जा रही राजकुमारी (40) जानवरों से बचाव के लिए लगाए गए तार में करंट की चपेट में आ गई। इससे उनकी मौत हो गई। मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपी सुभाष पटेल को दुर्गाजी मोड़ तिराहे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बडागांव निवासी राजकुमारी बुधवार की दोपहर बाद घर के बगल में स्थित अपने खेत में काम करने जा रही थी। गांव के सुभाष पटेल अपने खेत के चारों तरफ जानवरों को आने से रोकने के लिए तार लगाया था। इसमें करंट प्रवाहित हो रहा था। करंट की चपेट में आने से राजकुमारी की मौत हो गई। आस-पास के खेत में काम करने रहे लोगों ने परिवार के लोगों को सूचित किया। परिजनों ने राजकुमारी को करंट से अलग किया। तब तक मौत हो गई थी। पति हरिश्चंद्र पटेल ने पुलिस को तहरीर दी। थानाध्यक्ष विजय शंकर सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### मगध एक्सप्रेस ट्रेन से सफर कर रहे बीमार यात्री की मौत

**जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर।** मगध एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रा कर रहे बिहार के नालंदा जिले के ओएना थाना क्षेत्र के बिसवा गांव निवासी धर्मेंद्र चौधरी (50) की बृहस्पतिवार की सुबह मिर्जापुर स्टेशन पहुंचने पर तबीयत बिगड़ गई। जीआरपी ने डॉक्टर को बुलाकर जांच कराया तो डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिवार के लोग उनको उपचार के लिए दिल्ली लेकर जा रहे थे। जीआरपी प्रभारी राघवेंद्र सिंह ने बताया कि मगध एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रा कर रहे बीमार यात्री की मौत हो गई।

### खेत में लटके हाईटेंशन तार की चपेट में आकर महिला झुलसी

**जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर। कलवारी।** मड़िहान के धुरकर पूरवा बकतौरा गांव में बृहस्पतिवार की सुबह खेत से सिर पर घास लेकर आ रही कीर्ति पाल (38) खेत में लटक रहे हाई टेंशन तार की चपेट में आने से झुलस गई। महिला को अस्पताल पहुंचाने के बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। घटना के बाद ग्रामीणों ने पवार हाउस पर फोन करके आपूर्ति बंद कराया। डॉक्टरों ने उसे ट्रॉमा सेंटर वाराणसी भेज दिया है। थानाध्यक्ष दयाशंकर ओझा ने ग्रामीणों को समझाकर शांत कराया। ग्रामीणों ने बिजली निगम पर लापरवाही का आरोप लगाया। कहा कि तार हटाने के लिए कई बार बिजली निगम को लिखित रूप से कहा गया, अब तक नहीं हटाया गया।

## तीन दिवस पूर्वांचल युवा महोत्सव को कार्यक्रम के शुभारंभ किया गया पीहू खरे के द्वारा गणेश वंदना से शुरुआत





**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जौनपुर युवा कलाकारों को प्रोत्साहित करने व विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय योगदान देने वालों को सम्मानित करने के लिए तीन दिवसी पूर्वांचल युवा महोत्सव का बृहस्पतिवार को हुआ शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा नेता ज्ञान प्रकाश सिंह नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रामसूरत मौर्या डॉक्टर आर्यन त्रिपाठी ने सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित किया कार्यक्रम का शुभारंभ पीहू खरे के द्वारा गणेश वंदना की मनमोहक नृत्य ने सबका मन मोह लिया वही पीहू खरे के शानदार नृत्य के लिए प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया

मुख्य अतिथि ज्ञान प्रकाश सिंह ने पूर्वांचल युवा महोत्सव के आयोजक अध्यक्ष दिनेश तिवारी के द्वारा कराए गए इस कार्यक्रम की जमकर सराहन की और कहा इस तरह के आयोजन से युवा कलाकारों की प्रतिभा में निखार आता है और उन्हें अपनी कला को बढ़ाने का सुनहरा मौका भी मिलता है

आर्यन त्रिपाठी ने कहा कि पूर्वांचल युवा महोत्सव में जो युवा कलाकारों को मंच दिया है उसकी जितनी भी तारीफ की जाए कम है नगर पालिका अध्यक्ष के प्रतिनिधि रामसूरत मौर्या ने कहा कि पूर्वांचल युवा महोत्सव से पूर्वांचल के युवाओं को अपनी कला के प्रदर्शन का बेहतर प्लेटफार्म मिल रहा है।

# राम ने घर के अंदर बनवा डाली मजार, इत्र की खुशबू आने पर गांववालों ने घुसकर तोड़ी

**जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर**



यूपी के मिर्जापुर स्थित कुशहा के तिवारीपुर मजरे में एक परिवार ने अंधविश्वास में फंसकर घर में मजार बना दिया। इत्र की खुशबू आने पर ग्रामीण पहुंचे तो उनको मजार के निर्माण का पता चला। इसके बाद नारेबाजी करते हुए ग्रामीण इकट्ठा हो गए।

पुलिस और राजस्व विभाग को सूचना दी गई। थानाध्यक्ष जिगना मौके पर पहुंचकर लोगों से शांति बनाने की अपील की। तब तक आक्रोशित ग्रामीणों ने मजार को उखाड़कर उसके मलबे को कमरे से बाहर निकालकर फेंक दिया। पुलिस ने मामले में चार लोगों को हिरासत में लिया है। तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए गांव में पुलिस तैनात है।

### परिवार के लोगों को प्रेतों ने कर रखा परेशान

कुशहा के तिवारीपुर मजरा निवासी राम नारायण सिंह और रवि सिंह ने अपने मकान के सामने एक कमरे का निर्माण कराया है। उस कमरे में कुछ दिन पहले ही मजार का निर्माण कराया गया था। इत्र की खुशबू मिलने पर बुधवार की देर शाम गांव के लोगों ने जाकर देखा तो मजार बना था। इसका ग्रामीण विरोध करने लगे। मजार निर्माण कराने वाले परिवार का कहना है कि उसके परिवार के लोग प्रेतों से परेशान हैं। अंधविश्वास में फंसकर उन्होंने मजार बनवाया है।

### भाजपा नेता ने बताई साजिश

भाजपा नेता डॉ. मुन्ना सिंह का आरोप है कि साजिश के तहत मजार बनवाया गया है। एसडीएम सदर गुलाब चंद ने बताया कि सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार को मौके पर भेजा गया। जांच की जा रही है।

### बहू की झाड़-फूंक के लिए बनाया मजार

सीओ लालगंज अशोक सिंह ने बताया कि तिवारीपुर कुशहा गांव में राम नारायण सिंह व रवि सिंह ने बहू के झाड़-फूंक के लिए अंधविश्वास में आकर घर के एक कमरे में एक मजार बना लिया था। इसका गांव वालों ने विरोध किया तो गांव वालों के सहयोग से राम नारायण सिंह ने इसे तत्काल हटा दिया है।

# विवाहिता से दुराचार की कोशिश, कप्तान से लगाया न्याय की गुहार

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**



दुबौलिया थाना क्षेत्र के भेलमापुर निवासिनी मीना पाण्डेय पत्नी मनोज पाण्डेय ने पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर घर में घुसकर दुराचार का प्रयास करने के मामले में दोषी के विरूद्ध कार्रवाई किये जाने की मांग किया है।

एसपी को दिये पत्र में विवाहिता मीना पाण्डेय ने कहा है कि गत 21 अक्टूबर की रात्रि लगभग 11.30 बजे गांव के ही विवेक पाण्डेय पुत्र सुभाष चन्द्र पाण्डेय ने बरामदे की लाइट बंद कर दरवाजे की कुण्डी को खोल दिया और जबरदस्ती करने लगा। उसने अपने पति को घटना की जानकारी दिया। विवेक पाण्डेय को पकड़कर बरामदे में बांध लिया। मामले की सूचना 112 पर पुलिस को दिया गया। 22 अक्टूबर को उसने थाने पर लिखित तहरीर दिया। पुलिस ने उसे और उसके पति को थाने पर बैठाये रखा। सुलह कर लेने का दबाव बनाया। विवेक पाण्डेय आदि उस पर तहरीर वापस लेने का दबाव बना रहे हैं और उसकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। मीना पाण्डेय ने दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई और अपने परिवार के जान माल के रक्षा की गुहार लगाया।

## सवर्ण आर्मी ने सामान्य वर्ग की समस्याओं को लेकर राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

### दिया- वीर भोग्य वसुंधरा का नारा



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जौनपुर में सवर्ण आर्मी (सवर्ण सेवा न्यास) द्वारा सामान्य वर्ग की समस्याओं को लेकर राष्ट्रपति महोदया को संबोधित एक ज्ञापन जिला अधिकारी को सौंपा

ज्ञापन में कहा गया कि देश की आज़ादी के बाद से अब तक आरक्षण व्यवस्था जाति के आधार पर चल रही है,

जबकि सामान्य वर्ग में भी गरीबी और बदहाली व्याप्त है। आरक्षण की व्यवस्था के कारण सामान्य वर्ग के अनेक प्रतिभाशाली युवाओं को सरकारी सेवाओं और अवसरों से वंचित होना पड़ता है।

संगठन ने मांग की है कि जातिगत आरक्षण समाप्त किया जाए, एस.सी./एस.टी. एक्ट में संशोधन या समाप्ति की जाए, और सामान्य वर्ग आयोग (सवर्ण आयोग) का गठन किया जाए ताकि इस वर्ग की आवाज़ को भी उचित मंच मिल सके।

सवर्ण आर्मी ने ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया कि एस.सी./एस.टी. एक्ट का दुरुपयोग आम लोगों के लिए परेशानी का कारण बनता जा रहा है, जिसके चलते निर्दोष लोग भी वर्षों तक उत्पीड़न झेलते हैं।

संगठन ने राष्ट्रपति से अनुरोध किया है कि इन मुद्दों पर शीघ्र संज्ञान लेकर देशहित में समुचित कार्यवाही की जाए।

प्रदेश सचिन प्रवीण तिवारी जिला अध्यक्ष जितेन्द्र पांडे प्रमोद चौबे विराज ठाकुर जज्जे ने कहा कि हमारी यह मांग राष्ट्र की भलाई और सामाजिक समानता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

## लाइन बाजार पुलिस ने 12 वर्षीय गुमशुदा बालक को 4 घंटे में सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

थाना लाइन बाजार पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गुमशुदा 12 वर्षीय बालक को मात्र चार घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस की इस तत्परता की स्थानीय लोगों ने सराहना की है। जानकारी के अनुसार, मातापुर निवासी श्रीमती सरोजा देवी पत्नी विक्की सोनकर ने थाना लाइन बाजार में सूचना दी थी कि उनका भतीजा शिवम सोनकर उर्फ लल्ला सोनकर पुत्र सागर सोनकर, उम्र करीब 12 वर्ष घर से बिना बताए कहीं चला गया है। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई शुरू की। चौकी प्रभारी, कोबरा मोबाइल और क्राइम टीम को सक्रिय कर परिजनों के सहयोग से खोजबीन शुरू की गई। पुलिस की मेहनत रंग लाई और महज चार घंटे के भीतर बालक शिवम सोनकर को सकुशल बरामद कर लिया गया। बरामद बालक को थाने लाकर आवश्यक कार्रवाई के बाद परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। बरामद करने वाली पुलिस टीम, सतीश कुमार सिंह - प्रभारी निरीक्षक, थाना लाइन बाजार, उ0नि0 धनंजय राय, हे0का0 बीर बहादुर, का0 समीर कुमार, हे0का0 भूपेन्द्र यादव

# थाने में हंगामा,10 नामजद और 200 अज्ञात पर एफआईआर

## 19 बाइकें जब्त, युवक को छुड़ाने के लिए किया था हंगामा

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**



जिले के विशुनगढ़ थाने में हंगामा करने के आरोप में पुलिस ने 10 नामजद और 200 अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने इस मामले में 19 बाइकें भी जब्त की हैं। यह कार्रवाई थाने में हुई भीड़ के हंगामे के एक वायरल वीडियो के बाद की गई है।

यह घटना एक दिन पहले रात के समय हुई थी, जब एक झगड़े के बाद कुछ लोगों को थाने लाया गया था। अखिलेश नामक व्यक्ति को पकड़े जाने की सूचना पर उनके समर्थक बड़ी संख्या में थाने पहुंच गए। उन्होंने अखिलेश को छुड़ाने का प्रयास किया और पुलिस के मना करने पर हंगामा शुरू कर दिया।

थाने के एसआई हृदयराज उपाध्याय की तहरीर के अनुसार, 21 अक्टूबर की शाम उन्हें दो पक्षों में झगड़े की सूचना मिली थी। थाना इंचार्ज राधेश्याम के साथ मौके पर पहुंचने पर एक पक्ष ने अखिलेश को पुलिस के हवाले कर दिया। विशाल नामक युवक ने अखिलेश की बताई जा रही एक रिवॉल्वर और छह कारतूस भी पुलिस को सौंपे। पुलिस दिलीप और नीलू को भी थाने ले आई थी।

अखिलेश और अन्य लोगों को हिरासत में लिए जाने के बाद उनके समर्थक थाने के बाहर जमा हो गए और उन्हें छोड़ने की मांग करने लगे। जब पुलिस ने समझाने का प्रयास किया, तो भीड़ ने हंगामा और नारेबाजी शुरू कर दी। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया। फोर्स को देखते ही हंगामा कर रही भीड़ अपनी बाइकें छोड़कर भाग गई।

पुलिस ने विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के रैपुरा निवासी राजेन्द्र, राहुल कुमार, रीतेश, राम प्रकाश, कमलेश, रवि कुमार, धनीराम, धर्मेंद्र, रोहित और अखिलेश सहित 10 लोगों को नामजद किया है।

इसके अतिरिक्त, 200 अज्ञात लोगों के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मौके से छोड़ी गई 19 बाइकों को भी जब्त कर लिया है।

# महिला प्रधान और उनके पुत्रों पर हमला

**जन एक्सप्रेस। बदायूं**

बदायूं के उसहैत थाना क्षेत्र के गांव गढ़िया हरदोपट्टी की प्रधान कुसुम लता पर उनके पुत्रों पर बृहस्पतिवार रात गांव के ही कुछ लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। जिससे प्रधान, उनके पुत्र समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रधान कुसुम लता ने बताया कि रात करीब नौ बजे उनके बेटे राहुल व आशीष गांव के ही रमेश गुप्ता के बेटे के जन्मदिन कार्यक्रम में दावत खाकर घर लौट रहे थे। जब वे प्राइमरी स्कूल के पास पहुंचे, तभी वहां पहले से घात लगाए बैठे गांव के महेश, भूपेंद्र, नन्हे और भूपेंद्र की पत्नी ने अचानक उन पर ताबड़तोड़ लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस दौरान गांव के एक युवक ने झगड़े की सूचना दी। सूचना मिलते ही बीच-बचाव के लिए पहुंचे सोहेल गुप्ता और प्रधान कुसुम लता पर भी आरोपियों ने हमला कर दिया,

# डीएम ने जलालाबाद में लगाई ग्राम चौपाल

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**




जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत जलालाबाद विकास खंड जलालाबाद में ग्राम चौपाल का आयोजन संपन्न हुआ।

इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान ही प्रशासन की प्राथमिकता में है। उन्होंने ग्राम प्रधान, ब्लॉक एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित सभी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध रूप से पहुंचाया जाए। अधिकारी गांवों में नियमित रूप से भ्रमण करें, आम जनता की समस्याओं को सुनें और उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करें, साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, जल आपूर्ति, विद्युत, खेत खलिहान, चकरोड, पट्टे आदि जैसी बुनियादी सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। प्रत्येक योजना की पात्रता सूची के अनुसार लिस्ट बनाई जाए और पंचायत भवन में लिस्ट प्रदर्शित भी की जाए। योजना का लाभ सिर्फ पात्र लाभार्थी को ही मिले, इस पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि आगनवाडी केन्द्रों पर पोषहार वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाए अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि पोषाहार का स्टाक रजिस्टर उपलब्ध हो, पोषहार सही स्थान पर रखा हो।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक रविवार को आरोग्य मेले का आयोजन किया जाता है एवं सामुदायिक स्वस्थ्य केन्द्रों पर भी 24×7 चिकित्सक उपलब्ध है। साथ ही यह भी कहा कि ग्राम स्तरीय टीम क्षेत्र में जाकर टीकाकरण, दवा के छिड़काव आदि कार्य समय से करें। जिलाधिकारी ने एक-एक कर प्रत्येक ग्रामिणों की समस्या सुनते हुए संबांधित अधिकारियों को समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। चौपाल में 12 आयुष्मान कार्ड बनाए गये। इस अवसर पर ज्वांइट मजिस्टेट/उप जिलाधिकारी सदर सुश्री वैशाली, खण्ड विकास अधिकारी/प्रशिक्षु आईएएस अर्पित कुमार, जिला विकास अधिकारी नरेंद्र देव द्विवेदी, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# बिहार के एक पोस्टर से उत्तेजित आईटी सेल ने दी धमकी कहा, दर्ज करो मुकदमा, वरना आंदोलन

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**



दलित नेताओं के अपमान पर साईबर सेल के जिलाध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय ने आरजेडी नेता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने को लेकर एसपी को प्रार्थना पत्र दिया साथ ही धमकी भी दी कि मुकदमा दर्ज न होने पर वे सड़क से संसद तक आंदोलन करेंगे।

भाजपा आईटी सेल के जिलाध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय ने पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार से मिलकर बिहार के राजद नेता सूरज यादव के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है।

राजद नेता ने सोशल मीडिया पर एक पोस्टर पोस्ट किया है जिसने शेर एक गीदड़ अनेक शीर्षक के तहत तेजस्वी यादव को शेर बताया गया है।

इस पोस्ट में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान, लल्लन सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी के लिए अभद्र टिप्पणी की है। अभिषेक पाण्डेय ने कहा अगर 72 घंटों के अंदर आरोपी की गिरफ्तारी नही हुई

तो सड़क से लेकर संसद तक आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान शिवाकांत ठाकुर, शिवम पाठक, पोंटी दुबे समेत सम्मानित साईबर योध्दा मौजूद रहे।

# प्रशिक्षु आईएएस अफसर की अनुकरणीय पहल- अपशिष्ट प्रबन्धन को रोजगार से जोड़ा

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**




जनपद के विकास खण्ड जलालाबाद में महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की दिशा में नई पहल की गई है। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के समक्ष विकास खण्ड जलालाबाद में खण्ड विकास अधिकारी/ प्रशिक्षु आईएएस अफसर अर्पित कुमार ने विकास खण्ड में स्वच्छ, रहने योग्य और समावेशी गांव के निर्माण, अपशिष्ट प्रबंधन के संबध में पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुतिकरण किया। जिसकी जिलाधिकारी द्वारा प्रंशसा की गई।

श्री कुमार ने बताया कि जनपद में ग्रामीण स्वच्छता और महिला सशक्तिकरण को एक साथ जोड़ते हुए एक अभिनव पहल शुरू की गई है। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के संयुक्त प्रयास से अब महिला स्वयं सहायता समूह गाँवों में घर-घर से कूड़ा संग्रहण, छंटाई और पुनर्चक्रण का कार्य कर रहे हैं। इस पहल के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में महिला समूहों को कूड़ा संग्रहण वाहनों की जिम्मेदारी दी गई है। वे घरों से गीला और सूखा कचरा अलग-अलग संग्रहित करती हैं और उसे रिसोर्स रिकवरी सेंटर तक पहुँचाती हैं। वहाँ गीले कचरे से जैविक खाद तैयार की जाती है जबकि सूखे कचरे को पुनर्चक्रण इकाइयों को भेजा जाता है। उन्होनें कहा कि इस मॉडल के माध्यम से महिलाएँ अब स्वच्छता को आजीविका का साधन बना रही हैं। यह व्यवस्था न केवल गाँवों को स्वच्छ बना रही है, बल्कि महिला समूहों को स्थायी आय का स्रोत भी प्रदान कर रही है। इस दौरान जिलाधिकारी ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत ग्राम पंचायत जलालाबाद के बुद्ध भगवान महिला सहायता समूह की रमाकान्ती, बबली, पिंकी तिवारी, मीरा देवी, सलोचना, रचना देवी, पूजा व सुनीता देवी को कूड़ा कचरा संग्रहण स्वच्छता के प्रति अनुकरणीय जागरूकता और सहयोग एवं उत्कृष्ट कार्य किये जाने पर प्रंशसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ज्वांइट मजिस्टेट/ उप जिलाधिकारी सदर सुश्री वैशाली, जिला विकास अधिकारी नरेंद्र देव द्विवेदी, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# पटेल जयंती पर भव्य कार्यक्रमो का आयोजन होगा

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर 31 अक्टूबर को एक भव्य पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह पदयात्रा जनपद के ग्राम, ब्लॉक और जिला स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला का हिस्सा होगी। उत्तर प्रदेश शासन के मुख्य सचिव, युवा कल्याण विभाग, तथा भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के सचिव के निर्देशों के अनुपालन में यह आयोजन किया जा रहा है।



जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने रन फॉर यूनिटी÷ के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के लिए व्यापक पूर्व-कार्यक्रम गतिविधियों के आयोजन के निर्देश दिए हैं। इन कार्यक्रमों में 26 अक्टूबर को ब्लॉक स्तर पर पेंटिंग प्रतियोगिता, जिसके नोडल अधिकारी संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी होंगे, शामिल है। 27 अक्टूबर को प्रत्येक ब्लॉक के चयनित दो अमृत सरोवर ग्रामों में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी जिला विकास अधिकारी और जिला पंचायत राज अधिकारी को सौंपी गई है। 28 अक्टूबर को पी.एस.एम. कॉलेज में भाषण प्रतियोगिता आयोजित होगी, जिसके नोडल अधिकारी एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी होंगे। 29 अक्टूबर को ब्लॉक स्तर पर नशा मुक्ति शपथ दिलाई जाएगी, जिसके लिए जिला विद्यालय निरीक्षक और बेसिक शिक्षा अधिकारी नोडल अधिकारी होंगे। 30 अक्टूबर को मेहंदी घाट पर योग कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिसकी जिम्मेदारी राष्ट्रीय कैडेट कोर और मेरा युवा भारत को दी गई है। जिलाधिकारी ने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे सभी कार्यक्रमों को निर्धारित तिथि पर समयबद्ध और प्रभावी ढंग से संपन्न कराएँ। इसका उद्देश्य सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर एकता, सद्भाव एवं राष्ट्र निर्माण के संदेश को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुँचाना है।

# गन्ना समिति सचिव पर राजनीतिक साजिश व नियम उल्लंघन का आरोप



**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड के अध्यक्ष ने समिति के सचिव पर राजनीतिक साजिश करने व नियमावली का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। सचिव को पत्राचार कर प्रकरण से सम्बंधित स्पष्टीकरण मांगा है। समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार वर्मा ने पत्र मे कहा है कि सचिव द्वारा विगत 18 अक्टूबर को पत्रांक 204/सी के माध्यम से पांच संचालक सदस्यों के मांग पत्र 17 व 18 अक्टूबर के आधार पर 24 अक्टूबर को साढ़े ग्यारह बजे आकस्मिक बैठक बुलाई गई। बकौल समिति अध्यक्ष वीरेन्द्र, 17 अक्टूबर को वह समिति कार्यालय मे मौजूद रहे लेकिन सचिव द्वारा संचालक सदस्यों के मांगपत्र पर बैठक सम्बंधी उनसे कोई वार्ता नही की गई। अध्यक्ष ने सचिव पर बैठक एजेन्डा से सम्बंधित बिन्दु पर बगैर चर्चा किए नियम विरूद्ध बैठक बुलाये जाने सहित राजनीतिक साजिश करने व प्रबन्ध कमेटी को अस्थिर करने का प्रयास किए जाने के साथ ही साथ आदर्श कर्मचारी संहिता का उल्लंघन किये जाने का आरोप लगाया है। सचिव द्वारा बुलाई गई बैठक को अध्यक्ष द्वारा स्थगित कर दिया गया। सचिव से मांगे गये स्पष्टीकरण से सम्बंधित प्रतिलिपि जिला गन्ना अधिकारी सहायक निबंधक सहकारी गन्ना विकास समितियां, उपगन्ना आयुक्त उपनिबंधक सहकारी गन्ना विकास समितियां परिक्षेत्र अयोध्या व गन्ना आयुक्त एवं निबंधक उत्तर प्रदेश सरकारी गन्ना समितियां उ.प्र. एवं जिलाधिकारी को भेजा गया है। इस मौके पर समिति संचालक सदस्य देशराज, अरविंद वर्मा बब्लू, मनोज कुमार शुक्ला, रणजीत वर्मा आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

## अमेज़न के सहयोग से दिवाली में राशन किट वितरण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव। नवाबगंज।** सोहरामऊ में अमेज़न के सहयोग से दिवाली में राशन किट वितरण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 100 महिलाओं को सूखा राशन किट वितरित किया गया। कार्यक्रम में अमेज़न के 25 वॉलेंटियर्स उपस्थित रहे, जिन्होंने पूरे आयोजन को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित किया। दिवाली के उपलक्ष्य में प्रत्येक लाभार्थी को उपहार (गिफ्ट पैक) भी प्रदान किया गया, जिससे त्योहार की खुशी सभी तक पहुँच सके। राशन वितरण का कार्यक्रम ग्राम पंचायत सोहरामऊ परिसर में आयोजित किया गया, जहाँ सभी लाभार्थियों को बैठाकर सम्मानपूर्वक राशन प्रदान किया गया। पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। यह आयोजन अमेज़न की सामाजिक जिम्मेदारी (ष्टस्क्र) और रीड इंडिया अभियान के तहत समुदाय के सहयोग और सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय कदम रहा। कार्यक्रम में सदस्यों ने योगदान दिया अनुराज शर्मा, जय सोनी, प्रशांत कुमार, मोहम्मद रियाज, बृजेश सिंह, योगेंद्र अवस्थी, सुधांशु शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

# 5100 सौ दीपक प्रज्वलित कर सामूहिक देव दीपावली मनाई गई



**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**

उन्नाव जनपद के विकास खण्ड हसनगंज की ग्राम पंचायत सिंघनापुर के राजस्व ग्राम करसेमऊ में बने बरम बाबा मंदिर के परिसर में नशा अशिक्षा दहेज प्रथा अंधविश्वास और पाखंड जैसी कुरीतियों के प्रति जन मानस को जागृत करने और जन मानस में जागृत हो संस्कारों के दीपक आदि उद्देश्यों को लेकर सामाजिक संस्था नवयुग जन चेतना सेवा संस्थान ने गायत्री परिवार के आचार्य परमानन्द महराज की टोली के द्वारा वैदिक मंत्रोचारण के साथ 5100 सौ दीपक प्रज्वलित कर सामूहिक देव दीपावली मनाई जिसमे मोहान विधायक ब्रजेश रावत के प्रतिनिधि अरुण दीक्षित ने मुख्य अतिथि की भूमिका में ग्राम प्रधान तारावती के साथ देव पूजन कर प्रथम दीपक जलाकर देव दीपावली का शुभारम्भ किया। इसके साथ ग्राम भिखारी खेड़ा करसेमऊ सिंघनापुर बगहरी नारायणपुर सनदाना आदि आधा दर्जन ग्रामों के तीन सैकड़ा लोग इस पुनीत पावन कार्यक्रम के हिस्सा बने जिसमे संजय सोनी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विनोद कुमार वेद पाल ठाकुर प्रसाद रीना नीलम रूपा श्यामू करुणा शंकर मौर्य राधे श्याम तिवारी राम प्रकाश शुक्ला शुभम लखनऊ से विधान सभा में प्रतिवेदक अधिकारी दिनेश पाल के साथ राजोल और हर्षित पाल प्रमुख रूप से अपनी अपनी भूमिका निभायी उक्त जानकारी संस्था के संस्थापक अध्यक्ष पुत्तन लाल पाल ने दी।

# सवर्ण आयोग गठित करने की मांग, प्रदशन कर दिया ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**



सवर्ण आर्मी के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। उन्होंने राष्ट्रपति के नाम एक तीन सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपा, जिसमें सवर्ण आयोग के गठन, जातिगत आरक्षण समाप्त करने और एससी-एसटी एक्ट में सुधार या उसे खत्म करने की प्रमुख मांगें रखी गईं। सवर्ण आर्मी के जिलाध्यक्ष अमित दुबे के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता दोपहर में कलक्ट्रेट पहुंचे। यहां उन्होंने अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इसके बाद उन्होंने अतिरिक्त एसडीएम नवनीता राय को तीन सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। जिलाध्यक्ष अमित दुबे ने बताया कि सवर्णो की समस्याओं को सुनने और उनके समाधान के लिए सवर्ण आयोग का गठन किया जाना चाहिए। यह आयोग सवर्ण समुदाय के हितों की रक्षा करेगा। संगठन ने जातिगत आरक्षण को पूरी तरह समाप्त करने की भी मांग की। उनका तर्क है कि जातिगत आरक्षण के कारण सवर्ण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने में बाधा आती है और उन्हें अवसरों से वंचित होना पड़ता है। तीसरी प्रमुख मांग एससी-एसटी एक्ट में सुधार या उसे पूरी तरह से खत्म करने की है। सवर्ण आर्मी का आरोप है कि इस अधिनियम का दुरुपयोग होता है, जिससे निर्दोष लोगों को फर्जी मुकदमों में फंसाया जाता है और कई परिवार प्रभावित होते हैं। इस प्रदर्शन के दौरान देवेश द्विवेदी, चंद्रशेखर, आशीष दुबे, शिव कुमार त्रिपाठी, आदित्य दुबे, अंकित तिवारी, अमित मिश्रा, संतोष पांडेय, विकास पाठक, शशांक सिंह, मयंक शुक्ला, देवव्रत त्रिपाठी, ओम सिंह, शिवराज सिंह और मुनीम सिंह सहित कई अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# आरोपी मौलाना तौकीर के करीबी डॉ. नफीस पर एक और मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस। बरेली**

बरेली में बवाल कराने के आरोपी मौलाना तौकीर रजा खां के करीबी डॉ. नफीस के खिलाफ बुधवार को कोतवाली थाने में एक और मुकदमा दर्ज किया गया। मुकदमे में डॉ. नफीस की पत्नी फरहत बेगम भी आरोपी है। यह कार्रवाई मोहल्ला 414 साहूकारा, निकट राजो वाली मस्जिद के मूल निवासी और पीरबहोड़ा में रहने वाले मोहम्मद कमर अख्तर के प्रार्थना पत्र पर की गई है। मामला वक्फ संपत्ति के फर्जी गिफ्ट डीड बनवाने और उस पर काबिज होने से संबंधित है। कोतवाली थानाध्यक्ष अमित कुमार पांडेय ने बताया कि शहर में 26 सितंबर को हुए बवाल को लेकर मौलाना तौकीर और उसकी पार्टी के महासचिव व प्रवक्ता डॉ. नफीस सहित अन्य आरोपी जेल में बंद हैं। मोहम्मद कमर अख्तर ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र दिया था। उन्होंने एसएसपी को बताया कि उसकी दादी नन्हों कुजडी का बमनपुरी स्थित वक्फ संख्या 26-ए में करीब 95 वर्ग गज का मकान बना हुआ था।

# अवैध कब्जों पर चल सकता है नगर निगम का बुलडोजर, कई मकानों पर लगाया गया है निशान

**जन एक्सप्रेस। बरेली**



बरेली में तालाब और स्कूल की जमीन के अवैध कब्जों पर नगर निगम का बुलडोजर चल सकता है। डेलापीर और महेशपुर ठाकुरान में तालाब और शाहबाद में स्कूल की जमीन पर बनाए गए मकान हटाए जाने हैं। इसके लिए तैयारी शुरू हो गई है। नगर निगम ने तालाब और स्कूल की जमीन पर अवैध कब्जे हटाने के लिए 10 अक्तूबर को नोटिस में दिए थे। कब्जेदारों को कब्जे खुद हटाने के लिए 15 दिन का समय दिया गया था। यह अवधि 24 अक्तूबर को खत्म हो रही है। अहम बात यह कि अभी तक किसी ने कब्जा खुद नहीं हटाया है। इस हिसाब से 25 अक्तूबर के बाद से किसी भी दिन नगर निगम का बुलडोजर अवैध कब्जे गिरा सकता है। अतिक्रमण प्रभारी राजवीर सिंह ने कहा कि जैसे ही अधिकारियों के निर्देश मिलेंगे वैसे ही कार्रवाई करेंगे। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने कहा कि अवैध निर्माण पर कार्रवाई पहले से जारी है। जो कब्जे चिह्नित हैं उन्हें हटाया जाएगा। शहर में बवाल के बाद अवैध निर्माण पर बीडीए और नगर निगम ने कार्रवाई का शिकंजा कसा है। मानचित्र स्वीकृत कराए बिना बनाने गए मकान और मार्केट सील किए गए हैं। फाइक एन्क्लेव के दो मकानों के निर्माण को अवैध बताकर बीडीए ने बारादरी पुलिस के जरिए नोटिस भेजे थे। यह मकान 13 अक्तूबर तक खाली कराए जाने थे, लेकिन अभी खाली नहीं हुए। त्योहारी अवकाश खत्म हो गया हहै। अब इन दोनों को सील किया जा सकता है। इसके अलावा कुछ अवैध निर्माण ध्वस्त करने की प्रक्रिया भी

## बरेली में भी बिखरेगी आस्था के महापर्व की छटा

**जन एक्सप्रेस। बरेली।** सूर्य उपासना के महापर्व छठ की शुरुआत 25 अक्तूबर को नहाय-खाय से होगी। भगवान सूर्य और छठी मैया को समर्पित महापर्व छठ हर वर्ष कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी को मनाया जाता है। इस बार यह पूजा 25 से शुरू होगी, जो 28 अक्तूबर को अर्घ्य देने के साथ समाप्त होगी। इस दौरान महिलाएं बच्चों के स्वास्थ्य, सफलता और दीर्घायु के लिए 36 घंटे उपवास करती हैं। उत्सव के अवसर पर शहर में तमाम जगहों पर दिनभर महिलाएं तैयारियों में जुटी रहीं। छठ पूजा के लिए कैंट स्थित धोपेश्वर नाथ मंदिर के सरोवर में विशेष तैयारियां चल रही हैं। छठ पूजा के लिए रोशनी और साफ सफाई कराई जा रही है।

# पंच दीपोत्सव में बाजार पर बरसी मां लक्ष्मी की कृपा

**जन एक्सप्रेस। बरेली**

बरेली में पंच दीपोत्सव का पर्व व्यापारियों के लिए प्रकाश लेकर आया। इस दौरान जिले में 1400 करोड़ का कारोबार हुआ। धनतेरस से शुरू हुआ पंच पर्व बृहस्पतिवार को भाई दूज के साथ संपन्न हो गया। व्यापारियों के अनुसार यह पर्व उनके लिए कारोबार के लिहाज से अच्छा साबित हुआ।

सराफा कारोबारियों के अनुसार इस बार सोने महंगा होने के बाद भी ग्राहकों ने धनतेरस से लेकर भाई दूज तक सोने व चांदी के आभूषणों की जमकर खरीदारी की। इस बार बाजार में कम वजन के सोने व चांदी के जेवर जमकर बिके। वहीं युवतियों ने भी नग आदि लगे आभूषण खरीदे। इसी के साथ ऑटो मोबाइल सेक्टर भी पांच दिनों में करीब 1000 कारों व 3500 से अधिक बाइकों की बिक्री का अनुमान है।

ऑटो मोबाइल सेक्टर में इस बार एक्सयूवी कारों की धूम रही। ग्राहकों को जीएसटी कम होने का फायदा भी मिला। पांच लाख रुपये की कारों पर करीब एक लाख रुपये तक लोगों के बचे। मिठाई, पटाखा, इलेक्ट्रॉनिक, किराना, कपड़ा, पटाखे समेत अन्य सेगमेंट भी गुलजार रहे।

पंच पर्व पर बाजार में लोगों ने जमकर खरीदारी की। ग्राहकों की आमद से बाजार गुलजार रहा। 1400 करोड़ों का कारोबार होने से व्यापार पर सकारात्मक असर हुआ है। ऑटो मोबाइल सेक्टर में इस बार बूम रहा। कारों से लेकर बाइक तक की जमकर बिक्री हुई। ग्राहकों ने सुरक्षा को प्राथमिकता दी। ज्यादा एयर बैग वाली कार खूब बिकी। इस बार पांच दिन काम अच्छा रहा। धनतेरस के बाद भाई दूज पर ग्राहकों ने सोने चांदी की खरीदारी करी। दाम महंगा होने के चलते हल्के जेवर खूब बिके।

# महिलाएं आज भारत की प्रगति की प्रेरक शक्ति बन चुकी हैं: द्रौपदी मुर्मू

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोच्चि**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए महिलाओं की सक्रिय भागीदारी बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि देश तभी अपनी जनसंख्या शक्ति का पूरा लाभ उठा सकेगा, जब महिलाएं हर क्षेत्र में नेतृत्व की भूमिका निभाएं। राष्ट्रपति मुर्मू कोच्चि में सेंट टेरेसा कॉलेज के शताब्दी समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के नेतृत्व वाला समाज न केवल अधिक संवेदनशील होगा बल्कि अधिक दक्ष भी साबित होगा।

### महिलाओं की भागीदारी पर जोर

राष्ट्रपति मुर्मू ने बताया कि पिछले दस वर्षों में जेंडर बजट आवंटन साढ़े चार गुना बढ़ा है और महिला-नेतृत्व वाले एमएसएमई सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम की संख्या 2011 से 2024 के बीच लगभग दोगुनी हो गई है। उन्होंने कहा, विकसित भारत 2047 के विजन को पूरा करने के प्रमुख स्तंभों में से एक है 70 प्रतिशत महिला कार्यबल की भागीदारी सुनिश्चित करना। कई सामाजिक और आर्थिक वर्गों की महिलाएं आज भारत की प्रगति की प्रेरक शक्ति बन चुकी हैं।

### केरल की अग्रणी महिला शख्सियतें

राष्ट्रपति ने केरल की उन महिलाओं का भी उल्लेख किया जिन्होंने देश के न्यायिक इतिहास में नई राहें खोलीं। उन्होंने कहा, भारत की पहली महिला हाई कोर्ट जज न्यायमूर्ति अन्ना चांडी थीं। वहीं न्यायमूर्ति एम. फातिमा बीवी ने 1989 में सर्वोच्च न्यायालय की पहली महिला जज बनकर इतिहास रचा।

### राष्ट्रपति ने दी केरल की मिसाल

राष्ट्रपति ने कहा कि केरल का लैंगिक अनुपात देश में सबसे बेहतर है, और इसे अन्य राज्यों की तरफ से अपनाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता से पहले ही केरल की महिलाओं ने देश के संविधान निर्माण में उल्लेखनीय योगदान दिया था। उन्होंने बताया कि केरल की तीन महिलाएं- अम्मू स्वामीनाथन, एनी मास्करेन और दक्षायनी वेलायुधन- संविधान सभा की 15 महिला सदस्यों में शामिल थीं। इन तीनों ने मौलिक अधिकारों, सामाजिक न्याय और लैंगिक समानता जैसे अहम मुद्दों पर गहरी छाप छोड़ी। उन्होंने आगे कहा, जैसा कि अम्मू स्वामीनाथन ने कल्पना की थी, आज यह देखकर खुशी होती है कि भारतीय महिलाएं राष्ट्र-निर्माण में प्रमुख जिम्मेदारियां निभा रही हैं।

### कॉलेज की सराहना

राष्ट्रपति मुर्मू ने सेंट टेरेसा कॉलेज की छात्राओं को युवा, जीवंत और उभरते भारत का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि कॉलेज की पूर्व छात्राएं देश के विकास में सकारात्मक योगदान दे रही हैं। राष्ट्रपति ने कॉलेज की समुदाय सेवा पहलों की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा, यह जानकर खुशी हुई कि कॉलेज समुदाय सादगी से जीवन जीने और वंचितों की सेवा में विश्वास रखता है। बाढ़ राहत शिविरों में छात्राओं की निस्वार्थ सेवा वास्तव में प्रेरणादायक है।

### शिक्षा और सतत विकास पर जोर

इस दौरान राष्ट्रपति ने कॉलेज की तरफ से शुरू किए गए शिक्षा के माध्यम से स्थिरता, नेतृत्व और एजेंसी- एसएलएटीई स्लेट प्रोजेक्ट की सराहना की, जिसका उद्देश्य शिक्षा के माध्यम से सतत विकास, नेतृत्व और सामाजिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि इस पहल से कॉलेज ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एनईपी 2020 के लक्ष्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कॉलेज के रेडियो कोच्चि 90 एफएम जैसे सामुदायिक संचार प्रयासों की भी तारीफ की, जो स्थानीय स्तर पर लोगों की भागीदारी बढ़ाने का माध्यम बने हैं।

### युवतियों के लिए राष्ट्रपति का संदेश

राष्ट्रपति ने छात्राओं से कहा कि वे अपने जीवन के फैसले साहस और स्पष्टता के साथ लें, और ऐसे रास्ते चुनें जो उनके जुनून और क्षमता को अभिव्यक्त करें। उन्होंने कहा, महिला नेतृत्व वाला समाज अधिक मानवीय और प्रभावी होता है। मुझे उम्मीद है कि आप सभी अपने कार्यक्षेत्रों में महिला-नेतृत्व वाले विकास की शक्ति को प्रदर्शित करेंगी।

# आतंक के पीड़ित और गुनहगार एक नहीं...



**'आतंकवाद के पीड़ितों और गुनहगारों को एक तराजू में तोलना न केवल अन्याय है'**

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

संयुक्त राष्ट्र की 80वीं वर्षगांठ पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को पाकिस्तान पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के पीड़ितों और गुनहगारों को एक तराजू में तोलना न केवल अन्याय है, बल्कि वैश्विक व्यवस्था के लिए खतरा भी है। जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र की निष्क्रियता पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब कोई सदस्य देश आतंकवादियों की रक्षा करता है, तब बहुपक्षीयता की विश्वसनीयता पर गंभीर आंच आती है। जयशंकर ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र की वर्तमान कार्यप्रणाली जमाव की स्थिति में है और सुधार की प्रक्रिया खुद ही सुधार के रास्ते में बाधा बन चुकी है। उन्होंने कहा कि जब पहलगाम जैसे जघन्य आतंकी हमले की जिम्मेदारी लेने वाले संगठन को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में एक सदस्य देश खुलकर बचाता है, तो यह संस्था की विश्वसनीयता पर बड़ा प्रश्नचिह्न लगाता है। यह सीधा संकेत पाकिस्तान की ओर था, जिसने आतंकवादी संगठन टीआरएफ के नाम को यूएनएससी बयान से हटाने की कोशिश की थी।

### पाकिस्तान की भूमिका और जयशंकर की प्रतिक्रिया

विदेश मंत्री ने कहा कि अगर आतंकवाद के पीड़ितों और गुनहगारों को वैश्विक रणनीति के नाम पर बराबरी पर रखा जा रहा है, तो यह दुनिया की सबसे बड़ी विडंबना है। उन्होंने आगे यह भी जोड़ा कि जब खुद-घोषित आतंकियों को प्रतिबंध सूची में शामिल होने से बचाया जाता है, तो यह साफ हो जाता है कि कुछ देश आतंकवाद के खिलाफ सच्चे नहीं हैं। जयशंकर ने इस बात पर जोर दिया कि ऐसे रवैये से आतंकवाद को बढ़ावा मिलता है और वैश्विक सुरक्षा व्यवस्था कमजोर होती है। जयशंकर ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र की बहसें अब अत्यधिक ध्रुवीकृत हो गई हैं और उसकी कार्यप्रणाली स्पष्ट रूप से जाम हो गई है। किसी भी सार्थक सुधार को सुधार प्रक्रिया के नाम पर ही रोका जा रहा है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखना केवल 'औपचारिकता' बनकर रह गया है, जबकि विकास और आर्थिक प्रगति का संकट और गहराता जा रहा है।

### जयशंकर की उम्मीद और संदेश

फिर भी जयशंकर ने कहा कि इतने बड़े अवसर पर हमें उम्मीद नहीं छोड़नी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र चाहे कितना भी त्रुटिपूर्ण क्यों न हो, इस कठिन समय में इसे मजबूत बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि एसडीजी एजेंडा 2030 की धीमी प्रगति यह दर्शाती है कि ग्लोबल साउथ कितनी गंभीर स्थिति में है। व्यापार, सप्लाई चेन निर्भरता और राजनीतिक नियंत्रण जैसे कई क्षेत्र संकट में हैं, और इन्हें संतुलित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र को खुद को पुनर्गठित करना ही होगा।

# प्रशिक्षण प्रणाली में बड़े बदलाव की जरूरत

## वायुसेना प्रमुख बोले, आधुनिक युग में हर वक्त तैयार रहना होगा



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

बंगलूरू भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा है कि बदलती वैश्विक परिस्थितियों और नई तकनीकों के दौर में सेना को हर समय तैयार और सक्षम बनाए रखने के लिए प्रशिक्षण प्रणाली में बड़े बदलाव की जरूरत है। वे शुक्रवार को बंगलूरू स्थित मुख्यालय प्रशिक्षण कमान में आयोजित ट्रेनिंग कमांड कमांडर्स कॉफ्रेंस 2025 की अध्यक्षता कर रहे थे। यह सम्मेलन 23 और 24 अक्तूबर को हुआ, जिसमें वायुसेना के सभी प्रशिक्षण प्रतिष्ठानों के कमांडर शामिल हुए।

### वैश्विक खतरे और नई तकनीकें तेजी से बदल रही हैं

वायुसेना की ओर से जारी बयान के अनुसार, इस सम्मेलन में प्रशिक्षण दर्शन में बदलाव, बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण, और प्रशिक्षण पद्धतियों को नए परिचालन जरूरतों के अनुरूप ढालने जैसे कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा कि वैश्विक खतरे और नई तकनीकें तेजी से बदल रही हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन चुनौतियों का सामना करने के लिए वायुसेना की प्रणाली को लचीला, आधुनिक और तकनीक आधारित बनाया जाना चाहिए।

### एपी सिंह ने सभी प्रशिक्षण केंद्रों के प्रदर्शन की समीक्षा की

इस सम्मेलन में उन्होंने सभी प्रशिक्षण केंद्रों के प्रदर्शन की समीक्षा भी की। उन्होंने अब तक की उपलब्धियों की सराहना करते हुए यह भी बताया कि कुछ क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता है। उनका कहना था कि प्रशिक्षण केवल कौशल बढ़ाने का साधन नहीं है, बल्कि यह सेना की तैयारियों, मानसिक दृढ़ता और रणनीतिक सोच को विकसित करने का प्रमुख माध्यम है। इस कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्टेशनों को ट्रॉफी और सम्मान भी दिया गया। इस वर्ष प्राइड ऑफ द ट्रेनिंग कमांड ट्रॉफी एयर फोर्स अकादमी को प्रदान की गई। अकादमी ने संचालन, रखरखाव और प्रशासन के क्षेत्रों में बेहतरीन प्रदर्शन किया।

### सम्मेलन में वायुसेना की तैयारियों समेत मुद्दों पर चर्चा

इस बैठक का उद्देश्य वायुसेना की प्रशिक्षण प्रणालियों को वैश्विक मानकों के अनुरूप लाना, नई तकनीकों को शामिल करना और सैनिकों को हर प्रकार के मिशन के लिए तैयार करना बताया गया। एयर चीफ मार्शल सिंह ने इस सम्मेलन में यह भी कहा कि प्रशिक्षण में नवाचार और आधुनिक तकनीक अपनाना अब अनिवार्य है, ताकि वायुसेना की दक्षता और युद्धक क्षमता लगातार बढ़ती रहे। इस दो दिवसीय सम्मेलन में वायुसेना की रणनीतिक तैयारियों, आधुनिक प्रशिक्षण उपकरणों और तकनीकी सुधारों पर विस्तार से चर्चा हुई। अधिकारियों ने भविष्य की चुनौतियों के लिए प्रशिक्षण योजनाओं को और प्रभावी बनाने पर ध्यान केंद्रित किया।

# महिला डॉक्टर ने हथेली पर सुसाइड नोट लिख की आत्महत्या, दो पुलिसकर्मियों पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**



महाराष्ट्र के सतारा जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। फलटन तहसील के सरकारी अस्पताल में कार्यरत एक महिला डॉक्टर ने आत्महत्या कर ली। डॉक्टर ने अपनी हथेली में सुसाइड नोट लिख दो पुलिसकर्मियों पर दुष्कर्म और मानसिक उत्पीड़न का गंभीर आरोप लगाया है। यह मामला सामने आते ही पूरे राज्य में सनसनी फैल गई। पुलिस के अनुसार, महिला डॉक्टर का शव गुरुवार देर रात फलटन स्थित एक होटल के कमरे में फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला। होटल स्टाफ की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की। मृतका मूल रूप से बीड जिले की रहने वाली थी और पिछले कुछ महीनों से फलटन के सरकारी अस्पताल में कार्यरत थी। महिला डॉक्टर ने अपने सुसाइड नोट में लिखा कि सतारा पुलिस के दो कर्मियों ने उसे पिछले पांच महीनों से शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। उसने अपने हाथ पर लिखे सुसाइड नोट में बताया कि उपनिरीक्षक गोपाल बडाने ने कई बार उसका दुष्कर्म किया, जबकि पुलिसकर्मी प्रशांत बंकर लगातार मानसिक उत्पीड़न करता रहा। पुलिस ने दोनों के खिलाफ बलात्कार और आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और सुसाइड नोट में दर्ज आरोपों की जांच की जा रही है।

### मुख्यमंत्री का हस्तक्षेप और कार्रवाई के आदेश

मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने तुरंत सतारा के पुलिस अधीक्षक से बात की और दोनों आरोपी पुलिसकर्मियों के तत्काल निलंबन का आदेश दिया। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि फडणवीस ने गृह विभाग के प्रमुख के तौर पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं ताकि दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा न जाए।

### महिला आयोग भी हुआ सक्रिय


घटना पर महाराष्ट्र राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रूपाली चाकणकर ने भी संज्ञान लिया है। उन्होंने कहा कि आयोग ने सतारा पुलिस को कड़े निर्देश जारी किए हैं और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं। चाकणकर ने कहा कि इस अमानवीय घटना में शामिल किसी भी व्यक्ति को छोड़ा नहीं जाएगा। महिला की मौत को न्याय मिलेगा। वहीं, मामले में महिला डॉक्टर के चचेरे भाई ने कहा कि मेरी बहन पर गलत पोस्टमार्टम रिपोर्ट देने के लिए पुलिस और राजनीतिक दबाव बनाया जा रहा था। उसने इसकी शिकायत करने की कोशिश की थी। मेरी बहन को न्याय मिलना चाहिए। आरोपियों को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए।

### आरोपियों को सलाखों के पीछे डाला जाना चाहिए: शिवसेना

शिवसेना (यूबीटी) नेता आनंद दुबे ने मामले पर कहा कि यह दिल दहला देने वाली घटना है... क्या हम जंगल राज की ओर बढ़ रहे हैं? हम देवेंद्र फडणवीस से अनुरोध करते हैं कि वे अपने मंत्रियों से कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति के बारे में पूछताछ करें। साथ ही सुनिश्चित करें कि भविष्य में ऐसी घटनाएं नहीं होनी चाहिए। आरोपियों को सलाखों के पीछे डाला जाना चाहिए। पूरे राज्य में अपराध हो रहे हैं।

# बंगाल की खाड़ी में चक्रवात तूफान उठने की आशंका

## तमिलनाडु में तीन दिन तक भारी बारिश का अलर्ट



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने चेतावनी दी है कि बंगाल की खाड़ी में बना कम दबाव अगले कुछ दिनों में तेजी से गहराता हुआ चक्रवाती तूफान में बदल सकता है। विभाग के अनुसार यह सिस्टम 27 अक्तूबर की सुबह तक चक्रवाती रूप ले सकता है। इसके असर से तमिलनाडु समेत दक्षिण भारत के कई तटीय इलाकों में अगले तीन दिनों तक भारी बारिश और तेज़ हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। आईएमडी ने बताया कि यह कम दबाव दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना हुआ है और फिलहाल पश्चिम-उत्तर दिशा में धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा है। मौसम विभाग के बुलेटिन के मुताबिक, यह सिस्टम 25 अक्तूबर को डिप्रेशन, 26 अक्तूबर को डीप डिप्रेशन और 27 अक्तूबर की सुबह तक चक्रवाती तूफान का रूप ले सकता है। यह चक्रवात दक्षिण-पश्चिम और मध्य-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने रहने की संभावना है।

### बारिश का दौर जारी

तमिलनाडु में सक्रिय उत्तर-पूर्वी मानसून के चलते पिछले 24 घंटों में कई इलाकों में भारी बारिश दर्ज की गई है। तिरुवल्लूर जिले के पल्लिपट्टू में सबसे ज़्यादा 15 सेंटीमीटर, तिरुनेलवेली के नालुमुक्कू में 12 सेंटीमीटर और कांचीपुरम जिले के श्रीपेरंबदूर में एक सेंटीमीटर बारिश दर्ज की गई। आईएमडी ने बताया कि यह कम दबाव ऊपरी हवा के चक्रवाती प्रवाह के कारण बना है जो शुक्रवार सुबह सक्रिय हुआ।

### किन-किन जिलों में अलर्ट?

आईएमडी ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में 28 अक्तूबर तक हल्की से मध्यम बारिश के साथ बिजली और गरज के साथ छींटे पड़ सकते हैं। कडलोर, पुडुचेरी, विलुप्पुरम और चेंगलपट्टू जिलों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना जताई गई है। वहीं तटीय इलाकों में मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है क्योंकि अगले 48 घंटों में समुद्र में लहरें ऊंची उठ सकती हैं।

### चेन्नई में मौसम का हाल

राजधानी चेन्नई और आसपास के जिलों में आसमान आंशिक रूप से बादलों से घिरा रहेगा। अगले 24 से 48 घंटों में एक-दो बार हल्की से मध्यम बारिश और बिजली चमकने की संभावना है। अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 24 से 25 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। मौसम विभाग ने कहा कि अगले तीन दिनों तक लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता है क्योंकि सिस्टम के मजबूत होने पर तेज़ हवाएं और भारी वर्षा की स्थिति बन सकती है।

# आईटीबीपी 64वां स्थापना दिवस: अमित शाह-भजनलाल शर्मा ने जवानों को दी बधाई

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली।** भारत और तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) का 64वां स्थापना दिवस है। इस मौके पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को आईटीबीपी के 64वें स्थापना दिवस पर जवानों को बधाई दी। शाह ने 'हिमवीरों' की कठिन पहाड़ी और कठोर जलवायु में देश की रक्षा के लिए अदम्य साहस और समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि आईटीबीपी ने साहस और प्रतिबद्धता में शानदार मिसाल कायम की है और जिन्होंने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी, उन्हें नमन किया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आईटीबीपी के जवानों के साहस और समर्पण की तारीफ की। साथ ही कहा कि उन्होंने शानदार मिसालें कायम की हैं और देश के लिए अपनी जान देने वाले जवानों को श्रद्धांजलि दी।

# भारत जल्दबाजी में या बंदूक की नोंक पर व्यापार समझौते नहीं करता: गोयल

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत जल्दबाजी में या बंदूक की नोक पर व्यापार समझौते नहीं करता। उन्होंने कहा कि भारत यूरोपीय संघ (ईयू) और अमेरिका सहित अन्य देशों व क्षेत्रों के साथ व्यापार समझौतों पर सक्रिय रूप से बातचीत कर रहा है। जर्मनी में आयोजित बर्लिन डायलॉग के दौरान बोलते हुए पीयूष गोयल ने कहा कहा, हम यूरोपीय संघ के साथ सक्रिय बातचीत कर रहे हैं। हम अमेरिका से बात कर रहे हैं, लेकिन हम जल्दबाजी में कोई समझौता नहीं करते और न ही हम कोई समय सीमा तय करके या बंदूक की नोंक पर कोई समझौता करते हैं। बर्लिन ग्लोबल डायलॉग में बोलते हुए पीयूष गोयल ने इस बात पर जोर दिया कि व्यापार समझौते केवल टैरिफ या बाजार पहुंच के बारे में नहीं हैं, बल्कि विश्वास, दीर्घकालिक संबंधों का निर्माण करने और वैश्विक व्यापार सहयोग के लिए स्थायी ढांचे का निर्माण करने के बारे में हैं। भारत यूरोपीय संघ के साथ लंबे समय से लंबित मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहा है, जिसमें बाजार पहुंच, पर्यावरण मानकों और उत्पादन के नियमों पर मतभेद बने हुए हैं। गोयल ने कहा है कि नई दिल्ली व्यापार समझौतों में एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाएगी। उन्होंने कहा, भारत जल्दबाजी में किसी भी व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर नहीं करेगा। पीयूष गोयल डॉयलॉग में भाग लेने के लिए फिलहाल बर्लिन में हैं। उन्होंने कहा कि व्यापार समझौते को दीर्घकालिक परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत कभी भी जल्दबाजी में या तात्कालिक आवेश में निर्णय नहीं लेता। उन्होंने कहा कि भारत जरूरत से अधिक टैरिफ से निपटने के लिए नए बाजारों की तलाश कर रहा है। गोयल ने कहा, मुझे नहीं लगता कि भारत ने कभी भी राष्ट्रीय हित के अलावा किसी अन्य आधार पर यह निर्णय लिया है कि उसके मित्र कौन होंगे।

# सबरीमाला मामले में सबूत जुटा रही एसआईटी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। तिरुवनंतपुरम**

सबरीमाला मंदिर से सोने के गायब होने की जांच कर रही विशेष जांच टीम शुक्रवार को सबूत इकट्ठा करने के लिए मुख्य आरोपी उन्नीकृष्णन पोट्टी को बंगलूरू ले गई। एसआईटी स्ब्ह्ज्ञ टीम, पोट्टी के साथ, सुबह-सुबह तिरुवनंतपुरम में क्राइम ब्रांच ऑफिस से सड़क के रास्ते बेंगलुरु के लिए रवाना हुई। पोट्टी को बंगलूरू के बाद चेन्नई और हैदराबाद भी ले जा सकती है। मजिस्ट्रेट अदालत ने 30 अक्तूबर तक एसआईटी को पोट्टी की हिरासत सौंपी है। जांच में पता चला है कि साल 2019 में त्रावणकोर देवास्वम बोर्ड ने सबरीमाला मंदिर के द्वारपालकों की सोने की परत चढ़ी प्लेटें उन्नीकृष्णन पोट्टी को इलेक्ट्रोप्लेटिंग के लिए दी थीं। आरोप है कि चेन्नई की एक फर्म में प्लेटों की इलेक्ट्रोप्लेटिंग करवाने के बाद, उसने कथित तौर पर बिना इजाजत के इन प्लेटों को चेन्नई, बंगलूरू और केरल में अलग-अलग जगहों पर दिखाया।

# गाजियाबाद में वित्त मंत्री ने किया सीजीएसटी भवन का उद्घाटन





**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

केंद्र सरकार करदाताओं की सुविधा के लिए लगातार प्रयासरत है। देश भर में केंद्र सरकार जनता के हितों लिए बहुआयामी योजनाएं चला रही है। इसके साथ ही करो में राहत भी दे रही है। जो जनता के लाभदायक है। इसी क्रम में पारदर्शी व्यवस्था बनाने की दिशा में यह सीजीएसटी भवन एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। यह बातें केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को गाज़ियाबाद में कमला नेहरू नगर स्थित नवनिर्मित केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) भवन का विधिवत उद्घाटन करते हुए कहा। वित्त मंत्री ने कहा कि इस वर्ष 6.05 लाख करोड़ रुपए की बिक्री दर्ज किया गया है। जो पिछली दीपावली के सापेक्ष 25 प्रतिशत अधिक है। वस्तुओं पर 5.4 लाख करोड़ रुपए और सेवाओं पर 65000 करोड़ खर्च हुए। जो अब तक का सबसे बड़ा दीपावली व्यापार है। इस अवसर पर सीबीआईसी चेयरमैन संजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि 2021 के सीजीएसटी की नई इमारत की नींव रखी गई थी। जिसके बाद आज यह लोकार्पित हुआ है। आधुनिक डिजाईन ने इसको और प्रमुख बनाया है। जिसके कारण पांच सितारा रैंकिंग भी मिली है। गाज़ियाबाद के कमला नेहरू नगर क्षेत्र में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को नए ष्ब्ळैज्ञ भवन का उद्घाटन के बाद आधुनिक सुविधाओं से लैस इस भवन के निर्माण से क्षेत्र में कर प्रशासन की कार्यप्रणाली को और अधिक सुगम व पारदर्शी बनाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। विधि विधान से पूजन करने के बाद उन्होने भवन परिसर का निरीक्षण भी किया और अधिकारियों से कार्यप्रणाली की जानकारी ली। इस मौके पर जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मादंड़ और नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक सहित प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की टीम उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक: अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादक: अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादक: इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोट: सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)